आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* सिविल सेवा दिवस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 95 | उज्जैन, मंगलवार 21 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### यात्री बोले- तेज रफ्तार बस का टायर फटा, ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका; 100 मीटर नीचे गिरी

# जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा, 21 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ उधमपुर

जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका। और बस सड़क से नीचे गिर गई। हादसे में बस का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। घायलों का इलाज ऋद्वउ ऊधमपुर में किया जा रहा है। इधर, पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है।





### यात्री बोले- बस तेज रफ्तार में थी, टायर फटने से कंट्रोल छूटा

हादसे वाली जगह पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे की वजह बस का ओवरलोड और तेज रफ्तार होना था। घायल यात्रियों से पूछा गया तो वे बोले कि ड्राइवर बहुत तेज बस चला रहा था। बस का टायर फटने से वह स्पीड कंट्रोल नहीं कर सका। जिसके कारण वह करीब 100 मीटर की ऊंचाई से गिर गई। बस नीचे सड़क पर उलटी गिरने से पहले एक ऑटो-रिक्शा को कुचलती हुई गई। अधिकारियों ने बताया कि ऑटो-रिक्शा में सवार लोगों को चोटें आईं, लेकिन वे बच गए। हादसे के बाद उसी रास्ते से गुजर रहे सेना के एक काफिले ने बचाव अभियान की कमान संभाली।

### केंद्रीय मंत्री डॉ.सिंह ने जताया दुख

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने उपायुक्त ऊधमपुर से बात कर स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया है और गंभीर घायलों को एयरलिफ्ट करने की भी व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में डीएसपी ट्रैफिक पंकज सूदन ने बताया कि हादसा गंभीर है और पुलिस-प्रशासन की टीमें मौके पर अभियान चला रही हैं। मृतकों और घायलों की सटीक संख्या का अभी पता लगाया जा रहा है। वहीं पीसीआर ऊधमपुर के मुताबिक मृतकों का स्पष्ट आंकड़ा नहीं है, मगर यह संख्या 10 से अधिक है।

## देश विदेश


### जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान में सोमवार दोपहर 1:23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 10 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी ने इवाते, होक्काइडो और आओमोरी के तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के बाद इवाते पर करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं। प्रशासन ने तटीय इलाकों को खाली कराना शुरू कर दिया है और लोगों को समुद्र तट व नदियों से दूर रहने तथा तुरंत ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी है। राहत एजेंसियां लगातार हालात पर नजर रख रही हैं।

### अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 लोगों की हत्या की

**लुइसियाना।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है। सीएनएन के मुताबिक यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असॉल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। श्रेवेपोर्ट पुलिस के मुताबिक मारे गए बच्चों में तीन लड़के और पांच लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच थी। इनमें सात सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था।

### पैन इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म



### ह्यमैसाह्न के लिए मार्शल आट्र्स की ट्रेनिंग ले रही हैं रश्मिका

मुंबई। रश्मिका मंदाना अपनी आने वाली पैन इंडिया एक्शन ड्रामा फिल्म मैसा के लिए लगातार तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म में वह एक गोंड आदिवासी लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो उनके लिए इमोशनली और फिजिकली बेहद चैलेंजिंग रोल है। इसके एक्शन को असली और प्रभावशाली बनाने के लिए इंटरनेशनल स्टंट डायरेक्टर एंडी लॉन्ग भी इस प्रोजेक्ट से जुड़े हैं।

रश्मिका ने अपने किरदार को बेहतर ढंग से निभाने के लिए बैंकॉक में एक इंटेंस मार्शल आट्र्स और स्टंट बूटकैंप जॉइन किया है। यहां वह रोज लगभग 8 घंटे ट्रेनिंग कर रही हैं, जिसमें हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट, एडवांस स्टंट तकनीक और हाई-स्पीड एक्शन कोऑर्डिनेशन शामिल है। उनकी ट्रेनिंग की तस्वीरों में उनका बिल्कुल नया और फोकस्ड अवतार देखने को मिल रहा है, जो उनके अब तक के सॉफ्ट रोल्स से काफी अलग है। टीम जल्द ही केरल में फिल्म का 16 दिनों का महत्वपूर्ण एक्शन शेड्यूल शुरू करने वाली है। यह शेड्यूल फिल्म के सबसे मुश्किल हिस्सों में से एक माना जा रहा है। रश्मिका की मौजूदा ट्रेनिंग इसी के लिए उन्हें तैयार कर रही है। फिल्म का निर्देशन डेब्यू डायरेक्टर रविंद्र पुल्ले कर रहे हैं और इसे अनफॉमूर्ला फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है।

### रोहतक में लेडीज संगीत में डांस करने पर महिला की हत्या

**रोहतक।** रोहतक में जेठ ने दरात से काटकर अपने छोटे भाई की पत्नी की हत्या कर दी। महिला पड़ोसियों के यहां लेडीज संगीत पर गई थी। वहां उसे डांस करता देख जेठ भड़क गया। जैसे ही वह घर आई तो उसने दरात से हमला किया। उसने सिर, मुंह, छाती, हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों पर वार किए। हमला करने के बाद जेठ फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। महिला के मायके वालों की तरफ से पुलिस को शिकायत दी गई है। मृतका के भाई का आरोप है कि बहन के ससुरालवालों को पिछले महीने भात में जाना था। जेठ ने बहन को धमकी दी थी कि तू वहां गई जो जान से मार देंगे। इसके बाद भी वह चली गई। इसी रंजिश में ससुरालवालों ने उसकी हत्या की है।

### होर्मुज पर 2 भारतीय जहाजों पर ईरान की फायरिंग

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट से कच्चा तेल और गैस लेकर भारत आ रहे दो जहाजों पर ईरान ने शनिवार दोपहर गोलीबारी कर दी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत आ रहे 14 जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट पार करने से ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने रोक दिया। फायरिंग के बाद 13 जहाज फारस की खाड़ी में अलग-अलग जगहों पर वापस लौट गए। एक जहाज में गोलियां भी लगी, जबकि एक जहाज स्ट्रेट पार करने में सफल रहा। घटना के बाद भारत के विदेश मंत्रालय ने भारत में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फथअली को तलब करके विरोध जताया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि ईरान पहले भी भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देता रहा है, इसलिए जल्द ही जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू कराई जाए।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ से बात की

# होर्मुज पर नाकाबंदी रही तो बातचीत मुश्किल

## चीनी राष्ट्रपति बोले- होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बनी रहे

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक, ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे।

सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई। आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दरअसल, अमेरिका ने ईरान के पास समुद्र में नाकेबंदी कर रखी है।



इससे नाराज होकर ईरान ने शनिवार को होर्मुज को बंद कर दिया था। अमेरिका और ईरान के तनाव बढ़ने की वजह ट्रम्प की ईरान को धमकी और ईरानी जहाज ह्यटूस्काह्न को कब्जे में लेना है। इसे लेकर ईरान ने नाराजगी जताई और इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे।

### अमेरिका-ईरान की बातचीत पर सस्पेंस


होर्मुज में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी सीजफायर के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता साइन हो जाए, जिससे सीजफायर आगे बढ़ सके।

### लेबनान बोला- इजराइल से बातचीत ईरान विवाद से अलग

लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा है कि इजराइल के साथ चल रही वार्ता को ईरान से जुड़े संघर्ष से अलग रखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश के सामने दो ही विकल्प हैं या तो युद्ध जारी रहे या बातचीत के जरिए इसे खत्म कर स्थायी समाधान हासिल किया जाए। पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में लेबनान और इजराइल के राजदूतों की मुलाकात हुई, जो 40 साल से ज्यादा समय में पहली द्विपक्षीय बैठक है।

### आज प्रधानमंत्री उसका उद्घाटन करने वाले थे

## राजस्थान के बाड़मेर में बालोतरा रिफाइनरी में आग



एजेंसी ▸▸ पटना

राजस्थान में बाड़मेर के नजदीक बालोतरा में हिंदुस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड की रिफाइनरी में सोमवार दोपहर 2 बजे भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक आग रिफाइनरी में कच्चे तेल को साफ करने वाली दो यूनिट में लगी। यूनिट से धुआं उठने पर कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी सिस्टम चालू किया। इसके बाद मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने करीब 2 से 3 घंटे में आग पर काबू पाया। इस दौरान यूनिट से लपटें उठती रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को रिफाइनरी की इसी यूनिट का उद्घाटन करने वाले थे।

## हैदराबाद-हुबली फ्लाइट दो घंटे हवा में चक्कर काटती रही

एजेंसी ▸▸ हुबली

हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाय-91 एयरलाइन की एक फ्लाइट रविवार को खराब मौसम के चलते 2 घंटे हवा में ही चक्कर काटती रही। खराब मौसम की वजह से प्लेन में सवार पैसेंजर्स को तेज झटके महसूस हुए, जिससे वे घबरा गए। सोशल मीडिया में वायरल श्क्ऴ्रड में पैसेंजर रोते हुए और हाथ जोड़कर प्रार्थना करते दिख रहे हैं। जानकारी के मुताबिक लो कास्ट एयरलाइन फ्लाय-91 की फ्लाइट रविवार दोपहर 3 बजे हैदराबाद से रवाना हुई थी। इसे शाम करीब 4.30 बजे हुबली पहुंचना था, लेकिन वहां खराब मौसम के कारण यह लैंड नहीं हो पाई। आखिरकार इसे बेंगलुरु डाइवर्ट किया गया, जहां 6.30 बजे फ्लाइट लैंड हुई। वीडियो में यात्री सीटों पर बैठे घबराए नजर आ रहे हैं। कई लोग चिल्लाते और रोते हुए दिख रहे हैं।

वीडियो में ओह माईगॉड जैसी आवाजें सुनाई देती हैं। एक यात्री कहते सुनाई देता है कि पायलट से कहो बेंगलुरु ले चलें या बेलगाम ही ले चलो। वहीं दूसरे लोग एक-दूसरे को दिलासा देते हुए कहते हैं- रो मत, कुछ नहीं होगा।

### यमुनोत्री की चढ़ाई के दौरान बुजुर्ग की सांस फूली

## चारधाम यात्रा के पहले ही दिन 2 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के पहले ही दिन दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दोनों घटनाएं उत्तरकाशी जिले में यमुनोत्री धाम मार्ग पर हुईं।

मध्य प्रदेश से अपने पति के साथ यात्रा पर आई एक महिला की घोड़े से गिरने के कारण मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गिरने से महिला के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने ब्रॉट डेड घोषित कर दिया। वहीं, महाराष्ट्र से आए एक बुजुर्ग श्रद्धालु की पैदल चढ़ाई के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। चढ़ाई करते समय उन्हें सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई। परिजन और प्रशासन की मदद से उन्हें तुरंत जानकीचट्टी स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं



सके। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हरदेव सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में बुजुर्ग की मौत का कारण सांस संबंधी बीमारी और ऊंचाई पर ऑक्सीजन की कमी माना जा रहा है।

पुलिस अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि पहले मृतक के साथ आए अन्य यात्री दर्शन के लिए आगे बढ़ गए हैं। मृतक की पहचान नासिक, महाराष्ट्र निवासी 67 वर्षीय उदम ताम्बे के तौर पर हुई है। डी.जी.पी. नगर निवासी गजानन्द ताम्बे के पुत्र उदम ताम्बे की तबीयत जानकीचट्टी के पास अचानक बिगड़ी, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### इंदौर की रहने वाली थी महिला

यमुनोत्री पैदल मार्ग पर हादसे का शिकार हुई महिला की पहचान 40 वर्षीय प्रतिमा मिश्रा के रूप में हुई है, जो इंदौर, मध्य प्रदेश की रहने वाली थीं। वे इंदौर के सुखलिया क्षेत्र स्थित काशीपुरी कॉलोनी की निवासी थीं और अपने पति धर्मेन्द्र मिश्रा के साथ चारधाम यात्रा पर आई थीं। यात्रा के दौरान '19 कैंची' के पास घोड़े से गिरकर उनके सिर पर गंभीर चोट आई। उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें 'ब्रॉट डेड' (अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत) घोषित कर दिया।

## तमिलनाडु फैक्ट्री ब्लास्ट मरने वालों की संख्या 25 हुई

एजेंसी ▸▸ विरूधुनगर

तमिलनाडु के विरुधुनगर में रविवार को पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या 25 हो गई है। इनमें 20 लोग एक ही गांव के थे। मरने वालों में 22 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। पुलिस के मुताबिक, कई शव इतने बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। गहनों के आधार पर उन्हें पहचानने की कोशिश की जा रही है। हादसा मुथुमणिक्कम गांव की वनजा फायरवर्क्स यूनिट में हुआ है। फैक्ट्री मालिक फरार है। जिला कलेक्टर वीपी जयसीलन ने बताया कि फैक्ट्री रविवार को बंद रहने के बावजूद बिना अनुमति के चल रही थी। ब्लास्ट केमिकल मिक्स करने वाले शेड में हुआ, जहां करीब 40 मजदूर काम कर रहे थे। नियमों के मुताबिक एक शेड में अधिकतम 4 लोगों को ही काम कर सकते है। हादसे में 25 साल से इस फैक्ट्री में काम कर रही 46 साल की इंद्राणी की भी मौत हो गई। उनकी बेटी मधुबाला ने कहा कि मेरी मां ही घर चलाती थीं। पिता दिव्यांग हैं। मैं पेट्रोल पंप पर काम करती हूं, अब भाई की फीस कौन भरेगा? हमें सरकारी नौकरी दी जाए।

### मशाल रैली रोकने पर टकराव हुआ, आंसू गैस छोड़ी


# मणिपुर में प्रदर्शनकारियों-सुरक्षा बलों में झड़प

**दो दिन पहले हुई हिंसा में 21 गिरफ्तार**

एजेंसी ▸▸ इम्फाल

मणिपुर में शटडाउन के बीच रविवार रात कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। इंफाल ईस्ट के कोईरेंगेई, इंफाल वेस्ट के उरिपोक और कक्चिंग जिले में मशाल रैलियां निकाली गईं। कक्चिंग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।


भीड़ को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस, स्मोक बम और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। झड़प में कई लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, 6 अप्रैल को ट्रोंग्लाओबी आवांग लेइकाई एक घर पर बम धमाके में दो बच्चों की मौत हुई थी। इन्हीं के न्याय के लिए प्रदर्शन हो रहे है। हालात को काबू में करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स (फ्थ्अक्र) तैनात की गई। इंफाल वेस्ट के एसपी शिवकांत सिंह ने कहा कि हाल के प्रदर्शनों में कुछ असामाजिक तत्व रैलियों का फायदा उठाकर सुरक्षाबलों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमलों में लोहे के प्रोजेक्टाइल, गुलेल, पत्थर और पेट्रोल बम का इस्तेमाल किया गया।



### सगोलबंद हिंसा में 21 गिरफ्तार

पुलिस ने 18 अप्रैल को पातसोई से सगोलबंद के बीच इम्फाल-जिरीबाम रोड पर निकाली गई मशाल रैली के दौरान हुई हिंसा के मामले में 21 लोगों को गिरफ्तार किया है। रैली के दौरान भीड़ ने पथराव, पेट्रोल बम और गुलेल का इस्तेमाल किया, जिससे कई सुरक्षाकर्मी घायल हुए। सीआरपीएफ की 232वीं बटालियन के तीन जवान गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि सरकारी वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में सगोलबंद, तेरा, उरिपोक, ब्रह्मापुर, लांगथाबल, नगामापाल, नाओरेमथोंग और थांगमेइबंद समेत इंफाल के कई इलाकों के निवासी शामिल हैं।

### 5 दिनों तक शटडाउन



मेइरा पाइबी संगठन ने हमले के आरोपियों की 25 अप्रैल तक गिरफ्तारी की मांग की है। घाटी के जिलों में पहले से ही 5 दिन का टोटल शटडाउन जारी है। वहीं, नागा बहुल इलाकों में अलग से 3 दिन का बंद बुलाया गया है। बाजार बंद होने से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

## सुभाषचंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने की मांग खारिज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को 'राष्ट्रपुत्र' घोषित करने और आजाद हिंद फौज को भारत की आजादी का श्रेय देने की मांग वाली पीआईएल खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को न सुधरने वाला बताया और सख्त टिप्पणी की।

सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने याचिकाकर्ता पिनाकपानी मोहंती को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि वह पहले भी इसी तरह की याचिका दाखिल कर चुके हैं और अब अदालत का समय बर्बाद कर रहे हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो याचिकाकर्ता के सुप्रीम कोर्ट में आने पर भी रोक लगाई जा सकती है। साथ ही रजिस्ट्री को निर्देश दिया गया कि भविष्य में उनकी



कोई पीआईएल मंजूर न की जाए।

मोहंती ने इससे पहले 2024 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत की जांच की मांग करते हुए एक जनहित याचिका दायर की थी। उस मामले में, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने याचिकाकर्ता के इरादों पर सवाल उठाया था। साथ ही चुनावों के संदर्भ में याचिका दायर करने के समय पर सवाल पूछा था। सोमवार को कोर्ट ने ऐसे मुद्दों में पड़ने से साफ इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता के बार-बार ऐसी याचिकाएं दायर करने की आलोचना करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# सैटेलाईट सत्यापन अमान्य करने व स्लॉट बुकिंग 10 मई व खरीदी 20 मई करने की मांग

## गेंहू खरीदी में अव्यवस्था के चलते प्रदेश भर के किसानों में भारी आक्रोश

### भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों का प्रदेश में बड़े आंदोलन की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय किसान संघ के तीनों प्रांतों के पदाधिकारियों के नेतृत्व में उपार्जन व्यवस्था में फैली अव्यवस्था के खिलाफ किसानों ने लामबंदी शुरू कर दी है। किसान संघ ने चेतावनी देते हुये कहा कि पराली जलाने के नाम पर प्रशासन किसानों पर प्रकरण दर्ज करना व जुमार्ना की कार्यवाही बंद करे। प्रदेश भर में सरकार व प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश किसानों में देखने मिल रहा हैं।

भारतीय किसान संघ प्रांत मंत्री भारत सिंह बैस के अनुसार प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी सरकार व प्रशासन द्वारा देरी से शुरू करने के कारण किसान वैसे ही परेशान था, लेकिन अब सैटेलाईट सर्वे में खसरों के असत्यापन होने के कारण छोटे बड़े सभी किसान स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही नरवाई जलाने के प्रकरण व जुमार्ना किसानों पर लादा जा रहा है।



### स्लॉट बुकिंग व खरीदी तिथि बढ़ायें-

भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने सरकार से मांग करते हुये कहा कि स्लॉट बुकिंग के लिए 10 मई व खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ाई जाये। साथ ही छोटे बड़े सभी पंजीकृत किसानों की तय सीमा में गेंहू खरीदी सुनिश्चित करने की व्यवस्था सरकार तत्काल करे।

### सैटेलाईट सत्यापन अमान्य किया जाये

भारतीय किसान संघ के मालवा प्रांत के महामंत्री रमेश दांगी ने मांग करते हुये कहा कि सैटेलाइट सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान करना प्रशासन बंद करे। श्री दांगी ने कड़े शब्दों में कहा कि जब सैटेलाइट का डाटा सही नहीं है तो उसके आधार पर सत्यापन क्यों किया जा रहा है। हमारी सरकार से मांग है कि तत्काल सैटेलाइट सर्वे के नाम पर किया गया सत्यापन अमान्य किया जाये। पटवारी की गिरदावरी को ही आधार मान स्लॉट बुकिंग शीघ्र प्रारंभ की जाये।

### सैटेलाइट सर्वे में आ रही गड़बडी

प्रदेश भर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में हो रही अव्यवस्था और सैटेलाइट सर्वे में आ रही गड़बड़ियों के कारण किसानों में भारी आक्रोश है। भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ लामबंदी शुरू कर दी है और प्रदेश में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ ने पराली (नरवाई) जलाने के नाम पर किसानों पर दर्ज किए जा रहे प्रकरण और जुमार्ने की कार्रवाई को भी तुरंत रोकने की मांग की है।
प्रांत मंत्री भारत सिंह बैस के अनुसार, सरकार और प्रशासन द्वारा पहले ही गेहूं खरीदी देरी से शुरू की गई थी, जिससे किसान परेशान थे। अब सैटेलाइट सर्वे में खसरों का असत्यापन होने के कारण छोटे-बड़े कोई भी किसान अपना स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। इस अव्यवस्था और नरवाई के मुकदमों के कारण प्रदेश भर के किसानों का गुस्सा भड़क गया है।

## महापौर मुकेश टटवाल ने किया सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण

### प्रभावित नागरिकों से चर्चा कर समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने नीलगंगा चौराहा से मंछामन मार्ग तथा नीलगंगा से परिहार धर्मशाला शांति नगर तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि चौड़ीकरण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाएगा और प्रभावित लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी एवं कैलाश प्रजापत भी उपस्थित रहे।

## जांच अधुरी फिर चढा केसर

मंदिर की चढोत्री को लेकर लंबे समय से कई जांचें लंबित स्थिति में है। पिछले वर्ष के आम और केसर गायब होने का मसला विचार में ही है और जांच के नाम पर गोल तक नहीं पहुंचा है। ऐसे ही कई पूर्व के मामले हैं जिनमें जांच शुरू हुई लेकिन अंजाम तक नहीं पहुंच सकी। वेबसाईट, ,तांबा, दाल-चावल,गणना,सहित करीब एक दर्जन तो ऐसे मामले हैं जिसमें अब तक मसला जांच के दायरे से निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा है। ऐसे ही ये मसला भी रहा था। सिर्फ जांच की बात सामने आई थी उसके बाद जांच का क्या हुआ,कैसे हुआ और क्यों हुआ जैसे सवालों के जवाब के लिए संभवत: कागजों की कमी पेश आ गई । जैसे केसर आई थी ठीक बगैर अनुमति के ही चली गई थी। आम खाने की चीज थी और केसर भगवान के खजाने की । आम के आम उसके साथ गुठली भी गायब हो गई यानिकी केसर भी । मंदिर के विचारवान अगर आम को लेकर भी विचार करते तो गुठली का इस्तेमाल अपने बागानों में कर यहां भी इस आम की पैदावार कर सकते हैं। मंदिर के पास इतनी जमीनें हैं जो लोगों ने दान में दे रखी है कि उस पर ऐसे सैंकडों बागान बनाए जा सकते हैं। मंदिर की जमीनों की विभिन्न जगहों की जमीन को लेकर भी पिछले कई सालों से लीज नवीनीकरण की सूचना भी देखने में नहीं आ रही है जो कि अपने आप में ही सवाल को खडा कर रही है। सालों पूर्व मंदिर की जमीन की लीज को लेकर सूचना प्रकाशन को लेकर भी सवाल खडे हो रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि मंदिर में लंबित जांचों को गति दी जाना चाहिए। निष्कर्ष के आधार पर दंड अगर न भी दें तो शास्ति आरोपित होना चाहिए। रेकार्ड में तो दर्ज किया ही जाना चाहिए जिससे भविष्य की प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जा सकेगी। जमीनों के मामलों को भी पूरी तरह से गंभीरता से देखते हुए उन पर वर्तमान काबिज एवं लीज वर्ष की अवधि का सत्यापन देखा जाना चाहिए। नियमानुसार मंदिर का कोई भी मसला 3 साल से अधिक किए जाने पर समिति को कोई अधिकार नहीं है।




## न्यूज कॉलम

### डीजे पर विवाद के बाद खूनी संघर्ष, एक युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ताल थाना क्षेत्र के भोई मोहल्ले में शादी समारोह के दौरान डीजे बजाने की बात को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। हमले में गंभीर रूप से घायल एक युवक दिलीप (पिता प्रकाश माली) की रतलाम मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भोई मोहल्ले में शंकरलाल भोई की पुत्रियों के विवाह समारोह के दौरान बसौड़ से आई एक बारात के डीजे (एमपी 13 जीए 5099) का ऑपरेटर माखन कुमावत माइक से अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। स्थानीय निवासी दिलीप माली ने जब उसे गाली देने से मना किया, तो विवाद बढ़ गया।

#### लोहे के पाइप से हमला

विवाद के दौरान डीजे ऑपरेटर माखन और उसके साथियों ने दिलीप पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों पर भी आरोपियों ने हमला किया। आरोप है कि माखन कुमावत ने जान से मारने की नीयत से दिलीप के पेट में चाकू से वार किया, जबकि उसके साथी बापू कहर ने लोहे के पाइप से हमला किया। घटना में बीच-बचाव करने आए समर्थ और अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद घायल दिलीप को सरकारी अस्पताल ताल ले जाया गया, जहाँ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रतलाम ले जाते समय रास्ते में ही दिलीप ने दम तोड़ दिया। वर्तमान में मृतक का शव मेडिकल कॉलेज रतलाम में रखा गया है। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।ताल थाना प्रभारी स्वराज डाबी के अनुसार मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाजार में एक बार फिर ग्राहकों की रौनक बढी

# आखातीज पर बाजार में छाई रौनक, हुआ अच्छा व्यापार

### ग्रामीण ग्राहकी से एक बार फिर नई उर्जा का संचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



गेंहु की फसल बिकने और उसके बाद ग्रामीणों का बाजार में खर्च के लिए आने के क्रम ने तेजी पकडी हुई है। बाजार में आखातीज के अवसर पर अबूझ मुहूर्त में विवाह आयोजनो की धूम रही। इसके चलते सभी व्यापार व्यवसाय में तेजी देखी जा रही है। यहां तक की सोना झचांदी बाजार जिधर ग्राहक मजबूरी में ही जा रहा था उसमें भी ग्राहकी की तेजी देखी गई है । अंतिम दिनों में ही बाजार में एक दम से उठाव आया है। अब लगन सेरा की ग्राहकी बराबर बनी रहेगी।

मंडी में एवं समर्थन मुल्य पर नया गेंहु की फसल विक्रय से ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही में जेब गरम हुई है। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह आयोजनों की धूम देखी जा रही है। इन आयोजनों में खरीदी शहरी क्षेत्रों से ही की जा रही है। उज्जैन आसपास के बडे कस्बे के साथ ही छोटे जिलों के मुख्य बाजार के रूप में देखा जाता है।



**सरार्फा बाजार में बढी डिमांड-** सरार्फा बाजार से जुडे व्यापारियों के अनुसार सोना - चांदी के दाम में अच्छी खासी उठा-पटक देखने के बाद अब दाम में स्थिरता को देखते हुए अब एक बार फिर से रूझान देखा गया है। पिछले 6 माह में यह पहला अवसर रहा है जब खरीदी को लेकर आम ग्राहक में रूझान की स्थिति स्थिर रूप से देखी गई है। आखातीज के विवाह मुहुर्त को लेकर अधिकांश लाइटवेट ज्वेलरी की ही खरीदी को प्राथमिकता दी है। इसे लेकर

### 5 दिन में करीब आधे अरब का कारोबार

बाजार से जुडे सूत्रों के अनुसार आखातीज की ग्राहकी को लेकर व्यापारियों ने पूर्व से तैयारी की थी लेकिन व्यवसाय में उठाव न देखते हुए उन्हें निराशा की स्थिति आने लगी थी। आकस्मिक रूप से 5-7 दिन पूर्व से बाजार में ग्रामीण ग्राहकी का तडका लगा । जैसे झजैसे ग्रामीण क्षेत्रों से गेंहु की फसल बिकती गई एवं उनका भूगतान मिलता गया वैसे वैसे बाजार में ग्राहकी में तेजी बनती गई ।व्यापारियों ने मांग के अनुसार विभिन्न वैरायटियों में कपड़े, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, बर्तन आदि मंगाए हैं। आखातीज तक लगभग 15-20 करोड का कारोबार हुआ है। आखातीज से पहले बाजार में दिनभर भीड़ नजर आती रही।

### इधर होटल एवं गार्डन फूल

अबुझ मुहुर्त आखातीज के चलते विवाह आयोजनों की बाढ देखी जा रही है। हाल यह हैं कि होटल,गार्डन एवं सामुदायिक मांगलिक भवन सभी फूल बताए जा रहे हैं। शहर के बाहरी क्षेत्र के गार्डन एवं होटलों में आयोजनों का एक दौर चल पडा है उसके बाद भी शहरी क्षेत्र में सब फूल हैं ।बढे हुए दाम के बावजूद भी बेड, ढोल, डीजे, घोड़ी, कैटरिंग, टेंट, स्टेज, इवेंट वाले सभी बुक चल रहे हैं और आकस्मिक रूप से आने वाले कामों को लेकर मुंह मांगी दर ली जा रही है।

## उज्जैन में 5 दिवसीय नि :शुल्क आयुर्वेद शिविर शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ भरी जिंदगी में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए शहर में 5 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शिविर 20 तारीख से शुरू हो गया है। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल 24 तारीख तक उज्जैन निवासियों और श्रद्धालुओं के लिए इस शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

यह निःशुल्क शिविर क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में लगाया गया है। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वैद्य जायसवाल बिना बताए केवल नाड़ी देखकर मरीजों को उनका रोग बता रहे हैं और शुद्ध शिलाजीत व आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से उनका सफल उपचार कर रहे हैं।

शिविर में मुख्य रूप से लीवर व किडनी की समस्या, मानसिक रोग, थायराइड, स्नायुशूल, पीलिया, हृदय रोग, हाई बीपी, अल्सर, टीबी, क्षयरोग, प्रोस्टेट, गैंग्रीन, चर्म रोग, मोटापा, संतानहीनता, हाथीपांव, कैंसर, मिर्गी, साइनस, लकवा, गठिया, जोड़ों का दर्द और विभिन्न गुप्त रोगों का इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वैद्य संतोष आनंद जायसवाल इससे पूर्व भी लगातार उज्जैन के महाकाल वन मेले के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के वन मेलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वैद्य जायसवाल ने श्रद्धालुओं और नगरवासियों से इस निःशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## विश्वमांगल्य सभा के बाल संस्कार शिविर में संस्कार

### शस्त्र प्रशिक्षण के साथ दिए गीता के उपदेश



### बच्चों ने सीखी लाठी-काठी चलाने की कला, मातृ पूजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्वमांगल्य सभा, मालवा प्रांत के तत्वावधान में उज्जैन शहर बाल संस्कार सभा द्वारा आयोजित आठ दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल संस्कार शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। महानंदा नगर स्थित भारतीय ज्ञानपीठ हाई सेकेंडरी स्कूल में 11 से 18 अप्रैल तक चले इस शिविर में 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संस्कृति, संस्कार के साथ-साथ आत्मरक्षा के गुर सीखे।

शिविर में शिक्षाविद डॉ. स्मिता भवालकर, डॉ. उमा परमार और संगीता सोनी ने बच्चों को खेल-खेल में गीता उपदेश का सार समझाया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को प्रज्ञा विवर्धन स्तोत्र, हनुमान चालीसा, शिव तांडव स्तोत्र तथा महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र का पाठ सिखाया गया। इसके अलावा खेलकूद और प्रश्नमंच जैसी अन्य रोचक गतिविधियां भी कराई गईं। बच्चों में आत्मनिर्भरता और साहस के गुण विकसित करने के लिए रिद्धिमा सिंह चौहान द्वारा विशेष रूप से लाठी-काठी युद्धकला का प्रशिक्षण दिया गया।

#### मातृ पूजन और लाठी प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

समापन समारोह का मुख्य आकर्षण मातृ पूजन, गीत-नृत्य-नाटिका और बच्चों द्वारा किया गया लाठी प्रदर्शन रहा, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। शिविर के अंत में बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा परमार उपस्थित रहीं। साथ ही पूर्व प्राचार्य खोलकुटे और मालवा प्रांत संयोजिका सुनीता पाटिल विशेष रूप से मौजूद थीं। मालवा प्रांत सदाचार सभा संयोजिका स्वाति भाटिया ने बाल गीत एवं मातृ पूजन संपन्न कराया। वहीं, मालवा प्रांत बाल सभा संयोजिका अनुराधा कुलकर्णी ने शिविर की जानकारी दी और शहर उपाध्यक्ष शिल्पा जोशी ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

# सिंहस्थ के हजारों बैरिकेट्स बने कबाड़

## शहरभर में लावारिस हालत में बिखरे पड़े

### थानों, पुलिस लाइन और सड़कों पर जंग खा रहे बैरिकेट्स...चोरी व हादसों का बढ़ा खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2016 के दौरान ट्रैफिक और भीड़ प्रबंधन के लिए खरीदे गए लाखों रुपए के हजारों बैरिकेट्स आज बदहाली का शिकार हो चुके हैं। देखरेख के अभाव में ये बैरिकेट्स शहरभर में लावारिस हालत में पड़े हैं और धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। पुलिस लाइन परिसर से लेकर कई थाना क्षेत्रों और भरतपुरी इलाके तक, हजारों बैरिकेट्स खुले में पड़े-पड़े सड़ रहे हैं।




स्थिति यह है कि उपयोग के बाद बैरिकेट्स को व्यवस्थित रूप से संग्रहित नहीं किया गया, बल्कि उन्हें जहां-तहां पटक दिया जाता है। कई जगहों पर बैरिकेट्स सड़क के बीच ही लावारिस हालत में पड़े हैं, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय ये दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। भरतपुरी स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण की खाली जमीन, इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर, महाकाल क्षेत्र, हरी फाटक, गदा पुलिया, रामघाट, से बड़े पुल तक, इंदौर रोड और देवास रोड के कई चौराहों पर सैकड़ों बैरिकेट्स बिखरे पड़े हैं। कई बैरिकेट्स टूट-फूट चुके हैं और जंग लगने से खराब हो रहे हैं। कई थाना परिसरों में वर्षों से बैरिकेट्स के ढेर लगे हुए हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

चौंकाने वाली बात यह है कि कई स्थानों पर लोग इन बैरिकेट्स का निजी उपयोग भी करने लगे हैं। कहीं इन पर कपड़े सुखाए जा रहे हैं, तो कहीं घरों और दुकानों के बाहर अस्थायी घेराबंदी के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

लावारिस पड़े इन बैरिकेट्स के चोरी होने की आशंका भी बनी हुई है। जिम्मेदार विभागों द्वारा समय रहते इनके रखरखाव और समुचित प्रबंधन की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से सरकारी संपत्ति का नुकसान लगातार बढ़ता जा रहा है,

## परशुराम जन्मोत्सव पर पंचामृत अभिषेक पूजन संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अक्षय तृतीया पर चाणक्यपुरी आश्रम स्थित परशुराम मंदिर पर भगवान परशुरामजी का पंडित महेश पुजारी द्वारा पंचामृत पूजन अभिषेक तथा महाआरती महाभोग का भव्य आयोजन किया गया। विशेष अतिथि भोपाल से पधारीं श्रीमती लीला रामचंद्र दुबे मौजूद रही। अखिल भारती युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित अर्पित पुजारी, पंडित राकेश जोशी, पंडित आशीष अग्निहोत्री, पंडित रूपेश मेहता, पंडित राहुल व्यास, महेंद्र सिंह बैस, पंडित किशन पांडे, पंडित राम शर्मा, पंडित आशीष ठक्कर, पंडित विजय पुजारी, पंडित गोविंद व्यास, पंडित सुरेश शर्मा, शैलेंद्र नागर, पंडित राजू व महिला प्रकोष्ठ अलका शर्मा, श्रीमती वैभवी पुजारी, श्रीमती एंजेल पुजारी, श्रीमती ममता पुजारी, श्रीमती कुसुम शर्मा आदि उपस्थित थे।

आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समय: दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समय: सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### भगवान परशुराम के आदर्श समाज को देते हैं नई दिशा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर के बड़ा गणपति चौराहा में भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया। उनका जीवन साहस, शौर्य, निडरता और धर्म रक्षा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि समाज को भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाते हुए एकता, समरसता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

### बेटियों के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है राज्य सरकार

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की बेटियों के सशक्तिकरण और उनके उज्जवल भविष्य के लिए पूरी तरह संकल्पित है। सामूहिक विवाह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल और सहयोग के जीवंत प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर धार जिले के ग्राम सिरसोदिया में 'मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना' के अंतर्गत आयोजित भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार जिले की यह पावन धरा भगवान श्री कृष्ण एवं माता रुक्मणी की ऐतिहासिक स्मृतियों से जुड़ी है, जिससे इस मांगलिक आयोजन का महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि विवाह हमारी गौरवशाली संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी और समाज का आधार है। प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के साथ एक सच्चे मित्र की तरह हमेशा खड़ी है।

### जानापाव तीर्थ क्षेत्र में अजनार नदी को किया जायेगा पुनर्जीवित

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और विकासोन्मुख दृष्टि का समन्वित संदेश देते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन आस्था, श्रद्धा और धर्म की स्थापना के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हर युग में अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर परशुराम जी ने धर्म की पुनर्स्थापना की और शस्त्र तथा शास्त्र दोनों में पारंगत रहकर संतुलित शक्ति का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में 17.41 करोड़ की लागत से श्री परशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जायेगा, जो भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन का केन्द्र बनेगा। इस लोक के माध्यम से जानापाव को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर इंदौर जिले के जानापाव में आयोजित परशुराम प्रकटोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

### कन्या विवाह योजनान्तर्गत 22 नवविवाहितों को आशीर्वाद दिया

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज जनपद पंचायत इन्दौर के ग्राम पंचायत जामुनिया खूर्द में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह में शामिल हुए और 22 नवविवाहितों को आशीर्वाद और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया। इस अवसर पर विधायक श्री मधु वर्मा भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब, बेसहारा और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हो रहा है। प्रदेश में गरीब परिवारों को कन्या विवाह में होने वाली कठिनाईयों को दूर किया है। अब गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह में किसी प्रकार की परेशानियां नहीं होगी और उनकी आर्थिक परेशानियों को दूर किया जायेगा। विवाह को पारिवारिक माहौल में सादगीपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जायेगा। मंत्री सिलावट ने 22 नवविवाहितों को आशीर्वाद एवं विवाह उपहार सामग्री देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत सरकार द्वारा 51 हजार तक की आर्थिक सहायता की जाती है, जो सीधे वधू के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से दी जाती है।

### इंदौर में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**इंदौर।** मोदी सरकार ने महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के माध्यम से सत्ता पर एकाधिकार जमाने की जो साजिश रची थी। इंडिया गठबंधन (विपक्ष) की एकजुटता ने उसे विफल कर दिया है। संसद में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक पर हुए मतदान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश अब विभाजनकारी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा। यह बात मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया ने सोमवार को इंदौर में मीडिया से चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संसद में मिली जीत का स्वागत करती है और कांग्रेस 2029 से ही 33% आरक्षण लागू करने की मांग करती है। रीना बोरासी ने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर देश की महिलाओं के साथ एक सुनियोजित राजनीतिक छल करने का प्रयास किया गया है, जिसे विपक्ष की एकजुटता ने संसद में विफल कर दिया। कांग्रेस शुरू से ही महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है और राहुल गांधी के स्पष्ट नेतृत्व में यह मांग लगातार उठाई जाती रही है कि महिलाओं को उनका अधिकार बिना किसी शर्त और देरी के मिलना चाहिए।

# इंदौर नगर निगम का 'तारीख पे तारीख' वाला खेल

## 13 अप्रैल को फिर फेल हुआ रिमूवल, क्या 11 फीट सड़क दबाने वाले रसूखदार के सामने सरेंडर कर चुका है प्रशासन?

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

साधु वासवानी नगर स्थित प्लॉट नंबर 445 पर खड़ा हो रहा अवैध निर्माण अब पूरे इलाके के लिए सिरदर्द बन चुका है। आरोप है कि भवन स्वामी ने सार्वजनिक सड़क और फुटपाथ की सीमा में करीब 11 फीट तक कब्जा कर पक्का निर्माण खड़ा कर दिया है, जिससे रास्ता संकरा हो गया और रोजाना आवाजाही में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि विभागीय नोटिस और पंचनामा बनने के बाद भी निर्माण कार्य लगातार जारी है। शिकायतकताओं के मुताबिक 18 नवंबर 2025 को पंचनामा तैयार किया गया था और 9 फरवरी 2026 को रिमूवल नोटिस जारी कर निर्माण हटाने के आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद करीब कई महीने गुजरने के बाद भी न तो सीलिंग हुई और न ही कोई तोड़फोड़ कार्रवाई। उल्टा, मौके पर निर्माण तेजी से आगे बढ़ा और अब तो भवन के सामने व्यावसायिक उपयोग के लिए शटर लगाने की तैयारी तक शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पूरा इलाका रिहायशी श्रेणी में आता है, लेकिन इसके बावजूद मकान को दुकाननुमा ढांचे में बदला जा रहा है, जो नगर नियोजन नियमों की खुली अनदेखी है। मामले में एक और बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि ऑफलाइन



कंपाउंडिंग आवेदन के नाम पर कार्रवाई को लटकाया जा रहा है। जबकि ऑनलाइन रिकॉर्ड में अब तक कोई वैध एंट्री सामने नहीं आई है। जानकारों के अनुसार सड़क सीमा में किया गया 11 फीट अतिक्रमण कंपाउंडिंग के दायरे से बाहर आता है, ऐसे में इसे हटाना ही एकमात्र विकल्प है। रहवासी ने इस मामले को लेकर कई बार जनसुनवाई में गुहार लगाई है। बताया जा रहा है कि 8 से 10 बार उट हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन हर बार मामला फाइलों में ही दबकर रह गया। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की ढिलाई के चलते ही अवैध निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

नवंबर 2025 की पुरानी तस्वीरों में भी साफ नजर आता है कि निर्माण सामग्री सड़क तक फैली हुई थी और उसी समय से अवैध कब्जा आकार ले रहा था, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जब इस मामले में भवन अधिकारी वैभव देवलासे से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि 10 तारीख के बाद रिमूवल की कार्रवाई की योजना है। वहीं 13 अप्रैल को एक और रिमूवल नोटिस जारी किया गया, लेकिन इसके बाद भी जमीन पर कोई कार्रवाई नजर नहीं आई। अब सवाल यही है–क्या इस बार बुलडोजर चलेगा या फिर नोटिसों की फाइलों में ही दफन रहेगा यह अतिक्रमण?

# पत्थरबाजी करने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

## घुटनों के बल बैठकर माफी मांगी, कहा-अब ऐसा नहीं करेंगे, लोगों ने टीआई को पहनाई मालाएं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**





चंदन नगर थाना क्षेत्र में पत्थरबाजी करने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को क्षेत्र में जुलूस निकाला और सार्वजनिक माफी मंगवाई। इस दौरान आरोपियों ने घुटनों के बल बैठकर आम लोगों से माफी मांगी और आगे से ऐसा कृत्य न करने का भरोसा दिया।

टीआई तिलक करोले ने बताया कि कुलदीप पगारे (26) निवासी राजनगर ने 17 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुरानी रंजिश के चलते कुछ बदमाशों ने शराब के नशे में उसके घर पर पथराव किया। इस हमले में उसे सिर में चोट आई थी। पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई थी।

इस मामले में पकड़े गए आरोपियों अंकित गोगलिया निवासी राजनगर, मोहित उर्फ गली गोगलिया, गौरव गोस्वामी निवासी राजनगर, विजय उर्फ भोला निवासी आराधना नगर एरोड्रम, पीयूष उर्फ कान्हा निवासी राजनगर ने का जुलूस निकालकर माफी मंगवाई गई। कार्रवाई से खुश रहवासियों ने तालियां बजाईं और टीआई का हार पहनाकर स्वागत किया।

### टिफिन सेंटर संचालिका के जेवर चोरी

इंदौर के विजयनगर में टिफिन सेंटर संचालित करने वाली महिला के घर से सूटकेस, नकदी और सोने-चांदी के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घर पर आने-जाने वाले एक युवक पर चोरी का शक जताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 45 वर्षीय मंजूलता जैन निवासी शीतल नगर विजयनगर ने अरिहंत जैन निवासी बालाघाट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मंजूलता ने बताया कि उसके परिवार में गमी हो गई थी तब घर पर बेटी को छोड़कर पति के साथ बाहर गई थी। बाहर से आई तो गोदरेज अलमारी के ऊपर रखा सूटकेस गायब हो गया। शक होने पर जब उन्होंने अलमारी का लॉकर चेक किया तो उसमें रखे जेवर भी नहीं मिले। घर से सफेद मोती और सोने के पांच पेंडल वाला रानी हार, पंचाली मंगलसूत्र, काले मोती व सोने की पत्तियों वाला, चांदी की चटाई वाली पायल करीब 1 लाख रुपए नकदी अन्य सामान नहीं था।

# महाकाल को 1250 किलो हापुस आम का महाभोग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

अक्षय तृतीया पर पुणे से आए कोलते परिवार ने ज्योतिर्लिंग बाबा महाकालेश्वर मंदिर में 22 लाख रुपए का महाभोग अर्पित किया। भोग में रत्नागिरी के हापुस आम और हिमालयी क्षेत्रों की शुद्ध केसर प्रमुख रूप से शामिल रही।



डॉ. कोलते ने परिवार के साथ बाबा महाकाल के चरणों में 1250 किलोग्राम हापुस आम और 1250 ग्राम शुद्ध केसर चढ़ाई। बताया कि वर्ष 2026 के प्राकृतिक रूप से पके इन प्रथम आमों को शुभ मुहूर्त में स्वर्ण वर्क और केसर से सजाकर नई चांदी की थालियों में अर्पित किया गया। शहर के अन्य प्रमुख देवस्थानों में भी भोग अर्पित किया। कालभैरव मंदिर, हरसिद्धि माता मंदिर, नवग्रह मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, गढ़कालिका माता मंदिर और विक्रांत भैरव मंदिर में प्रत्येक स्थान पर 125 किलो आम और 12 ग्राम केसर चढ़ाई गई।

#### थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई

## नौलखा चौराहे पर युवती से मारपीट, रुपये के विवाद में युवक ने किया हमला

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शहर के व्यस्त नौलखा चौराहे पर एक युवती के साथ मारपीट का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। घटना के पीछे रुपये के लेनदेन का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, फरियादिया सीमा चौहान (28), निवासी मयूर नगर मुसाखेड़ी, घरेलू कामकाज कर अपना जीवन यापन करती हैं। वहीं आरोपी राहुल वर्मा (20), निवासी मानवता नगर भूरी टेकरी, लाइट फिटिंग का कार्य करता है। दोनों के बीच पहले से परिचय था और इसी दौरान पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद खड़ा हो गया।

बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने सार्वजनिक स्थान पर ही युवती के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़िता सीधे भंवरकुआं थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। भंवरकुआं थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 428/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (इठर) 2023 की धारा 296(बी), 115(2) और 351(3) में केस दर्ज किया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया है और उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है।

### सार्वजनिक स्थान पर बढ़ती वारदातों ने उठाए सुरक्षा पर सवाल

नौलखा जैसे व्यस्त चौराहे पर दिनदहाड़े हुई इस घटना ने शहर की कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# उज्जैन नगर पूजा पर विवाद, महाकाल सेना ने अखाड़ा परिषद को लिखा पत्र, उठाए सवाल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**




उज्जैन में चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर होने वाली 'नगर पूजा' को लेकर विवाद गहरा गया है। महाकाल सेना और स्थानीय पंडे-पुजारियों ने इस पूजा को शास्त्रसम्मत नहीं बताया है और अखाड़ा परिषद से इस संबंध में जवाब मांगा है।



महाकाल सेना ने अखाड़ा परिषद को एक औपचारिक स्मरण-पत्र भेजा है। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि चैत्र मास की नवरात्रि में 'नगर पूजा' का कोई उल्लेख वेद-शास्त्रों में नहीं मिलता है। पत्र की एक प्रति भी सार्वजनिक हुई है। संगठन ने बताया कि इस विषय पर पहले भी अखाड़ा परिषद को पत्र भेजकर पूछा गया था कि यह पूजा शास्त्र सम्मत है या नहीं, लेकिन तब कोई जवाब नहीं मिला था। इसी कारण अब दोबारा स्मरण-पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है।

महाकाल सेना ने आशंका व्यक्त की है कि यदि शास्त्रों के विरुद्ध इस तरह की परंपराएं शुरू की जाती हैं, तो इससे उज्जैन की धार्मिक व्यवस्था और आम जनता में भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है।

### नगर पूजा आश्विन नवरात्रि की अष्टमी पर

महाकाल सेना के संरक्षक महेश पुजारी ने बताया कि परंपरागत रूप से नगर पूजा आश्विन नवरात्रि की अष्टमी पर शासकीय स्तर पर होती है, जिसमें प्रशासन की भागीदारी रहती है और विधि-विधान से आयोजन किया जाता है। चैत्र नवरात्रि में इस तरह की किसी शासकीय मान्यता का उल्लेख नहीं मिलता है।

### समाज तय करेगा ऐसा नेतृत्व स्वीकार योग्य या नहीं

संगठन प्रमुख राम शर्मा ने बताया कि स्मरण-पत्र में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष से अपील की गई है कि वे सनातन धर्म और वेद-शास्त्रों के ज्ञाता होने के नाते इस विषय पर स्पष्ट जवाब दें और सही परंपरा को सामने रखें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस मुद्दे पर धर्मसम्मत स्थिति स्पष्ट नहीं की गई, तो समाज को यह तय करना पड़ेगा कि ऐसे नेतृत्व को स्वीकार किया जाए या नहीं। इस पूरे मामले में रविंद्र पूरी महाराज से जब चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि ये जो भी है लोकप्रियता के लिए ये इस तरह का कार्य कर रहे हैं, कौन हैं ये क्या हैं में इनको जानता तक नहीं।

#### पिछले वर्ष 10वीं में 24 और 12वीं में 5 स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा था

# 10वीं-12वीं में 34 सरकारी स्कूलों का रिजल्ट 100%

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं कक्षा के रिजल्ट घोषित होने के बाद अब जिले के सभी शासकीय स्कूलों के रिजल्ट की समीक्षा की जा रही है। इस वर्ष 10वीं कक्षा में 28 स्कूलों का रिजल्ट 100 फीसदी रहा, जबकि बीते वर्ष शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाले स्कूलों का आंकड़ा 24 था। वहीं 12वीं कक्षा में इस वर्ष 6 स्कूलों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वर्ष 5 स्कूलों ने शत-प्रतिशत रिजल्ट दिया था।

जिले के कुल शासकीय स्कूलों के आंकड़ों की गणना की जाए तो 10वीं कक्षा में कुल 201 शासकीय स्कूलों में 8849 विद्यार्थी नामांकित थे, जिनमें से 7517



विद्यार्थी नियमित विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 6207 विद्यार्थी पास हुए और 1065 अनुत्तीर्ण रहे।

औसत रिजल्ट 83.07 प्रतिशत रहा। 4483 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 1341 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी और 24 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 10वीं में 11 शासकीय स्कूलों का रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम रहा। वहीं 12वीं कक्षा में 103 शासकीय स्कूलों में 6586 विद्यार्थी नामांकित थे, जिनमें से 6110 विद्यार्थी नियमित परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हुए। इनमें से 5267 विद्यार्थी पास हुए और 734 अनुत्तीर्ण रहे। औसत रिजल्ट 86.23 प्रतिशत रहा। 4137 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 1019 द्वितीय श्रेणी और 4 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए। कक्षा 12वीं में इस वर्ष केवल एक स्कूल ऐसा रहा, जिसका रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम रहा, जबकि बीते वर्ष ऐसे 50 फीसदी से कम रिजल्ट देने वाले स्कूलों की संख्या 4 थी।

### सबसे कमजोर रिजल्ट देने वाला स्कूल पासलोद, 15 में से केवल 4 बच्चे पास हुए

कक्षा 10वीं में जिले के तीन शासकीय स्कूल ऐसे रहे, जिनका रिजल्ट 31 प्रतिशत से भी कम रहा। जिले में सबसे कमजोर रिजल्ट खाचरौद विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल पासलोद का रहा। स्कूल के 15 में से केवल 4 बच्चे पास हुए और औसत रिजल्ट केवल 26.67 प्रतिशत रहा। खाचरौद विकासखंड के ही शासकीय हाई स्कूल कमठाना का रिजल्ट 27.27 प्रतिशत रहा और स्कूल के 11 में से केवल 3 बच्चे ही पास हुए। उज्जैन (शहर) विकासखंड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धानमंडी का रिजल्ट 30.77 प्रतिशत रहा और स्कूल की 39 में से 12 छात्राएं ही पास हुईं।

# फंगस वाला बन-मस्क एलआईजी की दुकान पर सड़ा खाना

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के एलआईजी चौराहे स्थित यू बन मास्क दुकान पर गंभीर लापरवाही सामने आई है। एक युवती को परोसे गए बन-मस्का और वड़ा पाव में फंगस मिलने से हड़कंप मच गया। युवती ने बताया कि बन-मस्का खाने के बाद शक होने पर देखा तो उसमें फंगस जमी थी, वहीं वड़ा पाव से बदबू आ रही थी और उसमें भी फंगस नजर आई। समय रहते वड़ा पाव नहीं खाया, लेकिन बन-मस्का खाने से उसकी तबीयत बिगड़ गई। शिकायत करने पर दुकान कर्मचारी ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। युवती ने घटना के फोटो-वीडियो बना लिए, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हैं। मामले के बाद लोगों ने फूड सेफ्टी पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज कालम



### धूमधाम से निकाली भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा

**मनावर।** सर्व ब्राह्मण समाजजनों द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा के साथ प्रतिभा सम्मान और सैनिकों का सम्मान का आयोजन हुआ।शोभा यात्रा का शुभारंभ गोपालपुरा रोड स्थित ब्राह्मण समाज की जमीन से हनुमान चालीसा के पाठ के साथ हुआ । बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा वीआईपी चौराहा ,गांधी चौराहा, मालवीय चौपाटी होती हुई जुनी मनावर स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंची। जहा महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभा यात्रा में भगवान श्री परशुराम जी के चित्र को आकर्षक बग्गी में विराजित किया गया था। ब्राह्मण समाज की महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में एक ड्रेस कोड में शामिल हुए। शोभा यात्रा में भगवान श्री परशुराम की वेशभूषा में श्रृंगारित प्रथम शर्मा आकर्षण का केंद्र रहे ।गांधी चौराहे पर भाजपा, कांग्रेस सहित कई संगठनों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।

### मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ का हुआ मंगल प्रवेश



**सनावद।** निरंतर धर्म प्रभावना का संकल्प लिए श्रुत संवेगी मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ४पिच्छी का मंगल प्रवेश रविवार शाम नगर में हुआ। सन्मति जैन काका ने बताया कि खंडवा नगर में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न कर करवाने के बाद पुनः इंदौर की ओर विहार रत मुनि श्री आदित्य सागर महाराज ससंघ का मंगल पर प्रवेश रविवार शाम को हुआ सभी समाजजनों ने ढकलगांव फाटे खंडवा रोड पर पहुंच कर मुनि संघ की आगवानी कर मंगल प्रवेश करवाया। मुनि श्री के द्वारा शाम को गुरु भक्ति की गई साथ ही समाजजनों ने आरती भक्ति की मुनि श्रीका रात्रि विश्राम आचार्य शांति सागर वर्धमान देशना निलय में हुआ। इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे।

### शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लायंस क्लब द्वारा प्याऊ का शुभारंभ



**सनावद।** भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा प्याऊ की स्थापना की गई। लायंस क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन एवं लायन साथियों ने अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त में सोमवार को बस स्टैंड के समीप माता मंदिर के पीछे प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राहगीरों को गन्ने का रस भी पिलाया गया। जैन ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से शीतल जल के प्याऊ की स्थापना की गई है। जैन ने कहा कि यह बड़े ही सौभाग्य का विषय है कि हमें मानव सेवा का अवसर मिला है। हम लायंस क्लब के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए कार्य करते रहेंगे। राहगीरों ने प्याऊ की स्थापना पर हर्ष व्यक्त किया। इस दौरान ला.शिवानी मौर्य,ला.अनुपमा वर्मा, लायन सुधा लाठियां ला.हेमंत दातार,ला.अनिल अरझरे आदि उपस्थित थे।

### 20 अप्रैल को भी सुचारू रूप से जारी रहा गेहूं उपार्जन कार्य

**बड़वानी।** संचालनालय खाद्य, भोपाल से प्राप्त निदेशों के अनुपालन में, 20 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद जिले के समस्त गेहूं उपार्जन केंद्रों पर खरीदी का कार्य सामान्य दिनों की तरह जारी रहा। किसान भाई कल के लिए भी अपनी उपज बेचने हेतु स्लॉट बुक कर सकेंगे। सभी उपार्जन केंद्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियमित दिनों की तरह ही केंद्र का संचालन सुनिश्चित करें। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त संबंधित किसानों से अपील की है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं। किसान अपनी सुविधा अनुसार 20 अप्रैल हेतु स्लॉट बुक कर उपार्जन केंद्र पर अपनी उपज लेकर पहुँच सकते हैं। इस संबंध में जिला प्रबंधक (म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पो.), समस्त खरीदी प्रभारियों और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा किसानों को सूचित करने के निर्देश जारी कर दिए।

### प्रशासनिक निगरानी में राठौर समाज ने चुनी नई कार्यकारिणी

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा में शनिवार का दिन राठौर समाज के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। करीब डेढ़ दशक से चले आ रहे विवाद और संगठनात्मक ठहराव का अंत करते हुए च्राठौर सकल पंच ट्रस्टज के चुनाव जिला प्रशासन की सख्त निगरानी में सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए। यह प्रक्रिया समाज के लिए केवल चुनाव नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों की पुनर्स्थापना के रूप में देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और गठन को लेकर वर्षों से विवाद बना हुआ था, जिसके चलते मामला न्यायालय में विचाराधीन था। इस दौरान समाज का एक बड़ा वर्ग निर्णय प्रक्रिया से दूर रहा। अंततः माननीय हाईकोर्ट ने रीट पिटीशन क्रमांक 3614 पर सुनवाई करते हुए पूर्व नियुक्तियों को निरस्त किया और एसडीएम को 60 दिनों के भीतर पारदर्शी चुनाव कराने के निर्देश दिए। इसी आदेश के पालन में प्रशासन ने पूरी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। शनिवार को स्थानीय एसएन कॉलेज परिसर में सुबह से ही मतदान को लेकर उत्साह का माहौल रहा। चुनाव के लिए प्रशासनिक स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## वैशाख शुक्ल तृतीया को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव द्वारा

# इक्षु रस से आहार कर मनाई अक्षय तृतीया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



वैशाख शुक्ल तृतीया को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) द्वारा राजा श्रेयांस के यहां प्रथम इक्षु रस का आहार लेने की स्मृति में अक्षय तृतीया पर्व श्रद्धा से मनाया गया।

प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातः दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर, आदिनाथ छोटा मंदिर, सुपार्श्वनाथ जैन मंदिर,णमोकार धाम मंदिर एवं पोदनपुरम में धर्मावलंबियों द्वारा पंचामृत व जलाभिषेक किया गया। इसके पश्चात सामूहिक पूजन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आदिनाथ छोटा मंदिर जी मे समाजनों के द्वारा आदिनाथ मंडल विधान रचाया गया। तत्पश्चात बड़े मंदिर के समकक्ष महिला महासमिति के द्वारा आदिनाथ मुनि को पढ़गाहन कर संध्या सुनील जैन के निवास पर सभी समाजजनों के द्वारा शुद्ध इक्षु रस से आहार दान देकर आहार करवाया।मान्यता है कि भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष के उपवास के बाद हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस से इक्षु रस का आहार ग्रहण किया था। उसी दिन से जैन धर्म में आहार दान की परम्परा शुरू हुई। इस दिन मुनि को आहार देने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है, इसलिए यह तिथि अक्षय तृतीया कहलाती है।

सभी को ज्ञात है की भगवान ऋषभनाथ ने ही विवाह-संस्था की शुरूआत की और प्रजा को पहले-पहले असि , मसि , कृषि , विद्या, शिल्प और वाणिज्य-व्यापार के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व तक प्रजा की सभी जरूरतों को क्लपवृक्ष पूरा करते थे। उनका सूत्र वाक्य था- 'कृषि करो या ऋषि बनो।'

ऋषभनाथ ने हजारों वर्षों तक सुखपूर्वक राज्य किया फिर राज्य को अपने पु?त्रों में विभाजित करके दिगम्बर तपस्वी बन गए। उनके साथ सैकड़ों लोगों ने भी उनका अनुसरण किया। जब कभी वे भिक्षा मांगने जाते, लोग उन्हें सोना, चांदी, हीरे, रत्न, आभूषण आदि देते थे, लेकिन भोजन कोई नहीं देता था।

इस प्रकार, उनके बहुत से अनुयायी भूख बर्दाश्त न कर सके और उन्होंने अपने अलग समूह बनाने प्रारंभ कर दिए। यह जैन धर्म में अनेक सम्प्रदायों की शुरूआत थी। अतः आदिनाथ को एक वर्ष तक भूखे रहना पड़ा। इसके बाद वे अपने पौत्र श्रेयांश के राज्य हस्तिनापुर पहुंचे। श्रेयांस ने उन्हें गन्ने का रस भेंट किया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। वह दिन आज भी 'अक्षय तृतीया' के नाम से प्रसिद्ध है।

## अक्षय तृतीया पर भव्य सामूहिक विवाह, 14 जोड़े बंधे प्रेम सूत्र में

**मंडलेश्वर।** समीपस्थ ग्राम करौंदिया में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर करौंदिया पाटीदार समाज द्वारा एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 14 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरूआत की। यह आयोजन उमिया धाम करौंदिया में अभिजीत मुहूर्त में कुलदेवी माँ उमिया के आशीर्वाद के साथ संपन्न हुआ।समारोह स्थल उमिया धाम मंदिर एवं उमिया माता मंदिर को अत्यंत आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। विवाह समारोह में संत श्री विजयदास महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे और नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।विवाह के पश्चात प्रत्येक वर-वधू को श्री कालेश्वर सेवा समिति, महेश्वर द्वारा भगवान कालेश्वर की फोटो भेंट की गई। वहीं सरदार पटेल कॉलेज द्वारा माँ उमिया की तस्वीरें प्रदान की गईं। समाज के दानदाताओं ने नवदंपतियों को रामायण, मिक्सर एवं अन्य उपयोगी सामग्री भेंट कर उनके वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएं कीं। इस भव्य आयोजन में 8000 से अधिक समाजजनों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक भोजन का आनंद लिया। महाकाली इलेक्ट्रिक धामनोद द्वारा गुड़ की चाय की विशेष व्यवस्था की गई, जो आकर्षण का केंद्र रही।



## सेवानिवृत्त हुए सह प्राध्यापक डॉ. गांगले को प्राध्यापक का पद नाम नहीं मिला

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

प्रदेश का उच्च शिक्षा विभाग कितना उदासीन एवं लापरवाह हो गया कि अपने ही विभाग के सह प्राध्यापक करीब डेढ़ दशक से अधिक समय बीत जाने के उपरांत वह प्राध्यापक पद नाम बनने की बाँट जो रहे हैं ।सह प्राध्यापक ने उच्च शिक्षा विभाग को इन बीते वर्षों में कई मर्तबा आगह किया परंतु विभाग में बैठे मठाधीश के कानों मे जू नहीं रेंग रही। शासकीय गर्ल्स महाविद्यालय रतलाम से जुड़े अर्थशास्त्र विषय के सह प्राध्यापक पद से 2023 में सेवानिवृत हुए डॉक्टर मदन लाल गांगले को सेवानिवृत हुए 2 वर्ष से अधिक समय बीत चुका लेकिन इन्हें प्राध्यापक का पदनाम नहीं मिला जबकि 2016 में सभी आवश्यक पात्रताएं पूर्ण करने के बावजूद मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग इस मामले में अब तक उदासीन बना हुआ है।

डां गांगले बीते करीब 16 वर्षों से प्राध्यापक पद नाम की प्रतीक्षा कर रहे ।विभाग ने वरिष्ठता क्रम को ताक में रख दिए। विभाग ने प्राध्यापक पद नाम जूनियर को भी दे दिए। इससे विभाग का पक्षपात खुलेआम नजर आता है । शायद ऊपर किसी की लगाम नहीं है ?

डॉक्टर गांगले बताते हैं कि लंबे समय से शासन प्रशासन के समक्ष पदनाम के लिए आवेदन व निवेदन कई मर्तबा करने के बावजूद उन्हें अभी तक केवल सह प्राध्यापक के पद के अनुसार ही पेंशन मिल रही है। पद नाम न मिलने से न केवल उनकी पेंशन राशि प्रभावित हो रही बल्कि उन्हें उनके वास्तविक हक और सम्मान से भी वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि उच्च शिक्षा विभाग की अनदेखी के कारण वह आर्थिक और मानसिक रूप से परेशानियों का सामना कर रहे हैं ।विभाग को इसके पूर्व भी कई मर्तबा पत्र विभाग एवं अनुस्मारक देने के बावजूद विभाग की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। आश्चर्य विभाग मेरे साथ ही क्यों सौतेला व्यवहार कर रहा? मुझे प्राध्यापक पदनाम से वंचित कर रहा है। जिससे राज्य के उच्च शिक्षा विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। विभाग के करीब 400 से अधिक विभिन्न विषयों के सेवानिवृत सह प्रोफेसर कार्यरत सह प्रोफेसरो को प्रोफेसर पदनाम देते हुए थोक बद? प्राध्यापक पद नाम की सूची जारी करने की मांग की है।

## अक्षय तृतीया पर्व पर निर्देशित टीम द्वारा बाल विवाह समझाइश देकर रुकवाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



बाल विवाह सामाजिक अपराध है। अक्षय तृतीया पर्व पर निर्देशित टीम द्वारा बाल विवाह समझाइश देकर रुकवाया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुरहानपुर विधि सक्सेना एवं प्रेमदीप सांकला, व्यवहार न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला व तहसील स्तर पर २ अलग-अलग टीमों का गठन किया गया।

एक टीम द्वारा खकनार क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विवाह समारोह का निरीक्षण किया गया जिसमें अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, पैरालीगल वॉलेंटियर्स महेंद्र जैन, डॉ. फौजिया सोडावाला, डॉ. किरणसिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष विजयासिंह चौहान, समिति के सदस्य मोहन पंवार, मेघा भीड़े, सीमा आसीम पाटील, प्रभारी परियोजना अधिकारी मंदा मोरे के साथ-साथ क्षेत्र की सुपरवाइजर व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पुलिस विभाग से एक महिला एवं पुरुष आरक्षक उपस्थित रहे। उक्त दस्ते द्वारा एक स्थल पर पंचनामा बनाकर समझाइश देकर बाल विवाह रुकवाया गया। इस अवसर पर खकनार क्षेत्र में बाल विवाह के संबंध में शपथ भी दिलवाई गई।

द्वितीय टीम द्वारा नेपानगर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित विवाह समारोह का निरीक्षण किया गया। जिसमें पैरालीगल वॉलेंटियर्स लखनलाल लौवंशी, शहजाद अली, पुरुषोत्तम वानखेड़े, सुनील शिंदे, पुलिस विभाग से एक पुरुष व एक महिला आरक्षक उपस्थित रहे।

## लूट के इरादे से की युवक की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

जिले के थाना बलवाड़ा क्षेत्र में नाचनमोर घाट पर युवक की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस प्रकरण में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 9-10 अप्रैल 2026 की दरमियानी रात की है, जब ओखला निवासी गोलू चौहान की हत्या कर शव को घाट के नीचे फेंक दिया गया था। 10 अप्रैल को भैरू मंदिर के पास शव मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्य जुटाए, परिजनों से पूछताछ की और मुखबिरों की मदद से तीन संदिग्धों– छोटेलाल, राधाकृष्ण और नरेंद्र–को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ में तीनों ने हत्या करना कबूल किया। आरोपियों ने बताया कि शराब पीने के बाद उन्होंने लूट के इरादे से युवक पर हमला किया, लकड़ियों और डंडे से मारकर हत्या कर दी और शव को खाई में फेंक दिया। इसके बाद मोबाइल और नकदी लूट ली तथा मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर नहर में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मोबाइल, हथियार और मोटर साइकिल के पाट्र्स बरामद कर लिए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है और मामले में आगे की जांच जारी है।

### तुलसी सिलावट प्रेरणा सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न

**खंडवा।** समाज में ऐसे कई जनसेवक हें जो अपनों के साथ दूसरों के प्रति भी सेवा कार्य में समर्पित रहते हैं, और ऐसे कार्य करते हैं जो सम्मान के लायक होते हैं, समाज सेवा के कार्य करने वाले ऐसे व्यक्तियों का जब सम्मान होता है तो निश्चित रूप से अपने आप को वे लोग गोर्वान्वित महसूस कर और अपनी सेवा को मजबूत करते हुए अपने कार्य में आगे बढ़ते हैं।

## बड़वानी जिले में दिगंबर जैन युवा महासभा की कार्यकारिणी घोषित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

आज मध्य प्रदेश के धार्मिक जिले बड़वानी में दिगंबर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष विकेश मेहता ने एडवोकेट ऋषभ दोसी को जिला अध्यक्ष एवं एडवोकेट अंजना जैन को महिला शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया है उल्लेखनीय की पूरे देश में राष्ट्रीय नेता विकेश मेहता द्वारा जैन समाज के युवाओं को एक बड़ा प्लेटफार्म प्रदान किया जा रहा है दिगंबर जैन युवा महासभा के आगामी वर्ष में 600 जिलों की कार्यकारिणी घोषित की जा रही हैं। बड़वानी जिले में एडवोकेट ऋषभ दोसी मुनी भक्ति एवं जैन समाज में समाज के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं साथ ही महिला शक्ति के रूप में अंजना जैन एडवोकेट हमेशा जैन धर्म के प्रचार प्रसार में अग्रणी रही हैं

इनकी नियुक्ति में पर दिगंबर जैन महासभा के प्रमुख गजराज गंगवाल पवन गोधा शरद कासलीवाल के साथ-साथ खरगोन जिले के जिला अध्यक्ष युवा समाजसेवी पारस कासलीवाल ने शुभकामनाएं प्रेषित की है

मेहता ने उनकी नियुक्ति करते हुए इनको निर्देश दिया कि शीघ्र ही बड़वानी जिले की कार्यकारिणी घोषित करें एवं महिला अध्यक्ष को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर जैन जागृति जनगणना अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें साथी दिगंबर जैन महासभा की सदस्यता अभियान को गति दें।

## बिना मुहूर्त का शुभ कार्य करने का पर्व है अक्षय तृतीया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा

अनेकता में एकता यही है हमारे भारत की विशेषता, साधु संत और धर्म संस्कारों के पावन भारत में हर त्यौहार धार्मिक उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष की तीज के दिन अक्षय तृतीया आखातीज का पावन दिन होता है, इस दिन किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त या पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं होती पूरा दिन शुभ माना गया है। आखातीज के दिन पूरे देश में बड़ी संख्या में विवाह संस्कार भी आयोजित होते हैं। समाज जनों द्वारा सामूहिक विवाह का भी कार्यक्रम जन जागृति के लिए आयोजित होता है, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि अक्षय का अर्थ जिसका कभी क्षय ना हो माना जाता है कि इस दिन किए गए दान और पुण्य का फल अनंत काल तक रहता है। आखातीज के दिन श्रद्धालु गौशाला पहुंचकर गौ माता का पूजन कर गोग्रास खिलाते हैं, इसी कड़ी में पूर्व निमाड सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के संयोजक आशीष चटकेले एवं पार्षद आशीष चटकेले मित्र मंडल के द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगरीय प्रशासन कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के जन्म दिवस के अवसर पर दान, पुण्य एवं सेवा कार्य का आयोजन आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर खंडवा महापौर अमृता अमर यादव विधायक कंचन मुकेश तंनवे एवं अन्य श्रद्धालु श्री गणेश गौशाला पहुंचे।

### बाइक भिड़ंत के बाद थाने पर पथराव, 5 पुलिसकर्मी घायल

**उज्जैन।** महिदपुर रोड में शुक्रवार को जमकर बवाल हो गया। ग्राम गोगापुर में दो बाइकों की टक्कर को लेकर कुछ लोगों ने महिदपुर थाने के बाहर पथराव कर दिया। उज्जैन में भारी बवालः बाइक भिड़ंत के बाद थाने पर पथराव, 5 पुलिसकर्मी घायल, 20 पर केस दर्जमहिदपुर रोड में शुक्रवार को जमकर बवाल हो गया। ग्राम गोगापुर में दो बाइकों की टक्कर को लेकर कुछ लोगों ने महिदपुर थाने के बाहर पथराव कर दिया। इससे मौके पर मौजूद टीआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक व आरक्षक घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए महिदपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां टीआई के सिर व आंख के पास अधिक चोट होने व प्रधान आरक्षक को भी गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में एक महिला सहित आठ नामजद लोगों सहित 20 लोगों पर दस धाराओं में केस दर्ज किया है।पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम गोगापुर में दो बाइकों की टक्कर हो गई थी। एक बाइक पर शिकारीखेड़ा के महिला व पुरुष बैठे हुए थे। दुर्घटना को लेकर दोनों बाइक पर सवार आपस में विवाद कर रहे थे। इस दौरान बंजारा समाज के लोग भी एकत्र हो गए। विवाद की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझाइश दी गई थी।

## बहुएँ सेवा का संकल्प ले लें तो देश से अनाथ आश्रम समाप्त हो सकते है

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि, वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के अनुसार प्रेम और सहकार से भरापुरा परिवार धरती का स्वर्ग है। परिवार में बहुएँ अगर सेवा के लिये संकल्पित हो जायें तो समुचे देश से अनाथ आश्रम समाप्त हो सकते हैं। नारी करुणा, दया और सेवा की मूर्ति है।

उक्त वक्तव्य समीपस्थ ग्राम भानबरड़ में श्री रेवा गुर्जर समाज तथा ग्रामीणजनों के द्वारा आयोजित सर्व समाज निःशुल्क सामुहिक विवाह संस्कार समारोह के अवसर पर पूर्व संस्कृति मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ महेश्वर ने दिया गायत्री शक्तिपीठ सनावद के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी जगदीश शाह ने विवाह संस्कार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परिवारों में मतभेद होना स्वाभाविक है परन्तु उन्हें शांति पूर्ण संवाद से सुलझाते हुये सादा जीवन और उच्च विचार का पालन करते हुये वास्तविक सुख और संतोष को प्राप्त करना चाहिए। यही धरती का स्वर्ग है।

विधायक सचिन बिरला, पूर्व विधायक जगदीश मोराण्या, पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी, नरेन्द्र पटेल, आरती पाटील, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इन्दर बिर्ला, खण्डवा जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने नव युगलों को आशिर्वचन देते हुये सुखद एवं सफल दाम्पत्य जीवन की मंगल कामनाएं प्रेषित कीं। सामुहिक विवाह समिति के प्रमुख मोहन मलगायां, सरपंच प्रेमलाल करोड़ा, बालकराम चौधरी, रामकिशन मालविया, बालकराम सेजगायां, नत्थूजी, जन शिक्षक दीपक चौधरी तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर 30 जोड़ों का सामुहिक विवाह संस्कार सम्पन्न हुआ।मीडिया प्रभारी महेन्द्रसिंह पंवार ने बताया कि गायत्री परिवार शाखा टोकसर की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार से सामुहिक विवाह संस्कार सम्पन्न करवाया।

गायत्री परिवार सनावद की उपाचार्य बहनों ने प्रत्येक यज्ञ कुण्ड पर अपनी सेवाएं देते हुये दुल्हा-दुल्हन से यज्ञ में आहुतियां समर्पित करवाईं। तहसील संयोजक डॉ. आर.एस. बिर्ले, रामेश्वर बिला, बालकराम रावत, लच्छीराम चौधर, अनिल पाटील सहित अनेक समाजसेवी एवं ग्रामीणजन सम्मिलित हुये सामुहिक विवाह संस्कार की शुरूआत पूर्व विधायक जगदीश मोराण्या द्वारा देवमंच के पूजन से हुई।

सामुहिक विवाह समिति के सदस्यों ने मोहन मलगायां ने नेतृत्व में समस्त गायत्री परिजनों का मंगल तिलक करते हुये पुष्पवृष्टि से सम्मान किया। पूर्व मंत्री विजयलक्ष्मी साधौ, नरेन्द्र पेटल तथा अनेक वक्ताओं ने गायत्री परिवार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याण के कार्यों के लिये गायत्री परिजनों के मंगलमय जीवन की कामना की।

## न्यूज -कॉलम

### आलू-प्याज की बोरी में भरकर लाया था अवैध शराब

**उज्जैन।** चरक भवन के पास अंडे का ठेला लगाने वाला दिव्यांग रविवार-सोमवार रात आलू प्याज की बोरी में अवैध देशी शराब भरकर ला रहा था। कोतवाली थाना पुलिस ने भ्रमण के दौरान उसे कोयला फाटक मार्ग कामनेश्वर मंदिर के पास से पकड़ा। उसके पास से बोरी में भरे देशी शराब के 295 क्वार्टर बरामद हो गये। जिसकी कीमत 26 हजार से अधिक सामने आई है। एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि अवैध शराब के साथ हिरासत में आये दिव्यांग का नाम उमेश पिता तोलाराम बाथरी 48 साल निवासी बम्मनवाड़ा है। जिसे सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। आरोपित अंडे के ठेले की आड में शराब बेचने का काम कर रहा था।

### भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन से यात्री का बेग चोरी

**उज्जैन।** रायसेन का रहने वाला रविन्द्र पिता नारायण सराठे महाकाल दर्शन करने आया था। वापस लौटते समय भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में सवार हुआ था। ट्रेन के मक्सी पहुंचने पर रविन्द्र को पता चला कि उसका बेग चोरी हो गया है। बेग में कपडे और 5 हजार रूपये नगद रखे थे। ट्रेन के भोपाल पहुंचने पर रविन्द्र ने जीआरपी को शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला जांच के लिये उज्जैन जीआरपी को भेजा गया है। उज्जैन से जाने और आने वाली ट्रेनों में आये दिन यात्रियों का सामान चोरी होने के मामले सामने आ रहे है। चोरी में मोबाइल शामिल होने पर जीआरपी सायबर की मदद से बदमाशों का पता लगा रही है, लेकिन जिस चोरी में मोबाइल नहीं होता है उसका पता लगा पाना मुश्किल हो रहा है। ट्रेनों में चोरी करने वाले अधिकांश बदमाश अन्य राज्यों के सामने आ रहे है।

### बापूनगर गली नम्बर 3 में युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के बापूनगर गली नम्बर 3 में रविवार-सोमवार रात चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के पास अभिषेक उर्फ हेमंत पिता रामबाबू परिहार 24 साल निवासी बापूनगर को सुजल पिता अशोक चौहान और उसके एक अन्य साथी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। अभिषेक के घायल होने पर साथी अंकित तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचा। मामले की जानकारी लगने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामले में अंकित की शिकायत पर सुजल और उसके साथी पर चाकू मारने का प्रकरण दर्ज किया। घायल के अनुसार गली में शादी थी, इस दौरान निकलने पर सुजल को टल्ला लग गया था। इसी बात पर विवाद हुआ और उसने चाकू से हमला कर दिया। अभिषेक की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर गये है।

### बाइक के सामने आया स्ट्रीट डॉग, घायल हुआ घायल

**उज्जैन।** सड़कों पर दौड़ते स्ट्रीट डॉग दुर्घटना का कारण बनते जा रहे है। रविवार रात ग्राम उज्जैनिया का रहने वाला कुलदीप पिता गजराजसिंह देवास में आयोजित शादी समारोह से वापस अपने गांव लौट रहा था। आगररोड आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के सामने अचानक दौ?ता हुआ स्ट्रीट डॉग बाइक के सामने आ गया और पहियों से टकरा गया। संतुलन बिगड़ने पर कुलदीप गिरकर गंभीर घायल हो गया। उसे लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सार्वजनिक स्थानों से स्ट्रीट डॉग को हटाने के निर्देश दिये है। बावजूद सार्वजनिक स्थानों पर स्ट्रीट डॉग की संख्या में कमी नहीं आई है। यह लोगों को अपना शिकार तो बना रहे है, वहीं अब दुर्घटना का कारण भी बनते जा रहे है।

### अज्ञात लोगों ने किया हमला

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम भूतिया में रहने वाला मांगीलाल पिता घासीराम बंजारा 30 साल मजदूरी करता है। रविवार को मजदूरी के लिये उज्जैन आया था। रात में बस से घट्टिया लौटा और स्टेंड पर उतरने क बाद पैदल गांव की ओर जा रहा था। उसी दौरान पीछे से अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोंट लगने पर वह बेहोश हो गया। कुछ लोगों ने उसे सडक किनारे पडा देखा तो उसका वीडियो बनाया और गांव में दिखाया। वीडियो देखकर मजूदर की पहचान कर ली और परिजन घटनास्थल पहुंचे और उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां सोमवार दोपहर तक उसे होश नहीं आया था। उसे होश में आने पर ही उस पर हमला करने वालों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### बदमाश के पास मिली गुप्ती

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि ग्राम पानबडोदिया पानी की टंकी के पास बदमाश के पास गुप्ती लेकर घूमने की सूचना मिली थी। बदमाश किसी वारदात की फिराक में था। सूचना पर तत्काल टीम ने पानबडोदिया पहुंचकर बदमाश की घेराबंदी की और उसे हिरासत में लिया। उसके पास से स्टील का हत्था लगी गुप्ती बरामद की गई है। बदमाश अरूण बैरागी होना सामने आय है। जिसके खिलाफ आर्मस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।


| | | |
|---|---|---|
| दिन | 348-5 | 148-3 |
| मेन बाजार | 114-6 | |
| कल्याण नाइट | 357-5 | 589-2 |
| मिलन डे | 147-2 | 188-7 |
| मिलन नाइट | 457-6 | 258-5 |
| मधुर डे | 170-8 | 589-2 |
| मधुर नाइट | 699-4 | 370-0 |
| शुभांक | 2 9 | 8 |

पांच घंटे की मशक्कत के बाद एक का निकाला शव...

# खदान की 50 फीट गहराई में समाएं 2 नाबालिग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन







नागझिरी थाना क्षेत्र में सोमवार शाम हादसा हो गया। 11 हम उम्र बच्चे पानी से भरी गिट्टी खदान में नहाने गये थे। इस दौरान 2 बच्चे खदान की गहराई में समा गये। पांच घंटे की मशक्कत के बाद एक का शव बाहर निकाल लिया गया। दूसरे को निकालने के प्रयास जारी थे। पुलिस और एसडीआरएफ का रेस्क्यू ऑपरेशन रात 11 बजे तक जारी था।

मक्सीरोड के रहने वाले हम उम्र 11 बच्चे सोमवार दोपहर एक साथ ई-रिक्शा में सवार होकर नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया में गिट्टी खदान पर पहुंचे थे। शाम 4 बजे के लगभग खबर सामने आई कि खदान के पानी में नहाते समय 2 बच्चे गहराई में चले गये है। 7 को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जो किनारे पर तैर रहे थे। बच्चों के डूबने की खबर मिलते ही नागझिरी थाना सीएसपी श्वेता गुप्ता, प्रभारी कमल निगवाल टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों की भी? जमा हो चुकी थी। गहराई में समाएं बच्चों को बाहर निकालने के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। होमगार्ड/एसडीआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि 12 सदस्यों की 2 टीम रेस्क्यू में लगी हुई है। खदान की गहराई करीब 50 फीट के लगभग है। डूबे बच्चों का पता लगाने के लिये अंडर वॉटर कैमरों का उपयोग किया गया। दोनों बच्चे गहराई में दिखाई दिये। लेकिन रेस्क्यू टीम 35 फीट गहराई तक पहुंच पा रही थी। बच्चों को बहार निकालने के लिये डीप डायवर्स को उतारा गया। रात 10.30 बजे के लगभग एसडीआरएफ जवान संतोष सोंलकी ने एक बच्चे को बाहर निकाला गया था। जिसका नाम शुभम पिता किरण जाटवा 16 साल निवासी किशनपुरा मक्सीरोड सामने आया है। दूसरा बच्चा अनस पिता हमीद खां 16 साल निवासी अशोकनगर मक्सीरोड है। जिसको निकालने के प्रयास जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। खदान के आसपास अंधेरा होने पर लाईट की व्यवस्था की गई है। अगर 12 बजे तक दूसरे बच्चे का शव नहीं निकल पाया तो सुबह दोबारा से रेस्क्यू शुरू किया जायेगा। डूबे बच्चों को निकालने के लिये शुरू किये रेस्क्यू के दौरान होमगार्ड एसडीआरएफ टीम के साथ सीएसपी श्वेता गुप्ता और थाना प्रभारी कमल निगवाल भी देर रात तक खदान के आसपास मौजूद थे।

### पैदल खदान तक पहुंची सीएसपी गुप्ता

करोंदिया खदान में बच्चों के डूबने की खबर मिलने पर सीएसपी श्वेता गुप्ता अपने वाहन से घटनास्थल के लिये निकली थी, तभी रास्ते में स?क दुर्घटना में एक महिला गंभीर घायल दिखाई दी। उन्होने अपना वाहन रोका और मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को उपचार के लिये अपने वाहन से अस्पताल रवाना किया। वह खुद पैदल करोंदिया स्थित खदान तक पहुंची। घायल महिला तिरूपति विस्टा ग्रीन कालोनी की रहने वाली श्यामबाई पति कन्हैयालाल 55 साल होना सामने आई है। नागझिरी पुलिस घायल महिला के बयान दर्ज कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही थी।

#### घर से बिना बताये निकले थे सभी

बताया जा रहा है कि अधिकांश बच्चे घर से बिना बताये निकले थे, कुछ ने कोचिंग जाने की बात कहीं थी। लेकिन सभी एक साथ ग्राम करोंदिया पहुंच गये। सुरक्षित बाहर निकाले गये बच्चों में आकाश मरमट पांड्याखेडी, उज्जवल सोलंकी गणेशपुरा मक्सीरोड, वरूण रायकवार पांड्याखेडी, आलेख चौहान पांड्याखेडी, पूरब साहू पंवासा, आयुष गोमे कंचनपुरा और विनय सेंगर निवासी कंचनपुरा है। 2 साथियों के डूबने पर सभी दहशत में थे और कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे थे। घटना की जानकारी लगने पर सभी के परिजन करोंदिया पहुंच गये थे। वहीं देर रात तक डूबे दोनों बच्चों के परिजन उनके बाहर निकलने का इंतजार कर रहे थे।

## ड्रग्स के साथ हिरासत में आये कुख्यात गैंग के 3 बदमाश

### रिमांड पर पूछताछ जारी, 53 ग्राम के साथ कार जप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन







दो कुख्यात गैंग में शामिल 3 बदमाशों को चिमनगंज और नीलगंगा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ हिरासत में लिया है। तीनों के पास से 53 ग्राम ड्रग्स के साथ एक आई-20 कार जप्त की गई है। तीनों को 2 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस को रविवार-सोमवार रात खबर मिली थी कि उंडासा मार्ग गरोठ पुलिया के नीचे कार से आये एक व्यक्ति के पास मादक पदार्थ है। वह किसी को देने के लिये खडा है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने एसआई राजाराम चौहान, आरक्षक संदीप चौधरी और रवि पटेल के साथ गरोठ पुलिया के नीचे घेराबंदी की और संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसका नाम धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पिता श्यामसिंह बुंदेला 51 साल निवासी जनता कालोनी आगररोड सामने आया। धर्मेन्द्र बुंदेला गैंग का सक्रिय सदस्य होकर बदमाश जीतू बुंदेला का भाई था। पुलिस टीम ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 28 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। पुलिस टीम ने मौके से उसकी आई-20 कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 3125 जप्त की। एसआई राजाराम चौहान ने बताया कि मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर आरोपित को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में ड्रग्स काला बुंदेला से लाना कबूल किया है, जो वर्तमान में इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में निवासरत है। काला बुंदेला की तलाश में एक टीम देवासनाका रवाना की गई है।

#### गुर्जर भाईयों के पास मिली 25 ग्राम ड्रग्स

मादक पदार्थ के मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने वाकणकर ब्रिज के पास पार्किंग से रात में नमन उर्फ नवीन पिता हरनामसिंह गुर्जर ओर उसके भाई चंद्रशेखर गुर्जर निवासी विश्वबैंक कालोनी चिमनगंज को हिरासत में लिया है। उनके पास से 25 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि सूचना मिलने पर पार्किंग के पास दबिश दी गई तो दोनों ने भागने का प्रयास किया था। लेकिन एसआई भूपेन्द्र चौहान, आरक्षक पुष्पराजसिंह, अंकित, प्रशांत ने घेराबंदी कर पकड लिया। दोनों से 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ कहां से लेकर आये थे।

### गिरफ्त में आया हत्या में शामिल पुत्र, पिता की तलाश

**उज्जैन।** भैरवगढ़ क्षेत्र के सिद्धवट मंदिर के पास रविवार को हुई हत्या में शामिल महिला के गिरफ्त में आने के बाद पुत्र को सोमवार सुबह पुलिस ने कस्टडी में लिया। अब मामले में मुख्य आरोपी पिता फरार है, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

अनंत नगर में रहने वाला राम पिता अशोक कुमावत 40 साल वाहन शोरूम पर सुरक्षा गार्ड का काम करता था। रविवार दोपहर भैरवगढ़ क्षेत्र के सिद्धवट मंदिर के पास भदेड मोहल्ले में राम की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। घटनाक्रम के बाद सामने आया था कि हत्या में रामेश्वर मालवीय उसकी पत्नी प्रेमलता उर्फ भूरी और पुत्र दुर्गेश शामिल है। मामला 50 हजार रूपये के लेनदेन से जुडा है। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मृतक के भाई बंटी की शिकायत पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर कुछ घंटों में प्रेमलता को हिरासत में ले लिया था। पति और पुत्र की तलाश जारी थी। सोमवार सुबह पुत्र दुर्गेश भी हिरासत में आ गया। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर फरार रामेश्वर की जानकारी जुटाकर उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है। संभावना है कि जल्द रामेश्वर भी पुलिस की गिरफ्त में आ जायेगा। विदित हो कि प्रेमलता मृतक राम कुमावत के यहां साफ-सफाई का काम करती थी। इसी वजह से राम ने उसके पति को रूपये उधार दिये थे। वापस मांगने पर विवाद हुआ था और तीनों ने मिलकर हत्या कर दी थी।

### न्यूनतम तापमान 24 डिग्री पहुंचा, दिन में आई 2.1 डिग्री की गिरावट

**उज्जैन।** मौसम में आये बदलाव से रविवार देर शाम कई क्षेत्रों में तेज बूंदाबांदी हुई थी। जिसके बाद रात का तापमान 3.2 डिग्री बड़ गया था। सोमवार को अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अप्रैल माह की भीषण गर्मी में मौसम का दोहरा रूप दिखाई दे रहा है। रविवार को तापमान 41.4 डिग्री पहुंच गया था और गर्मी से लोग परेशान दिखाई दे रहे थे, लेकिन शाम ढलने के बाद अचानक आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और तेज हवा के साथ मौसम पूरी तरह से बदल गया। कुछ देर के लिये तेज बूंदाबांदी हुई और गर्मी से राहत महसूस हुई, लेकिन कुछ देर बाद ही उसम बड़ गई। इस बीच रात का तापमान 24 डिग्री पहुंच गया। जो शनिवार-रविवार रात 20.8 डिग्री था। सोमवार को अधिकतम तापमान में गिरावट आई और शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर 39.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो नमी और गर्म हवा की वजह से मौसम में दोहरा रूप दिखाई दे रहा है। वैसे आगामी दिनों में तापमान ओर बढेंगा, इस बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश भी हो सकती है।

## अनमोल की फरारी में महिला मित्र ने किया था सहयोग

### साथियों के साथ भेजा जेल, अब अनमोल की तलाश



**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में 14 अप्रैल को रंजीश के चलते युवक को गोली मारने वाले बदमाशों में शामिल अनमोल गुर्जर को फरार कराने में महिला मित्र ने सहयोग किया था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के बाद सहयोगी रहे 5 अन्य युवकों को भी गिरफ्तार कर लिया था। सभी को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर केन्द्रीय भैरवगढ़ जेल भेजा गया है।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि गोली लगने पर विष्णुपुरा का रहने वाला लव निर्मल घायल हुआ था। मामले में बयान दर्ज कर प्रकरण दर्ज किया था, गोली चलाने में मुख्य आरोपी जय उर्फ बच्चा चौहान होना सामने आया था। जिसे चंद घंटों में गिरफ्तार कर देशी कट्टा बरामद किया था। उसे रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया था। गोली चलाने में उसके साथ अनमोल गुर्जर और एक अन्य शामिल होना सामने आया है। जिनकी तलाश के लिये एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर विशेष टीम बनाई गई थी। अनमोल कुख्यात गुर्जर गैंग का सदस्य है, उसकी और अन्य साथी की गिरफ्तारी के प्रयास में विकास पिता रमेशचंद्र सिरोलिया को गिरफ्तार किया गया। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो सामने आया कि अनमोल को फरार करने में उसकी महिला मित्र शीतल उर्फ शीतू पिता दिलीप त्रेणावत निवासी संजयनगर की भूमिका थी। गोली चलाने के बाद अनमोल ने सबसे पहले शीतल से संपर्क किया था। उसने नवनीत नायक जयसिंहपुरा, यशंवत कौशल राधा परिसर, जतिन सूर्यवंशी महाकाल मार्ग, प्रीतम ठाकुर ढांचा भवन की मदद से अनमोल का शहर से फरार कराया। अनमोल को फरार करने वाले सभी आरोपियों को पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार कर उनके पास से एक बाइक और सुजुकी एक्सेस बरामद की गई। लेकिन सभी से पूछताछ में अनमोल का सुराग नहीं मिल पाया। आरोपियों को कहना था कि अनमोल मोबाइल का उपयोग नहीं कर रहा है, उन्होने उसे अलग-अलग स्थानों पर छोड़ा था, उसके बाद जानकारी नहीं है। थाना प्रभारी पाराशर के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ अनमोल को फरार कराने में सहयोग करने वाले को धारा 249 में गिरफ्तार कर सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

**जाहिर सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वेन 175/1/1/2 रकबा 2.865 स्थित ग्राम दाऊदरखेडी तह व जिला उज्जैन है जिसके सम्बन्ध में म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में प्रकरण के 199/2026 में दिनांक 4/2/2026 स्थगन आदेश पारित किया गया है जिसको पूर्व विक्रेता प्रहलाद पिता हीरालाल आजना अवैधानिक रूप से कूटरचित दस्तावेज के आधार पर अन्य को विक्रय अन्तरित करना चाहता है। इस जाहिर सूचना के जारिये सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के सम्बन्ध में उक्त प्रहलाद आजंना से कोई भी दस्तावेज उक्त भूमि के सम्बन्ध में निष्पादित या पंजीकृत नहीं कराया जावे अन्यथा ऐसा दस्तावेज मेरे पहा कार पर बन्धकारक नहीं होगा तथा शन्यूवत व प्रभावहीन माना जावेगा तथा उच्च न्यायालय के आदेश दि. 4/2/2026 की अवमानना भी मानी जावेगी। दि. 20/04/2026

**योगेश गोस्वामी**
**13/1 बेगमपुर उज्जैन मप्र**
**मो. 9302239964**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, परवीन बी पति मरहूम सलीम खान निवासी निमनवासा मक्सी रोड़, उज्जैन होकर मेरे पति की मृत्यु हो गयी है। मेरे 03 पुत्रगण होकर जिनके नाम क्रमशः (1) शानू (2) मोनू उर्फ महफूज (3) मोईन है। मेरे साथ मेरे पुत्र मोईन एवं शानू निवासरत है। मेरे पुत्र मोनू उर्फ महफूज अपनी गलत आदतों एवं गलत संगति में पड़ने के कारण उसका आचरण व व्यवहार मेरे साथ सभ्य एवं अच्छा नहीं है। मैं उसकी आदतों व दुर्व्यवहार के कारण परेशान हो चुकी हूँ। मेरे द्वारा मोनू को अपनी संपूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया गया है। वह मुझसे पृथक निवास कर रहा है। मेरा उससे कोई संबंध व सारोकार अब नहीं रहा है। यदि किसी बैंक, संस्था, सोसाईटी, शासकीय, अर्द्धशासकीय या किसी भी अन्य व्यक्तियों द्वारा उससे किसी भी प्रकार का लेन-देन अथवा संव्यवहार आदि किया जाता है तो वह व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेगा। मेरा मेरे पुत्र मोनू उर्फ महफूज से संबंध व सरोकार नहीं रहेगा। सूचित हो। इति दिनांक 20/4/26

**परवीन बी पति मरहूम सलीम खान**
**निवासी निमनवासा मक्सी रोड़, उज्जैन**
**मो. 81031-86271**

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**
**इंजीनियरिंग विभाग : ई-टेंडरिंग सूचना**

**संख्या : W/623/5/3/NIT, दिनांक : 18.04.2026,** मंडल रेल प्रबंधक मंडल कार्यालय कार्य लेखा शाखा पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं । विवरण इस प्रकार है।

**क्र. संख्या :** 1, **ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-2026-27-43, **कार्य का नाम :** Annual Maintenance of automated water level gauge installed at Br No. 114(UP&DN), 317(UP&DN), 26 (UP&DN) & 299 (UP/DN) on GDA-NAD section of Ratlam Division (For 3 year duration), **अनुमानित लागत :** ₹ 22,44,841.88, **बयाना राशि :** ₹ 44,900.00, **निविदा खुलने की तिथि :** 11.05.2026. विस्तृत निविदा सूचना अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ADM/5/1/010

Follow us on: twitter.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**
**संकेत एवं दूर संचार विभाग**
**ई-निविदा सूचना**
**निविदा संख्या : SnT-RTM-26-Tele-06, दिनांक : 17.04.2026**

निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :** रतलाम मंडल में सिम्हास्थ 2028 के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर दूरसंचार यात्री सुविधाओं एवं विभिन्न सुविधाओं के उन्नयन तथा प्रतिस्थापन हेतु दूरसंचार सामग्री (सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य, **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 8,09,57,465.47/- (रूपये आठ करोड़ नौ लाख सत्तावन हजार चार सौ पैंसठ और सैंतालीस पैसे मात्रा), **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **बयाना राशि:** ₹ 16,19,200/-, **कार्य पूरा करने की अवधि :** नौ (09) माह, **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 28/05/2026 समय 15.00 बजे तक, **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय :** दिनांक 28.05.2026 समय 15:30 बजे तक, **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन। निविदा **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और IREPS Portal पर पंजीकृत होना आवश्यक है तथा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। केवल पंजीकृत निविदाकार ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते है।

ADM/6/1/012

Follow us on: twitter.com/WesternRly

# सुख-दुख सगे भाई



आजकल हर तरफ विकास की बातें हो रही हैं, लेकिन सिर्फ बातें करने से विकास नहीं होगा। विकास में सबसे बड़ी बाधा है– पुराने का अंबार, जो मन के अंदर जमा हुआ है। सदियों से एक नुकसान हुआ है हमारा, हमें दुखों से बचना सिखाया गया है। हम अपनी जिंदगी में हजारों तकलीफों से बचते रहे हैं। वे तकलीफें अंदर इकट्ठा होती रहती हैं। जब आप विकसित होने का फैसला करते हैं, तो आपको उन सभी तकलीफों का सामना करना पड़ता है, जिनको आपने दबा रखा था। अब तक धरती पर ऐसा कोई भी समाज नहीं रहा है, जिसने दुखों को छिपाया न हो। लोग दो चीजों को छिपाते हैं– दुख और खुशी। वे खुशी को भी दुख की वजह से ही दबाते हैं। उनका तर्क होता है कि अगर आप बहुत ज्यादा खुश नहीं होंगे, तो आप कभी बहुत ज्यादा दुखी भी नहीं होंगे। इसलिए वे सिर्फ दूसरों से ही दुख नहीं छिपाते, बल्कि खुद से भी छिपाते हैं। अपने दुखों को देखना भी बड़ा दुखद लगता है। सुख–दुख जुड़वां भाई हैं। अगर आप आनंद से भरी जिंदगी चाहते हैं, तो आपको कई तरह की पीड़ाएं भी झेलनी पड़ेंगी। अगर आप हिमालय की चोटियां चाहते हैं, तो आपको उसकी घाटियां भी मिलेंगी ही। हालांकि, घाटियों में कुछ भी गलत नहीं है; बस आपका नजरिया थोड़ा अलग होना चाहिए। आप दोनों का मजा ले सकते हैं– चोटी भी सुंदर है और घाटी भी, बल्कि आप दुख में जितनी गहराई तक उतरते हैं, सुख में उतरने की आपकी क्षमता भी उतनी ही गहरी होती जाती है। जापान के जेन प्रणाली में ध्यान सिखाने के लिए छोटे–छोटे हाइकू का प्रयोग करते हैं। वे लोग सागर भर ज्ञान को गागर भर शब्दों में उड़ेलने में कुशल हैं। ऐसा ही एक सुंदर हाइकू है– वसंत में, सैकड़ों फूल; पतझड़ में, फसल वाला चांद। गर्मी में, एक ताजगी भरी हवा; सर्दी में, बर्फ। अगर तुम्हारे मन में बेकार की चीजें न अटकी हों, तो कोई भी मौसम अच्छा मौसम है। हरेक मौसम का अपना मजा होता है, अपना सौंदर्य होता है, जिंदगी के हर पड़ाव का अपना आनंद, पर हम हर अनुभव से आनंद निचोड़ना जानते ही नहीं। क्यों? उसकी वजह यह हाइकू बताता है। मन में इतनी बेकार की चीजें पड़ी होती हैं, यानी अतीत का इतना कचरा भरा होता है कि उसकी धुंध में से सामने फैला हुआ सौंदर्य दिखता ही नहीं। यही कचरा विकास के आड़े आता है। थोड़ी हिम्मत करके अपने दबाए हुए दुखों को उलीचना सीख लीजिए। शुरू–शुरू में थोड़ी कठिनाई होगी, आदतें तो बदलनी पड़ेंगी, लेकिन एक बार आपने रफ्तार पकड़ ली, तो विकास सहज होता है, ठीक वैसे ही, जैसे एक कली खिलकर फूल बन जाती है।



सम्पादकीय

## वाजिब सख्ती

होर्मुज जलमार्ग से गुजरते समय दो भारतीय वाणिज्यिक जहाजों पर ईरानी फौज की तरफ से हुई गोलीबारी दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, बेहद चिंताजनक भी है। आखिर ऐसा क्यों हुआ कि भारतीय ध्वज लगे जहाज पहली बार इस्लामी रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के निशाने पर आ गए? बेशक, होर्मुज को पूरी तरह खोलने के ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के एलान के महज 24 घंटे के भीतर इसे दोबारा बंद करने की घोषणा कर दी गई थी, लेकिन ईरान पहले भी भारतीय पोतों के लिए सुरक्षित रास्ता दे चुका है। ब्योरे यही बताते हैं कि अमेरिका–ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से लगभग 10 भारतीय पोत यहां से निकलकर भारत आए हैं। फिर ईरानी फौज ने यह कदम क्यों उठाया? उचित ही नई दिल्ली ने इस घटना पर सख्त रुख अपनाया है। शनिवार देर शाम विदेश मंत्रालय ने न सिर्फ ईरानी राजदूत मोहम्मद फताली को तलब किया, बल्कि भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बैठक में यह साफ भी कर दिया गया कि भारत अपने जहाजों और नाविकों की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर है। ईरानी राजदूत को अपने शीर्ष अधिकारियों को भारतीय रुख से अवगत कराने को भी कहा गया है।

इस पूरे घटनाक्रम से कई सवाल पैदा होते हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित कैसे माना जाए? करीब दो दिन पहले, जब इसे अस्थायी युद्ध-विराम तक कारोबारी जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने का एलान हुआ था, तब दुनिया ने राहत की सांस ली थी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की मुश्किलों का अंत शायद करीब है, किंतु चंद घंटों के भीतर ही ईरानी मीडिया ने स्पष्ट कर दिया कि ईरानी विदेश मंत्री के शब्दों को ह्यगलतह्न समझा गया है और होर्मुज से गुजरने के लिए ईरानी नौसेना की अनुमति पूर्ववत अनिवार्य रहेगी। जाहिर है, इससे ईरान की अंदरूनी राजनीति को लेकर भी एक भ्रम की स्थिति बनी है। क्या ईरान सरकार व आईआरजीसी के बीच कुछ मतभेद हैं? मुमकिन है, ईरान की इस ह्यहां–नाह्न ने उन जहाज-संचालकों को आगे बढ़ने को प्रेरित किया हो, जो इस मार्ग के खुलने की आस में आसपास के क्षेत्रों में डेरा डाले हुए हैं। आखिर होर्मुज मार्ग के फैसले ईरान में कौन ले रहा है? यह सब उस वक्त हो रहा है, जब अमेरिका और ईरान फिर से सहमति के सूत्र तलाशने में जुटे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही दोनों देशों के बीच दूसरे दौर की वार्ता हो सकती है। ऐसे में, अगर विश्व बिरादरी में ईरान के वास्तविक नेतृत्व को लेकर कोई ऊहापोह की स्थिति बनी, तो इसका कूटनीतिक नुकसान सबसे अधिक तेहरान को ही होगा।

### छाया भी लूट ली गई : देश चलाने वाले हाथ अब जल रहे हैं

# गर्मी की मार, गिरता जनस्वास्थ्य: आखिर कब जागेगी नीति-व्यवस्था?

तपता हुआ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है। आसमान की तीखी तपिश एक



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

अदृश्य आपदा बन चुकी है, जिसने भारत में जीवन के संतुलन को डगमगा दिया है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में गर्मी अब सहनशीलता की सीमा नहीं, बल्कि सीधे स्वास्थ्य पर प्रहार करने वाली ताकत बन गई है। बढ़ती हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता साफ दिखाती है कि यह अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी और गहराता संकट है। ऐसे में इसे केवल पर्यावरण का मुद्दा मानना भूल होगी; इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार करना अब न केवल आवश्यक, बल्कि अपरिहार्य हो गया है।

इस उभरते संकट की सबसे निर्मम मार उसी विशाल अनौपचारिक श्रमबल पर पड़ रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है, फिर भी नीतिगत प्राथमिकताओं में हाशिये पर रहता है। भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के करीब 12.8 करोड़ कार्यकर्ता–निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों की तपिश, बाजारों की भीड़ और डिलीवरी के चक्र में जुटे मजदूर–खुले आसमान के नीचे बिना सुरक्षा के काम करने को विवश हैं। उन्हें न पर्याप्त छाया मिलती है, न स्वच्छ व ठंडे पानी की नियमित उपलब्धता, और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसेमंद तंत्र। यह विडंबना है कि जो हाथ देश की प्रगति को गति देते हैं, वही जलवायु संकट के सामने सबसे अधिक असहाय और असुरक्षित हैं।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभाव अब गहरे, व्यापक और चिंताजनक रूप ले चुके हैं। ऊंचा तापमान हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों के खतरे को बढ़ा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं में समय से पहले प्रसव का जोखिम 15-16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट, गुर्दे की खराबी और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बनते जा रहे हैं। जो आंकड़े सामने आते हैं, वे



इस संकट की केवल ऊपरी परत दिखाते हैं; असल तस्वीर कहीं अधिक भयावह है, जहां अनगिनत पीड़ाएं और मामले बिना दर्ज हुए चुपचाप दब जाते हैं।

गर्मी का प्रभाव अब केवल शरीर की सहनशक्ति तक सीमित नहीं रहा; यह बीमारियों की प्रकृति, उनकी गति और उनके फैलाव की दिशा तक को बदल रहा है। तापमान में निरंतर वृद्धि और वर्षा के अस्थिर पैटर्न ने मच्छरों के जीवनचक्र को इस तरह परिवर्तित किया है कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से नए भूभागों, यहां तक कि हिमालयी क्षेत्रों में भी पैर पसार रही हैं। जो संक्रमण कभी सीमित भौगोलिक दायरों में बंधे थे, वे अब उन क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं जहां पहले उनका नामोनिशान तक नहीं था। इस बदलाव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर असामान्य दबाव डाल दिया है, जबकि पहले से ही वंचित और कमजोर समुदाय और अधिक खतरे में आ गए हैं।

आर्थिक मोर्चे पर भी यह संकट अदृश्य चोट की तरह गहरा असर डाल रहा है। लैंसेट काउंटडाउन 2025 के अनुसार 2024 में गर्मी ने भारत से करीब 247 बिलियन श्रम घंटे छीन लिए, जिससे लगभग 194 बिलियन डॉलर की आय हानि हुई। 2030 तक गर्मी से 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियां प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ती गर्मी ने श्रम उत्पादकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि काम की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे मजदूरों की कमाई घट रही है और देश की आर्थिक प्रगति भी बाधित हो रही है। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है, जहां बीमारी के दौरान विश्राम या आय-सुरक्षा जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती, इसलिए वे मजबूरी में काम जारी रखते हैं और अपनी सेहत को और गहरे संकट में धकेलते जाते हैं।

इसके बावजूद, नीति स्तर पर यह संकट अब भी अपेक्षित प्राथमिकता हासिल नहीं कर पाया है। हीटवेव को अभी राष्ट्रीय आपदा का दर्जा नहीं मिला है, जिसके कारण राहत, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था सीमित और धीमी बनी हुई है। नतीजतन, सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही सबसे कम संरक्षित रह जाता है। यदि जलवायु परिवर्तन को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, तो संसाधनों का अधिक प्रभावी और त्वरित आवंटन संभव होगा, निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन मजबूत होगा। यह कदम औपचारिकता नहीं, बल्कि ठोस और निर्णायक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो सकता है। समाधान के स्तर पर अब आधे-अधूरे उपायों से आगे बढ़कर ठोस और व्यापक कार्रवाई की जरूरत है। अनौपचारिक मजदूरों के लिए हीट-सेफ्टी कानून लागू करना, हर कार्यस्थल पर छाया और स्वच्छ पानी की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करना, तथा काम के घंटों को तापमान के अनुसार वैज्ञानिक ढंग से पुनर्निर्धारित करना बेहद जरूरी है। शहरी इलाकों में हरित क्षेत्र बढ़ाना, सुलभ कूलिंग सेंटर विकसित करना और जलवायु-लचीला स्वास्थ्य ढांचा तैयार करना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। साथ ही, जागरूकता अभियानों को मजदूरों की भाषा, परिस्थितियों और जरूरतों के अनुरूप ढालना अनिवार्य है, ताकि ये उपाय वास्तव में प्रभावी बन सकें।

अब निर्णय की घड़ी आ चुकी है–यह मानने की कि जलवायु परिवर्तन कोई दूर का खतरा नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान का सख्त और तेजी से विकराल होता सच है। इसकी तपिश अब केवल मौसम तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य और आजीविका के हर पहलू को झुलसा रही है। यदि इसे समय रहते सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार कर ठोस और साहसिक कदम नहीं उठाए गए, तो इसके परिणाम और अधिक भयावह और व्यापक होंगे। यह लड़ाई केवल पर्यावरण बचाने की नहीं, बल्कि मानव जीवन, सामाजिक न्याय और आर्थिक स्थिरता को सुरक्षित रखने की है– और अब इस सवाल को टालना, दरअसल, भविष्य को खतरे में डालना होगा।

## भीषण गर्मी में राहत देंगे ये उपाय

गर्मी के तेवर राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश आने वाले दो दिनों में मौसम विज्ञान के अनुसार ज्यादा दिखाई देंगे।इसमें बचने हेतु घरेलू उपचार भी करें।सत्तू चने,गेहूं,जौ के आटे से बनता है।यह शरीर को ठंडक पहुंचाने में भी मदद करता है। सत्तू दो प्रकार के होते हैं एक है चने का सत्तू और दूसरा है जो मिला सत्तू। दोनों को भून और पीसकर सत्तू बनाया जाता है। सत्तू शरबत को आप नमकीन या मीठा अपनी पसंद के हिसाब से बना सकते हैं।पहले के समय गाँव में गेहूं की उम्बी को सेक कर और हरे चने को सेक कर रख लेते थे।इनको ओखली - मूसल में खांडा जाता था।चलनी से छान कर मिट्टी के मटके में भर कर गर्मी के दिनों के लिए,तीर्थ जाने पर,दूर गांव जाने पर आहार स्वरूप ले जाया जाता था।ये आहार शीघ्र तैयार हो जाता था।आज भी पवित्र नदियों के किनारे बसे मंदिरों के आसपास सत्तू की दुकान रहती है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक को सत्तू का आहार लेने में कोई परेशानी नहीं होती।इसकी तासीर ठंडी होती है।पचने में भी आसान होता है।इसके अलावा गर्मी दूर करने हेतु पैरों में मेहंदी लगाई जाती,केरी का पना ,नीबू का शरबत,छाछ,दही,और पानी मिलाकर दूध,पानी मे गुड़ घोलकर पिया जाता है।धूप में रहने पर लू लग जाती तो उसे भी उतारी जाती।लू उतारने के लिए पीतल की थाली,सूखी मैथी, सूखे बोर,पानी मे भीगा कपड़ा(गलना) के जरिए लू पीड़ित को जमीन पर लिटाकर पानी भरी थाली,गिला कपड़ा ऊपर से नीचे की ओर उतारा जाता था।जिसका मतलब उसके शरीर का तापमान कम करना था।पहले उपचार के घरेलु उपाय थे।अब लू लगे तो चिकित्सक को दिखाना और उपचार लेना श्रेष्ठ रहता है।

**संजय वर्मा**

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 21 अप्रैल 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:05 सूर्यास्त 18:46
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - पंचमी 25:20 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - मृगशिरा 23:58 उपरांत आर्द्रा
योग - शोभन 12:30 उपरांत अतिगंड
करण - बव
चन्द्रमा - वृषभ में है। 13:00 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 03 तारिख

**मेष-** प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृषभ-** समय की अनुकूलता का लाभ लें। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन-** कार्यभार व अधिकार में वृद्धि हो सकती है। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी।

**कर्क-** भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। प्रमाद न करें।

**सिंह-** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**कन्या-** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। उत्साह बना रहेगा।

**तुला-** नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक-** नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी।

**धनु-** कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। उत्साह बना रहेगा।

**मकर-** विवाद को बढ़ावा न दें। विवेक का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। अध्यात्म में रुझान रहेगा।

**कुंभ-** सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन-** चारों तरफ से सफलता मिलेगी। चंता तथा तनाव कम होंगे। भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी।

**-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545**

समसामयिक

## टॉपरों की होर्डिंग : सम्मान, प्रेरणा या अनजाने में बढ़ता दबाव?

सबसे पहले उन सभी बच्चों को दिल से बधाई, जिन्होंने कड़ी मेहनत से शानदार परिणाम हासिल किए। यह उनकी लगन, अनुशासन और परिवार-शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। ऐसे बच्चों पर गर्व होना स्वाभाविक है और उनकी सफलता का सम्मान भी होना चाहिए।



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

लेकिन इसी के साथ एक सवाल भी खड़ा होता है– क्या हम इस सफलता को मनाने के तरीके में कहीं अनजाने में कुछ ऐसा तो नहीं कर रहे, जो बाकी बच्चों या खुद टॉप करने वाले बच्चों के लिए दबाव का कारण बन जाए?

चौराहों पर मुस्कुराते चेहरे और अनकही भावनाएं आजकल स्कूल प्रबंधन द्वारा टॉपर्स के बड़े-बड़े फोटो होर्डिंग बनाकर शहर के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाते हैं। यह एक तरह से सम्मान है, लेकिन हर तस्वीर के पीछे कुछ ऐसे पहलू भी छिपे होते हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है।

जो बच्चे मेरिट में नहीं आ पाए– वे रोज इन होर्डिंग्स को देखते हैं और अनजाने में खुद की तुलना करने लगते हैं।

उनके मन में सवाल उठते हैं– क्या मेरी मेहनत कम थी?

क्या मैं उतना काबिल नहीं हूँ? यह भावना धीरे-धीरे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है। और जिनके फोटो लगे हैं उनका क्या?

अक्सर हम यह मान लेते हैं कि जिन बच्चों की तस्वीरें लगी हैं, वे सिर्फ खुश होंगे।

लेकिन सच्चाई यह भी है कि उनके लिए यह एक नई शुरूआत नहीं, बल्कि एक नया दबाव बन सकता है।

अब उनसे हर बार उतना ही या उससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है छोटी सी गिरावट भी उन्हें खुद के लिए असफलता जैसी लग सकती है टॉपर की पहचान उन्हें सहज छात्र से हमेशा साबित करने वाले छात्र में बदल देती है क्या यह सही है कि इतनी कम उम्र में बच्चों पर इतनी बड़ी उम्मीदों का भार डाल दिया जाए?

**प्रोत्साहन बनाम प्रदर्शन-** यह लेख किसी की सफलता या स्कूलों के प्रयासों के खिलाफ नहीं है।

सवाल सिर्फ इतना है कि– क्या प्रोत्साहन का तरीका ऐसा होना चाहिए, जो कुछ बच्चों को ऊपर उठाए और बाकी को अंदर ही अंदर तोड़ दे?

अगर उद्देश्य सच में प्रेरणा देना है, तो क्या हम उन बच्चों को भी जगह नहीं दे सकते जिन्होंने– अपने नंबरों में सुधार किया कठिन परिस्थितियों के बावजूद परीक्षा पास की किसी अन्य क्षेत्र (खेल, कला, व्यवहार) में अच्छा किया

**सफलता की परिभाषा पर पुनर्विचार-** हमें यह समझना होगा कि हर बच्चा अलग है। किसी की ताकत पढ़ाई है, तो किसी की कला, खेल या व्यवहार। सिर्फ अंकों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ तय करना, शायद बच्चों की असली क्षमता को सीमित कर देता है।

**समाज और व्यवस्था के लिए एक सोचने का विषय-** यह समय है जब स्कूल, अभिभावक और समाज मिलकर यह सोचें– क्या हम बच्चों को प्रेरित कर रहे हैं या तुलना की दौड़ में धकेल रहे हैं?

क्या हम सफलता का जश्न मना रहे हैं या उसे एक प्रदर्शन बना रहे हैं? क्या बच्चों की मानसिक शांति हमारी प्राथमिकता है?

**एक छोटा सा सुझाव-** अगर सम्मान देना है, तो जरूर दें–ॅ लेकिन ऐसा संतुलित तरीका अपनाएं जिसमें हर बच्चा खुद को सम्मानित महसूस करे, न कि तुलना का शिकार।

# किन वजहों से पीले हो जाते हैं दांत? जानें दातों को चमकाने के तरीके

साफ और चमकते हुए दांत पर्सनैलिटी में चार चांद लगा देते हैं। डेंटिस्ट दांतों को साफ रखने के लिए रोजाना दो बार ब्रश करने की सलाह देते हैं। दांत साफ हों, तो ओरल हेल्थ बेहतर होती है और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। अक्सर आपने देखा होगा कि लोगों के दांत पीले हो जाते हैं। कई बार ब्रश करने के बावजूद दांतों का पीलापन नहीं हटता है और इससे लोग शर्मिंदा होने लगते हैं। दांत पीले होने की कई वजह हो सकती हैं और यह दांतों की बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। डॉक्टर से जानेंगे कि दांत किन-किन वजहों से पीले हो सकते हैं और इससे किस तरह छुटकारा पाया जाए।



नई दिल्ली के पीतमपुरा स्थित गुलाटी डेंटल क्लीनिक के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ। वैभव गुलाटी के मुताबिक दांत पीले होने की कई वजह हो सकती हैं। सही तरह ब्रश न करने से दांत पीले हो सकता हैं। पान, तंबाकू, गुटखा खाने से दांतों का रंग पीला हो सकता है। एनर्जी ड्रिंक्स, कोल्ड ड्रिंक्स, ग्रीन टी और जंक फूड्स का ज्यादा सेवन करने से ऐसा हो जाता है। कई खाने-पीने की चीजों से दांत पीले हो सकते हैं। अधिकतर मामलों में दांत पीले होना किसी बीमारी का संकेत नहीं होता है। हालांकि कई बार पीले दांत पायरिया या दांतों की अन्य बीमारियों का संकेत हो सकता है। ऐसी कंडीशन में जांच के बाद ही दांत पीले होने की सटीक वजह पता चल सकती है।

**5 संकेत गले में कैंसर के शुरुआती लक्षण!**

डेंटिस्ट की मानें तो कई जगहों के पानी में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे फ्लोरोसिस बीमारी हो सकती है। इस परेशानी में दांतों पर सफेद या पीले धब्बे हो सकते हैं। उम्र बढ़ने के साथ दांतों के रंग में थोड़ा बदलाव होना आम बात है, लेकिन ब्रशिंग प्रॉपर हो तो दांतों को लंबे समय तक साफ और चमकदार रखा जा सकता है। अगर प्रॉपर ब्रशिंग के बावजूद दांत पीले हो रहे हैं, तो डेंटिस्ट से मिलकर जांच करानी चाहिए। अगर किसी के दांत ज्यादा पीले हो जाएं, तो दांतों के डॉक्टर से क्लीनिंग (स्केलिंग) करा सकते हैं। इससे दांत साफ हो जाएंगे और फिर आपको साफ-सफाई मेंटेन करनी होगी। डॉक्टर की मानें तो लोग पीले दांतों को साफ करने के लिए घरेलू नुस्खे वैज्ञानिक रूप से प्रूव्ड नहीं हैं। इन चीजों से बचना चाहिए।

धर्म–आस्था

# जब प्रेम ने प्रभु को भी झुका दिया – शबरी की अमर साधना

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में भक्ति केवल उपासना का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के बीच सबसे सरल और सशक्त सेतु मानी गई है। यह वह मार्ग है जहाँ न तर्क की आवश्यकता होती है, न आडंबर की। यहाँ केवल हृदय की निष्कलुषता और समर्पण का महत्व होता है। शबरी की कथा इसी दिव्य भक्ति का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसने न केवल श्रीराम के हृदय को स्पर्श किया, बल्कि उस प्रेम की ऊँचाई को स्वयं भगवान शिव ने भी स्वीकार किया।

वन के एकांत में रहने वाली शबरी का जीवन किसी राजसी वैभव से नहीं, बल्कि साधारणता, सेवा और प्रतीक्षा से परिभाषित था। वह न तो वेदों की ज्ञाता थीं, न किसी यज्ञ या अनुष्ठान की विशेषज्ञ। उनके पास यदि कुछ था, तो वह था अटूट विश्वास और अपने आराध्य के प्रति निष्काम प्रेम। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण इसी आशा में व्यतीत किया कि एक दिन प्रभु उनके द्वार अवश्य आएंगे।

जब श्रीराम उनके आश्रम पधारे, तो वह क्षण केवल एक भक्त और भगवान का मिलन नहीं था, बल्कि यह उस प्रतीक्षा की पूर्णता थी, जिसे शबरी ने वर्षों तक संजोकर रखा था। उनके द्वारा अर्पित किए गए वे साधारण बेर, जिन्हें उन्होंने प्रेमवश चखकर मीठा सुनिश्चित किया, भक्ति के सर्वोच्च प्रतीक बन गए। यह प्रसंग इस सत्य को स्थापित करता है कि भगवान को वस्तु नहीं, भावना प्रिय होती है।

किन्तु इस कथा का एक और गहन आयाम है, जो भक्ति की महिमा को और भी ऊँचा उठाता है। जब श्रीराम अपने मार्ग पर आगे बढ़ गए और शबरी पुनः अपने एकांत में लौट आईं, तब भी उनका मन उसी प्रेम में लीन रहा। शरीर की शक्ति क्षीण हो रही थी, किन्तु आत्मा की ज्योति और अधिक प्रखर होती जा रही थी। इसी अवस्था में एक रात्रि ऐसा अद्भुत प्रसंग घटित हुआ, जिसने भक्ति की परिभाषा को ही विस्तार दे दिया। भगवान शिव, माता पार्वती के साथ शबरी के समक्ष प्रकट हुए। यह कोई सामान्य दर्शन नहीं था, बल्कि उस प्रेम की स्वीकृति थी, जिसने स्वयं ईश्वर को भी आकर्षित किया।

शबरी ने उन्हें देखने का प्रयास किया, किन्तु दृष्टि से अधिक उनका हृदय जागृत था। उन्होंने सहज भाव से पूछा–प्रभु, क्या आप राम हैं? यह प्रश्न उनकी भक्ति की पराकाष्ठा को दर्शाता है, जहाँ हर रूप में उन्हें अपने आराध्य के दर्शन होते थे।

भगवान शिव ने अत्यंत विनम्रता से उत्तर दिया कि वे उस प्रेम को देखने और वंदन करने आए हैं, जो शबरी ने श्रीराम को अर्पित किया। यह वह क्षण था, जब देवों के देव भी एक साधारण भक्त के समर्पण के आगे नतमस्तक हो गए। माता पार्वती का मौन उस अनुभूति की गहराई को प्रकट कर रहा था, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं।

भगवान शिव ने शबरी से वही बेर माँगे, जो उन्होंने पूर्व दिवस श्रीराम को अर्पित किए थे। शबरी ने संकोचपूर्वक बताया कि वे अब सूख चुके हैं, किन्तु शिव ने उन्हें प्रसाद स्वरूप स्वीकार किया। उनका यह कथन कि प्रेम से अर्पित वस्तु कभी बासी नहीं होती, भक्ति का शाश्वत सिद्धांत है।

जब भगवान शिव ने उन बेरों का आस्वादन किया, तो यह केवल एक फल ग्रहण करना नहीं था, बल्कि उस प्रेम का सम्मान था, जो समय और परिस्थिति से परे होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि भक्ति न तो शास्त्रों से आती है, न तर्क से, बल्कि यह केवल पूर्ण समर्पण का परिणाम होती है, और शबरी स्वयं उस समर्पण की मूर्ति हैं।

इस दिव्य संवाद के पश्चात शबरी की आत्मा अपने आराध्य में लीन हो गई। उनका जीवन, जो प्रतीक्षा से प्रारंभ हुआ था, अंततः परम मिलन में परिवर्तित हो गया। भगवान शिव और माता पार्वती का कुछ समय तक वहीं ठहरना इस तथ्य को दर्शाता है कि सच्चा प्रेम और भक्ति केवल पूजनीय ही नहीं, बल्कि अनुभूति का विषय भी है। शबरी की कथा हमें यह सिखाती है कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक ऐसा स्थान होता है, जहाँ वह प्रतीक्षा करता है–किसी सत्य की, किसी मिलन की, या किसी आत्मिक संतोष की। यह प्रतीक्षा व्यर्थ नहीं जाती। जब समर्पण सच्चा होता है, तो ईश्वर स्वयं उस स्थान पर आते हैं। आज के समय में, जब भक्ति अक्सर बाहरी आडंबरों और प्रदर्शन तक सीमित होती जा रही है, शबरी का जीवन हमें मूल तत्व की ओर लौटने का संदेश देता है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,53,300, रवा- 1,53,200 चांदी- टंच- 2,51,000 पाट- 2,55,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## अक्षय तृतीया पर सामूहिक विवाह सम्मेलन में 32 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**देवास।** देवास में अक्षय तृतीया के अवसर पर शहर के कई स्थानों पर सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में कुल 32 जोड़ों ने विवाह किया। भीषण गर्मी से राहत के लिए विशेष इंतजाम किए गए, जिनमें ड्रिप लाइन से पानी की फुहारें बरसाना और कूलर लगाना शामिल था। यादव गवली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन केपी कॉलेज में संपन्न हुआ। इसमें 16 जोड़ों का विवाह कराया गया, जिनमें देवास सहित अन्य जिलों से आए दूल्हा-दुल्हन शामिल थे। सोमवार सुबह इन जोड़ों की बनौली (बारात) निकाली गई। इस दौरान दूल्हा घोड़ी पर सवार था, जबकि दुल्हन कार में बैठकर आई। इसी तरह, श्री गुजराती रामी माली समाज द्वारा भी सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भी 16 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। यहां दूल्हा-दुल्हन और उनके परिवारों के लिए गर्मी से बचाव के खास इंतजाम किए गए थे। आयोजकों ने 15 से अधिक कूलर लगाए थे। इसके अतिरिक्त, गर्मी से राहत देने के लिए ड्रिप लाइन की व्यवस्था की गई थी, जिससे दूल्हा-दुल्हन पर लगातार पानी की फुहारें बरसती रहीं।

## इन्दौर से पचोर शादी में जा रही कार पलटने से एक की मौत, 6 घायल,

**देवास।** देवास के टोंककला क्षेत्र में सोमवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में इंदौर निवासी एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। परिवार इंदौर से पचोर में आयोजित एक विवाह सम्मेलन में शामिल होने जा रहा था। यह घटना मक्सी रोड स्थित बरखेड़ा फाटा के पास सुबह करीब 8:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि कार का टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। मृतका की पहचान इंदौर निवासी निर्मला पति घनश्याम के रूप में हुई है। घायलों में कृष्णा साहू (35), मंजू साहू (23), आर्यन साहू (6), आदर्श साहू (ढाई वर्ष) और कार चालक कृष्णा मुरारी शामिल हैं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। यह परिवार इंदौर के नंदा नगर से दूल्हे की तरफ से विवाह सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना हुआ था। टोंककला पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लापता युवक का शव मिला:24 घंटे पहले गुमशुदगी दर्ज हुई थी, पेड़ से लटकी मिली लाश

**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के सुसनेर थाना क्षेत्र के ग्राम छापरिया में सोमवार को एक 20 वर्षीय युवक का शव इमली के पेड़ पर लटका मिला। मृतक की पहचान चेनसिंह, पिता गोकुल सिंह, के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने दोपहर करीब 12 बजे शव देखकर पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने चेनसिंह की गुमशुदगी की रिपोर्ट एक दिन पहले ही थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस और परिवार युवक की तलाश कर रहे थे, तभी उसकी मौत की खबर सामने आई। सूचना मिलते ही एसडीओपी देवनारायण यादव और थाना प्रभारी अक्षय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## वाहन की टक्कर से ड्राइवर की मौत:शादी में शामिल होने आगर मालवा आया था

**आगर मालवा।** जिले में सड़क हादसे में 45 वर्षीय शख्स की मौत हो गई। घटना रविवार रात करीब 10 बजे नेशनल हाईवे



स्थित उज्जैन मार्ग पर बुहरानी हार्डवेयर के पास हुई। मृतक की पहचान धार जिले के केसुर निवासी अजय पिता रमेश चंद्र गवली के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अजय आगर में एक रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने आए थे। रविवार रात वे पैदल सड़क किनारे जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे शव का पोस्टमार्टम किया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। गवली समाज के अशोक गवली ने बताया कि मृतक अजय उनके रिश्तेदार थे और ड्राइवरी का काम करते थे। वे आगर में अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने आए थे। मृतक के दो नाबालिग बेटे हैं। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है।



### जाहिर सूचना का खण्डन

हर आम व खास की जानकारी हेतु श्री पन्नालाल त्रिवेदी एडव्होकेट कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा दिनांक-13.04. 2026 के दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र में उनके पक्षकार की और से ग्राम फतेहपुर तह. बडनगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नं. 521/1 रकबा 0.08 हे० में से रकबा 0.052 हे0 सर्वे नं. 894 रकबा 1.64 हे0 में से रकबा 1.092 हे०, सर्वे नं. 895 रकबा 0.50 हे0 में से रकबा 0.332 हे0 सर्वे नं. 905/6 रकबा 0.22 हे0 में से रकबा 0.146 हे0 सर्वे नं. 907 हे0 रकबा 0.29 हे0 में से रकबा 0.192 हे0 कुल किता 05 कुल रकबा 1.814 हे० भूमि को उनके पक्षकार द्वारा रमन धाकड पिता ओमप्रकाश जी धाकड निवासी हनुमान मंदिर के पास लिम्बोदी जी.पी.ओ. इन्दौर, धर्मेन्द्र धाकड पिता राजमल धाकड निवासी 399 शिव पार्वती नगर पालंदा इंदौर से क्रय करने के संबंध में जो जाहिर सूचना प्रकाशित कराई थी, उसका खंडन मेरे पक्षकार द्वारा इस खण्डन जाहिर सुचना के माध्यम से किया जा रहा है। मेरा पक्षकार द्वारा उपरोक्त भूमि को भूमि स्वामी बसंतीलाल पिता स्व. नंदराम जी जाति बलाई निवासी ग्राम फतेहपुर तह. बडनगर से दिनांक 25.03.2025 को जर्ये नोटराईजड् विक्रय अनुबंध पत्र के माध्यम से क्रय किया है। मेरे पक्षकार ने विक्रेता धर्मेन्द्र के नामातंरण में भी तहसील न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत की है तथा नामांतरण प्रकरण वर्तमान में विचाराधीन है। भूमि स्वामी बसंतीलाल द्वारा मेरे पक्षकार से धोखा कर उपरोक्त भूमि को विकेता को विक्रय किया है। मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी बंसतीलाल के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक- 20-04-2026

**अंसार पटेल एडव्होकेट**
**न्यायालय परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 97702-81664**


गेहूं स्लॉट बुकिंग में अटका पोर्टल, बार-बार सत्यापन का मैसेज

# तकनीकी में उलझे, बड़े किसानों की बारी नहीं आई, छोटे भी एरर से हो रहे हैं परेशान

## सैटेलाइट सत्यापन अटका, आठ दिन के बाद भी गेहूं खरीदी के स्लॉट बुक नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर में रबी सीजन 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया शुरू होते ही किसानों की मुश्किलें बढ गईं। उपज बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग कराने पहुंच रहे किसानों को पोर्टल पर पुनः सत्यापन कराएं का मैसेज दिख रहा है। इससे किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन सेंटर या ई-उपार्जन ऐप से स्लॉट बुक करते समय बार-बार दोबारा सत्यापन कराने को कहा जा रहा है। किसान घंटों कतार में खडे हो रहे हैं। काम नहीं हो रहा।

कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड रहा है। इससे समय भी बर्बाद हो रहा है। मामले में जिला खाद्य विभाग, तहसीलदार, संबंधित अधिकारियों से बात की गई। उन्होंने इसे तकनीकी खराबी और ऑनलाइन समस्या बताया। समय पर स्लॉट बुक नहीं होने से फसल की तुलाई को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। एक किसान ने कहा, हम सुबह से काम छोडकर लाइन में लगे हैं। ऐप पर सत्यापन की दित बता रहा है। समय पर स्लॉट बुक नहीं हुआ तो हमारी उपज कौन खरीदेगा।

### स्लाट बुकिंग कब होगी

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हुए करीब आठ दिन से ज्यादा समय हो चुके हैं, लेकिन अब तक बडे किसानों (जिनके पास 2 हेक्टेयर से अधिक रकबा है) से खरीदी शुरू नहीं हो पाई है। जबकि 15 अप्रैल से इन किसानों की खरीदी शुरू होना तय था। ऐसे में किसान सोसायटी और कियोस्क केंद्रों पर जाकर स्लॉट बुक करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन लॉगिन करने पर अभी स्लॉट बुकिंग केवल छोटे किसानों के लिए उपलब्ध है, कृपया प्रतीक्षा करें, जैसा संदेश मिल रहा है। इससे बडे किसान परेशान हैं और नकदी की जरूरत के चलते उन्हें मजबूरन मंडी में गेहूं बेचना पड रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान (2 हेक्टेयर तक) भी तकनीकी दिक्कतों से जूझ रहे हैं। रहे हैं। कई किसानों का डेटा सैटेलाइट इमेज से मैच नहीं होने के कारण स्लॉट बुक नहीं हो पा रहा है और स्क्रीन पर 'सैटेलाइट द्वारा असत्यापित का संदेश दिखाई दे रहा है। इस वर्ष 24 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया, जो पिछले वर्ष से कई अधिक है। सरकार ने 10 अप्रैल से विधिवत खरीदी शुरू की थी।

### छोटे किसानों का दर्द

किसान संतोष कुमार एवं नेम सिंह राजपूत ने बताया कि उनके केवल तीन बीघा के गेहूं है किंतु स्लॉट बुक नहीं हो रहा। मैसेज आ रहा सैटेलाइट से असत्यापित है। इसी प्रकार मुकेश कुमार ने बताया कि उनका डेढ हेक्टेयर में गेहूं है किन्तु स्लॉट बुक नहीं हो रहा है। दोनों ने बताया वे अपने गांव के साथी के साथ यहां जानकारी लेने आए थे। किसान ने बताया कि उनका रकबा 2 हेक्टेयर से कुछ ज्यादा है, इसलिए बडे किसान की श्रेणी में शामिल कर रखा है। लॉगइन करने पर अभी स्लॉट बुकिंग केवल छोटे किसानों के लिए उपलब्ध है, कृपया प्रतीक्षा करें का मैसेज आ रहा है। मामले में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी का कहना है कि गेहूं खरीदी में सैटेलाइट इमेज को लेकर कई खातों में गडबडी मिली थी। अधिकांश का सत्यापन हो चुका है, कुछ खाते बचे हैं वे पूर्ण हो जाएंगे। सत्यापन के साथ भोपाल जानकारी भेजी जा रही है। बड़े किसानों से खरीदी कब से शुरू होगी यह उच्च स्तर से ही तय होगी।



## बदनावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**बदनावर।** नगर सहित आसपास के अंचल में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह बस स्टैंड स्थित बड़ी चौपाटी मार्ग पर श्री परशुराम गुरुकुल वाटिका में विशेष आयोजन हुआ। यहाँ विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन किया गया। इसके बाद प्रतिमा का मनमोहक श्रृंगार कर महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम 6 बजे दुर्गा चौक स्थित पंढरीनाथ मंदिर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। बैंड-बाजे और ढोल-ढमाकों की थाप पर निकली इस यात्रा में समाज की महिलाएं, युवतियां और पुरुष भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग 'जय परशुराम' के नारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा नगर के सोमेश्वर चौराहा, आंबेडकर चौराहा और बस स्टैंड जैसे प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और व्यापारिक मंडलों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा का समापन पुनः परशुराम वाटिका में हुआ, जहाँ अंत में प्रसादी वितरण किया गया।

देवास के नेवरी फाटा में हादसा; एक को बचाने कूदा दूसरा भी डूबा

# क्रिकेट गेंद निकालने कुएं में उतरे दो किशोरों की दर्दनाक हादसे में मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के हाटपीपल्या क्षेत्र के नेवरी फाटा में शाम क्रिकेट खेलते समय दर्दनाक हादसा हो गया। गेंद निकालने के दौरान कुएं में उतरे दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, कुछ किशोर खेत में बने मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान गेंद पास के कुएं में जा गिरी। गेंद निकालने के लिए एक किशोर कुएं में उतरा, लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह डूबने लगा। पहले किशोर को बचाने के लिए दूसरा किशोर भी



कुएं में कूद गया, लेकिन वह भी संतुलन खो बैठा और दोनों गहरे पानी में डूब गए।

### डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को बाहर निकालकर हाटपीपल्या अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान 15 वर्षीय देवेंद्र गोस्वामी पुत्र मुकेश गोस्वामी और 16 वर्षीय राजवीर नायक पुत्र विनोद नायक, निवासी नेवरी फाटा के रूप में हुई है। घटना के बाद राजवीर की मां को बेटे की मौत पर विश्वास नहीं हुआ। परिजन शव को नेवरी स्थित माता मंदिर ले गए, जहां जीवित होने की उम्मीद में प्रार्थना की गई।

### समझाइश के बाद वापस लाये शव

मंदिर में पुजारी ने बच्चे को मृत बताया। परिजनों और पुलिस की समझाइश के बाद शव को वापस हाटपीपल्या अस्पताल लाया गया। थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

# आरटीई में अभिभावकों को राहत, अब 25 अप्रैल तक मिलेगा प्रवेश का मौका

## चयनित स्कूलों की प्रवेश तिथि बढी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत निश्शुल्क प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए बडी राहत की खबर है। राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रथम चरण में चयनित बच्चों के एडमिशन की अंतिम तिथि बढाकर 25 अप्रैल कर दी है। इससे वे अभिभावक भी अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कर सकेंगे, जो तय समय सीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए थे। यह आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निश्शुल्क प्रवेश की प्रक्रिया को आसान बनाते हुए राज्य शिक्षा केंद्र का अहम निर्णय है। पहले एडमिशन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित थी, जिसे अब बढाया है। बीआरसी बीएल वर्मा ने बताया कि निश्शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के तहत 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन किया गया था। इसके बाद 3 से 15 अप्रैल के बीच अभिभावकों को अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करना था।

प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जिन अभिभावकों ने समय पर एडमिशन नहीं कराया, उन्हें एसएमएस के जरिए सूचना भी दी गई थी। इसके बावजूद कुछ सीटें खाली रह गई। वर्मा ने बताया कि विभिन्ना कारणों से कई अभिभावक निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं करा सके थे। पालकों की मांग और विद्यार्थियों के हित को देखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र ने अंतिम तिथि बढाने का निर्णय लिया है। यदि किसी निजी स्कूल द्वारा चयनित बच्चे को प्रवेश देने में आनाकानी की जाती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तर पर पूरी प्रक्रिया की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इधर 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में असफल विद्यार्थियों को भी एक और मौका दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने बताया कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को द्वितीय परीक्षा में शामिल कराने के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

# रॉयल किंग ने जीता बदनावर प्रीमियर लीग का फाइनल

## श्रीराम इलेवन को हराकर जीता खिताब; विजेता टीम को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी मिली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर प्रीमियर लीग (बीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार रात फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। शासकीय कॉलेज मैदान पर खेले गए इस 12 दिवसीय रात्रिकालीन टूर्नामेंट में रॉयल किंग ने श्रीराम इलेवन को हराकर खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट का आयोजन ग्राम पंचायत खेड़ा के सरपंच योगेश मुकाती ने किया था। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीराम इलेवन ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 102 रन बनाए। जवाब में रॉयल किंग ने 9 ओवर और 2 गेंदों में 6 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाकर जीत हासिल की।

अंतिम दिन फाइनल मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। चमचमाती रोशनी में आयोजित इस टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया। आयोजक योगेश मुकाती और समाजसेवी केदार सेठ ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत करवाई।

विजेता टीम रॉयल किंग को 70 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। उपविजेता रही श्रीराम इलेवन को 50 हजार रुपए नकद और ट्रॉफी भेंट की गई। टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही बाबा इलेवन टीम को 30 हजार रुपए का इनाम और ट्रॉफी मिली।

### विशाल बने 'मैन ऑफ द सीरीज'

टूर्नामेंट में विशाल चौहान को 'मैन ऑफ द सीरीज' का खिताब दिया गया। पंकज गोयल 'बेस्ट बॉलर' और हर्ष सोलंकी 'बेस्ट बल्लेबाज' चुने गए। फाइनल मैच में दशरथ बैरागी और नवीन पाटीदार को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इन सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबला जीतने के बाद रॉयल किंग के खिलाड़ियों और मैदान में मौजूद दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी की गई और ढोल व डीजे की धुन पर खिलाड़ियों ने खूब नृत्य किया।

## आउटसोर्स कर्मचारी भारतीय मजदूर संघ के बेनर तले मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेड कार्यालय में जिले के समस्त विभागों में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारियो की 8 सूत्रीय मांगो के संबंध मे 21अप्रैल 2026 दोपहर 12 बजे भारतीय मजदुर संघ के बेनर तले प्रदेश स्तरीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम दिया जायेगा जिसमें श्रीमती मेघा दुबे राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश मंत्री भारतीय मजदूर संघ विशेष रूप से उपस्थित रहेगी।भारतीय मजदूर संघ राजगढ़ जिलाध्यक्ष राजेश सक्सेना ने भारतीय मजदूर संघ के समस्त अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्यों एवं समस्त विभाग को में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारी से आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम सफल बनाए।



### Public Notice for Change of Surname / Last Name

My name is Rajdeepak Singh Katiyar, father Shri Bhagwanswaroop Katiyar. The above name is recorded in my Aadhar card, PAN card, election roll, mark sheet of Board of Secondary Education and mark sheet of Vikram University. Due to a family dispute between the parents, the applicant's father abandoned me many years ago, now the applicant wants to use his mother's surname. Now my name has become Rajdeepak Singh Chauhan and I will be known and recognised by this name in future. The process of getting the name of Rajdeepak Singh Chauhan entered in government documents has been started.
Be informed date 20/04/2026

**Rajdeepak Singh Chauhan Resident-101, Divine City, Dewas Road, Ujjain**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान/प्लाट 454 का पूर्वी दिशावाला भाग सेठीनगर कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- भवन क्रमांक 455, पश्चिम में- शेष भाग, उत्तर में रोड, दक्षिण में- भवन क्रमांक 467 है, उपरोक्त वर्णित संपत्ति विजयकुमार थेटे पिता मधुसूदन थेटे आदि ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 758 दिनांक 13/05/1996 के माध्यम से कैलाश माहेश्वरी पिता सीताराम माहेश्वरी से क्रय की है। उपरोक्त सम्पत्ति श्रीमती बबिता जोशी पति राधेश्याम द्वारा क्रय की जा रही है जिसके लिए बयाना राशि अदा कर दी गई है। श्रीमती बबिता जोशी पति राधेश्याम द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि. में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से तीन दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आईसीआईसी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

इति दिनांक 20/04/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा शिवनारायण पिता श्री अन्तरसिंह; निवासी ग्राम खजूरिया रहदारी, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्र. 351 रकबा 0.600 हैक्टेयर स्थित ग्राम खजूरिया रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को बयाना पेटे राशि भी अदा दी गई है एवं शेष विक्रय मूल्य की राशि जाहिर सूचना की अवधि या विक्रय अनुबंध पत्र में उल्लेखित अवधि के भीतर अदा कर मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में या निर्देशित व्यक्ति के पक्ष में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। वर्तमान जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूनि के संबंध में किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, व्यक्तियों का समूह, कम्पनी, बैंक, ट्रस्ट आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में 07 दिवस के भीतर मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। जाहिर सूचना की अवधि उपरान्त मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रय पत्र का सम्पादन करदा लिया जावेगा। सूचित हो। इति, दिनांकः 20-04-2026

**विशाल चौबे हाईकोर्ट एडवोकेट,**
**कार्यालय - 303, तृतीय मंजिल, स्मार्ट ट्रेड सेन्टर, आर.बी. झोन के पास, फ्रीगंज, उज्जैन (न.प्र.), मोबाईल-9893745889**

### जाहिर सूचना

#### सावधान

**ग्राम पिपल्याटाह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन की भूमि सर्वे क्रमांक 139/2/3 रकबा 0.04 हेक्टेयर, सर्वे कमांक 210 रकबा 0.40 हेक्टेयर एवं सर्वे क्रमांक 213/2 रकबा 0.59 हेक्टेयर कुल किता 3 कुल रकबा 1.03 हेक्टेयर एवं ग्राम गुढ़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन की भूमि सर्वे क्रमांक 57/2 रकबा 0.95 हेक्टेयर के संबंध में**

मेरी पक्षकारा राधा बाई पति रामसिंह पांचाल निवासी ग्राम चिंतामण तहसील व जिला उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित व सावधान किया जाता है कि रतनबाई पति भंवरसिंह निवासी ग्राम पिपल्याटाह द्वारा अपने स्वत्व व स्वामित्व की उपरोक्त उल्लेखीत कृषि भूमियों को पंजीकृत लिखित अनुबंध दिनांक 17.12.2019 के माध्यम से मेरी पक्षकारा के पक्ष में विक्रय हेतु अनुबंधित किया गया एवं चैक एवं नकद के माध्यम से विक्रय मूल्य भाग भुगतान की राशियां भी प्राप्त कर ली गई। अनुबंध पत्र में उल्लेखीत शर्तों का पालन किये जाने के बाद शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा कर विकय पत्र का सम्पादन करवाया जाना शेष रहा।

मेरी पक्षकारा द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन कर विक्रय पत्र मेरी पक्षकारा के पक्ष में संपादन करने का निवेदन किया गया किंतु रतनबाई आदि द्वारा निरंतर टालमटुल की जाती रही। इसी मध्य दिनांक 10.08.2021 को रतनबाई का देहांत होने के उपरांत मेरी पक्षकारा द्वारा उसके पति भंवरसिंह एवं पुत्र ईश्वरसिंह, विक्रमसिंह एवं पुत्रियां मानुबाई एवं हेमुबाई से विक्रय पत्र संपादन का निवेदन करने पर उनके द्वारा निरंतर टालमटुल की जाती रही।

मेरी पक्षकारा द्वारा उक्त अनुबंध के विनिर्दिष्ट अनुपालन एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु वाद प्रकरण क्रमांक 210ए/22 माननीय न्यायालय श्रीमान षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है तथा वर्तमान में उक्त भूमि उक्त न्यायलयीन वाद की विषय वस्तु है। मेरी पक्षकारा को वर्तमान में यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त भूमि के संबंध में न्यालयीन वाद विचाराधीन होने के पश्चात भी रतनबाई के वारिस भंवर सिंह, ईश्वरसिंह, विक्रमसिंह, मानुबाई एवं हेमुबाई द्वारा उक्त भूमि को भाररहीत बताकर अन्य व्यक्तियों को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि उक्त भूमि न्यायलयीन वाद की विषय वस्तु है।

अस्तु सर्व साधारण को सूचित व सावधान किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त रतनबाई के वारिस भंवर सिंह, ईश्वरसिंह, विक्रमसिंह, मानुबाई एवं हेमुबाई से ग्राम पिपल्याटाह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन एवं ग्राम गुढ़ा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन स्थित उपरोक्त उल्लेखीत भूमियों के संबंध में कोई संव्यवहार न करें। ऐसा कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगा एवं ऐसे संव्यवहारकर्ता के विरूद्ध भी माननीय न्यायालय मे कार्यवाही की जाएगी। इति दिनांकः 20/04/26

**अजय जैन गिरिया एडवोकेट**
**02, श्री विशाला देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9009000915**

## व्यापारी ने दुकान में लगाई फांसी, इलाके में सनसनी

**शाजापुर।** शुजालपुर के प्रतिष्ठित व्यापारिक क्षेत्र टेम्पो चौराहा पर रविवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक हंसमुख और मिलनसार व्यापारी ने अपनी ही दुकान में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि घटना से महज डेढ़ घंटे पहले तक वह दोस्तों के साथ बिल्कुल सामान्य रूप से बातचीत कर रहे थे। अचानक उठाए गए इस खौफनाक कदम से मृतक के परिजन सदमे में हैं और पूरा इलाका स्तब्ध है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टेम्पो चौराहा स्थित अपनी दुकान में व्यापारी पवन माहेश्वरी ने रविवार रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। रात करीब 11 बजे जब परिजनों और पड़ोसियों की नजर पड़ी, तो वे उन्हें फंदे से लटकता देख सन्न रह गए। आनन-फानन में उन्हें फंदे से उतारकर तुरंत शुजालपुर के सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

**गुना।** क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना द्वारा विश्वविद्यालय की अध्ययनशाला एवं समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु एम.ए., एम. कॉम., एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर नियमित एवं प्रायवेट तथा बी.एड., एम.एड., बीपीएड, एमपीएड, बीए बीएड, बीएड स्पेशल आईडी, एमबीए, एलएलबी, बी.ए. एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आवेदन निर्धारित शुल्क के साथ भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल घोषित की गई है। शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय समय पर परीक्षाएं प्रारंभ करने की पूर्ण तैयारी में है। विश्वविद्यालय ने गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन समय पर भरवाकर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की मुख्य वार्षिक परीक्षाओं के लिए समय सारणी भी घोषित कर दी है। जिसके अनुसार स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं दिनांक 27 अप्रैल से प्रारंभ हो रही हैं। गुना विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले तीनों जिले से स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा में 17,797 परीक्षार्थी एवं स्नातक द्वितीय वर्ष की परीक्षा में 14,116 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

## एसएससी सीजीएल में चयनित रुचि वर्मा का हुआ सम्मान

**शुजालपुर।** उड़ान शैक्षणिक व सामाजिक समिति द्वारा मासिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर गृह मंत्रालय में एएसओ पद पर चयनित रुचि पिता अजय वर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी गईं। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि रुचि वर्मा को मार्गदर्शन देने वाली उनकी माताजी जया वर्मा ने भी उनकी दिनचर्या, अनुशासन और पढ़ाई के प्रति समर्पण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं रुचि वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए, जो उपस्थित युवाओं के लिए प्रेरणादायक रहे। कार्यक्रम में वंदना चौहान ने उड़ान समिति की गतिविधियों की जानकारी दी, जबकि अलका देशमुख ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौहान व आभार मधु मंडलोई ने माना। इस अवसर पर माधवी सणस, चंदा सक्सेना, भारती राजपूत, हरभजन कौर, अंजु खत्री एवं पलक अवस्थी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## व्यापारी ने फंदा लगाकर दी जान

**शुजालपुर।** मंडी क्षेत्र के टेम्पो चौराहा स्थित एक दुकान में रविवार रात लगभग 10 बजे एक व्यापारी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान पवन माहेश्वरी के रूप में हुई है, जो शहर में ष्मोदी धागे वाले के नाम से प्रसिद्ध दुकान संचालक थे। जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे परिजनों और आसपास के लोगों ने उन्हें फंदे पर लटका देखा। तत्काल उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पवन माहेश्वरी रात करीब 9 बजे तक अपने परिचितों और दोस्तों से सामान्य रूप से बातचीत कर रहे थे। अचानक उठाए गए इस कदम के कारणों को लेकर परिजन और करीबी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वे मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे और उनके परिवार में दो बेटियां हैं। पुलिस ने सूचना पर शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाते हुए मर्ग कायम किया।

## नेकी की दीवार पर अक्षय तृतीया पर्व मनाया

**शुजालपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर मिर्ची बाजार स्थित नेकी की दीवार पर वरिष्ठ समाजसेवी प्रभा विनोद जैन के सान्निध्य में गन्ने के रस का वितरण किया गया। सतयुग एवं त्रेता युग प्रारंभ दिवस, गंगा अवतरण दिवस, जैन तीर्थंकर ऋषभदेव तप पारणा तथा भगवान परशुराम अवतरण दिवस जैसे अनेक शुभ संयोगों के उपलक्ष्य में आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जैन धर्म में अक्षय तृतीया के दिन गन्ने का रस ग्रहण करने का विशेष महत्व माना जाता है।

# इलाज की आस और सफर में थमी सांसे, चलती ट्रेन में गर्भवती की तबीयत बिगड़ी, उठा मां का साया

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

बेहतर इलाज और अपनों से देखभाल की आस में पीथमपुर से अपने पैतृक गांव जा रही एक 27 वर्षीय गर्भवती महिला का सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर बन गया। इंदौर-भोपाल पैसेंजर ट्रेन में यात्रा के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत हो गई। दर्द से तड़पती पत्नी को पति ने शुजालपुर स्टेशन पर उतारा और भागता हुआ अस्पताल पहुंचा, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

अस्पताल की चौखट पर पहुंचने के महज आधे घंटे बाद ही महिला ने दम तोड़ दिया। पास खड़ी 4 साल की मासूम बेटी अब तक इस बात से अनजान है कि उसकी मां अब कभी लौटकर नहीं आएगी। जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से विदिशा जिले के कुरवाई का रहने वाला हरिओम अहिरवार पीथमपुर की एक फैक्ट्री में काम करता है। उसकी 27 वर्षीय पत्नी



रानी दो महीने की गर्भवती थी। रविवार दोपहर पीथमपुर में ही रानी के पेट में अचानक तेज दर्द उठा था। डॉक्टर की सलाह और पत्नी की बेहतर देखभाल के उद्देश्य से हरिओम ने उसे गांव ले जाने का फैसला किया। रविवार रात वह पत्नी रानी, चार साल की बेटी और अपने जीजा के साथ इंदौर-भोपाल पैसेंजर से कुरवाई के लिए निकला था। सफर के दौरान सोमवार तड़के करीब 3 बजे अकोदिया स्टेशन के पास रानी की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी और पेट का दर्द असहनीय हो गया। घबराए परिजनों ने तुरंत रेलवे हेल्पलाइन पर संपर्क कर मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही शुजालपुर रेलवे पुलिस और एंबुलेंस की टीम अलर्ट हो गई। ट्रेन के शुजालपुर स्टेशन पहुंचते ही बिना एक पल गंवाए महिला को ट्रेन से उतारकर सिविल अस्पताल मंडी पहुंचाया गया।

### इलाज शुरू हुआ पर बचाई नहीं जा सकी जान

अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने तुरंत उपचार शुरू किया, लेकिन महिला की हालत इतनी बिगड़ चुकी थी कि उसे बचाया नहीं जा सका। भर्ती होने के करीब 30 मिनट बाद ही रानी की सांसें थम गईं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## धर्मध्वजा के साथ ब्राह्मण चेतना का भव्य उद्घोष



**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

नगर में भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और वैदिक उल्लास के साथ भव्य रूप से प्रारंभ हुआ। सप्तऋषि ब्राह्मण समाज समिति एवं परशुराम सेना के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में एकता, संस्कार, संगठन और सनातन चेतना के जागरण का सशक्त माध्यम बन रहा है। सोमवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर प्रात: 9 बजे परशुराम चौराहा पर ध्वजा पूजन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ।

क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने विधिवत ध्वज पूजन एवं आरती कर आयोजन की शुरुआत की। इस दौरान पूर्व समाज अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष जनक जोशी, परशुराम सेना जिला अध्यक्ष रामानुज समाधिया सहित समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वज पूजन के पश्चात समाजजन भगवा ध्वजों के साथ सप्तऋषि भवन स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे, जहां भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। पंडित रवि दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

आयोजन के अंतर्गत 21 अप्रैल मंगलवार को प्रात: 9 बजे महर्षि गौतम आश्रम रेलवे गेट के पास आदि गुरु शंकराचार्य जयंती श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। वहीं 1 मई 2026 को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं व्यंजन मेला आयोजित होगा, जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात 2 मई शनिवार को दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर रायकनपुरा शुजालपुर सिटी से भव्य वाहन रैली एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए धार्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न होगी। सप्तऋषि ब्राह्मण समाज सचिव गंगाधर शर्मा एवं पूर्व पार्षद प्रवीण जोशी ने बताया कि यह उत्सव सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता और धार्मिक एकजुटता का महापर्व है।

## बाबा रामदेव मंदिर में उल्लास के साथ हुई भगवान भोलेनाथ की स्थापना



**शाजापुर।** शहर से करीब 3 किलोमीटर दूर ग्राम करेड़ी नाके पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर में सोमवार को एक भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर समिति के तत्वावधान में पूर्ण विधि-विधान के साथ भगवान भोलेनाथ की स्थापना की गई। इस पावन मौके पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार, प्रात: 6 बजे से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों का श्रीगणेश हो गया था। विद्वान पंडितों के सान्निध्य में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन शुरू हुआ। इस दौरान यजमानों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कीं और भगवान शिव की विशेष आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापना और पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का आयोजन भी किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में शाजापुर शहर के साथ-साथ समीपस्थ गांवों से भी भारी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन किए और इसके पश्चात महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया।

## मक्सी बायपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**शाजापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर मक्सी बायपास स्थित जायका मेवात ढाबे के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका शाजापुर जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान सुरेश पिता रमेशचंद्र मालवीय के रूप में हुई है। वह जीरापुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चितवलिया बड़ागांव का निवासी है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त वह बाइक से इंदौर की ओर जा रहा था, तभी अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंची। टीम के पायलट राम बाबू पाटीदार और आरक्षक राहुल मालवीय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को मौके पर ही प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसके तुरंत बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उसे शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका सघन उपचार किया जा रहा है।

# प्रचार प्रसार के अभाव में 35 जोड़ों पर सिमट कर रह गया कन्या विवाह

## भोजन के दिए जाने वाले पैकेटों की मात्रा एवं गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, जनपद की लापरवाही के चलते जिम्मेदारों पर खड़े हुए सवाल

**आरोन।** मुख्यमंत्री कन्यादान कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब जरूरतमंद और निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह योजना बाल विवाह रोकने सामाजिक समानता और सामूहिक विवाहो के माध्यम से फिजूल खर्ची को कम करने के लिए लागू की गई है।

यह आज अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद पंचायत द्वारा जनपद के पीछे सामुदायिक भवन में 35 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। सोचने वाली बात यह है कि जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 57 पंचायत 140 गांव से मात्र 35 जोड़े ही देखने को मिले। ऐसे में कहीं ना कहीं जनपद पंचायत में पदस्थ समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी शिवानी साहू एवं जनपद सीईओ गौरव यादव द्वारा इस कन्यादान कन्या विवाह योजना का ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार प्रसार नहीं किया गया, इसलिए 35 जोड़ो तक ही यह कार्यक्रम सिमट कर रह गया। जबकि कई ग्रामीण जोड़े इस मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल होने से वंचित रह गए। कन्यादान योजना में वरपक्ष बधूपक्ष के परिजनों






रिश्तेदारों से बात की तो बताया कि भोजन के दिए जाने वाले डिब्बे बॉक्स की मात्रा कम एवं क्वालिटी ठीक नहीं है और नगर परिषद के दौरान कराए गए कन्यादान सामूहिक विवाह सम्मेलन की व्यवस्थाएं यहां की अपेक्षाएं बेहतर थी। इतनी बड़ी लापरवाही जनपद पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा कैसे की गई, क्या इस कन्यादान योजना में सम्मिलित होने से जो परिवार वंचित रह गए इसका जिम्मेदार कौन?

### इनका कहना है

आपके द्वारा कन्यादान विवाह योजना में लापरवाहियों का मामला मेरे संज्ञान में आया है हम बिंदुवार अनुसार जांच करवा लेंगे।

**अभिषेक दुबे**
**जिला पंचायत सीईओ गुना**

## भक्ति और उत्साह के साथ शुरू हुआ तीन दिवसीय परशुराम प्राकट्योत्सव, जयकारों से गूंजी परशुराम टेकरी

**शाजापुर।** अस्त्र-शस्त्र और शास्त्रों के ज्ञाता, चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्योत्सव सोमवार को शहर में पूरी आस्था, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व ब्राह्मण समाज, शाजापुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य महोत्सव का शंखनाद दुपाड़ा रोड स्थित श्री परशुराम टेकरी से हुआ। पहले दिन अलसुबह से ही मंदिर परिसर जय परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। दुपाड़ा रोड स्थित श्री परशुराम टेकरी पर विराजमान भगवान श्री परशुराम जी का प्रात:काल में समाजजनों द्वारा विधि-विधान से विशेष अभिषेक किया गया। इस पावन अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसके साथ ही मनमोहक विद्युत सज्जा की गई, जिससे शाम ढलते ही पूरा मंदिर परिसर रोशनी से जगमगा उठा।

**हवन-पूजन कर बांटी गई प्रसादी**-अभिषेक के पश्चात सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा विश्व कल्याण और समाज की सुख-समृद्धि की कामना के साथ मंदिर परिसर में हवन-पूजन संपन्न किया गया। पूर्णाहुति के बाद महाआरती की गई और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। समाजजनों ने बताया कि यह आयोजन तीन दिवसीय है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा दिलावर सिंह पिता श्री कालुसिंह, निवासी-ग्राम करोहन तहसील व उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 506/2 रकबा 0.6800 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 506/3 रकबा 0.1300 हेक्टर, कुल किता 02 कुल रकबा 0. 8100 हेक्टर जो कि अनुबंधित भूमि हैं, जो कि ग्राम करोहन तहसील व जिला उज्जैन में स्थित हैं। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया जाकर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त सम्पत्ति के अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर. प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 20-04-2026

**सौरभ जैन, ( चौरड़िया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन मो. 96177-77776**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री भेरूलाल पिता श्री कचरू जाति गारी निवासी ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 924/1 रकबा 1.09 हैक्टर में से रकबा 0.20 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.20 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 20-04-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मो. 99265-32350**


## रोजगार मेला का आयोजन 22 अप्रैल को जिला पंचायत विश्राम गृह गुना में

**गुना।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के समन्वय व सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार सम्बंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं

इसी क्रम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर दिनांक 22 अप्रैल 2026 को जिला पंचायत विश्राम गृह जिला गुना में प्रात: 11:00 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया शामिल होंगी जैसे चेकमेट सिक्योरिटीज गुजरात, ब्लिंक इट गुड़गाँव, गोल्डन फार्मर सागर, आईएफएफडी शिवपुरी जैसी कंपनी जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8वीं /10वीं /12वीं/ स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते हैं। युवा संगम में आकांक्षी युवा को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए एक ही मंच पर किया जाता है लाभान्वित युवा संगम में संबंधित विभागो द्वारा अलग अलग स्वरोजगार/ हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा, साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है, उनके हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा। युवा संगम में युवाओं को स्वास्थ्य, नशामुक्ति, वित्तीय साक्षरता, कौशल विकास की दी जावेगी जानकारी युवा संगम में शासन आदेशानुसार युवक-युवतियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति और वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही हैं। साथ कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना सहित स्टार्टअप 2025 की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई जावेगी।

## मन्दसौर में संघ के शताब्दी वर्ष पर आज विशेष आयोजन

**मन्दसौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज 21 अप्रैल को स्थानीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में एक भव्य और गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष बौद्धिक संगम में संघ के पूर्व सरकार्यवाह भैयाजी जोशी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होंगे और राष्ट्र निर्माण सहित सामाजिक उत्तरदायित्वों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पाथेय प्रदान करेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा को दो मुख्य सत्रों में विभाजित किया गया है। दोपहर के सत्र में मातृशक्ति गोष्ठी का आयोजन होगा, वहीं शाम के सत्र में समाज के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न होगा। इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी प्रश्नोत्तर सत्र है, जिसके माध्यम से उपस्थित जनसमूह को मुख्य वक्ता से सीधा संवाद करने और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने का अवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में प्रवेश केवल आमंत्रित अतिथियों के लिए सुनिश्चित किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल की उपचार के दौरान मौत

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के पेट्रोल पम्प के सामने आम रोड़ नाटाराम पर सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में मोटर साइकिल क्र. एमपी 43 एमजी 8956 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा 17 अप्रैल की रात करीब 10 बजे का है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को आरोपी मोटरसाइकिल चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने चल रही एक अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे गोपाल पिता मांगीलाल माली निवासी कयामपुर गंभीर घायल हो गया। जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**मन्दसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के पंचमुखी बालाजी मंदिर के पास जोधा पिपल्या बिल्लोद ग्राम पर अज्ञात चालक ने अपनी बाइक को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर धीरज को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अ नुसार यह दुर्घटना 9 अप्रैल की दोपहर की है। नाहरगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग की जांच पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) में प्रकरण दर्ज किया।

## टायर फटने से कार दुर्घटना ग्रस्त 3 घायल

**नीमच।** जिले के शहर से मानसा जाने वाले रोड पर एक होंडा सिटी कर का ग्राम रेवली देवली में टायर फट गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। नीमच रामपुरा मार्ग पर राजस्थान पासिंग कार का टायर फटने से तीन ग्रामीणो को टक्कर लगी साथ ही तीन दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए सभी घायलों को नीमच रेफर किया गया।

## बाल विवाह को प्रशासन ने रुकवाया

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के निदेर्शानुसार अक्षय तृतीया के अवसर पर संपूर्ण जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष निगरानी रखी जाकर सतत कार्यवाही की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया कि एस.डी.एम. श्री संजीव साहू के मार्गदर्शन में ग्राम पीठ, विकासखंड नीमच में संयुक्त दल द्वारा स्थल पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें बड़ी बेटी की आयु 18 वर्ष से अधिक पाई गई, परंतु छोटी बेटी की आयु 16 वर्ष पाई गई।

## नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता अभियान

**रतलाम।** जिले में नरवाई से निपटने के लिए आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन, कृषि एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग संयुक्त रूप से प्रयास कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निदेर्शानुसार किसानों को जागरूक करने एवं उनको जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षित करने हेतु जिले में 300 पैकेट "बायो डीकंपोजर" किसानों को वितरित किए गए हैं।

### तीन बहनों के शादी समारोह की खुशियां मातम में बदली

# डीजे बजाने को लेकर हुआ खूनी संघर्ष, एक की मौत, तीन घायल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



जिले के ताल कस्बे में रविवार रात एक शादी समारोह में खुशी का माहौल उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे बजाने को लेकर हुआ मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हालात इतने बिगड़ गए कि तीनों दुल्हनों के फेरे तक नहीं हो पाए और बारातें बिना दुल्हन के ही लौट गईं।

**तीन बेटियों की शादी, एक विवाद ने सब कुछ बिगाड़ा**

जानकारी के अनुसार ताल में एक परिवार की तीन बेटियों की शादी थी। अलग-अलग गांव– रूनीजा, बसाड़ और उनी से बारातें आई थीं। रात करीब साढ़े 9 बजे तीनों बारातों का जुलूस एक साथ आगे-पीछे चल रहा था। इसी दौरान बारातियों के साथ चल रहे बसाड़ और उणी के डीजे ऑपरेटरों में कॉम्पीटिशन शुरू हो गया। जब बारात धर्मशाला पहुंची और दूल्हे तोरण मार रहे थे, तभी दोनों डीजे ऑपरेटर एक-दूसरे से बहस करने लगे और माइक पर ही अपशब्द कहने लगे।बसाड़ से आई बारात के डीजे वाहन के ऑपरेटर माखन (निवासी मंदसौर) द्वारा माइक से गाली-गलौज की जा रही थी।मोहल्ले के दिलीप माली ने इसका विरोध किया, जिसके बाद विवाद तेजी से बढ़ गया।

**बीच-बचाव करने पहुंचे लोग भी बने शिकार**

झगड़ा बढ़ता देख दिलीप का भाई सुनील माली और मोहल्ले के समरथ बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि माखन ने चाकू से दिलीप के पेट में वार किया, जबकि उसके साथी ने लोहे के पाइप से हमला किया, जिससे दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गया।

**अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम**

घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग घायलों को तत्काल ताल स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से दिलीप की हालत गंभीर होने पर उसे रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।लेकिन रास्ते में ही दिलीप ने दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**हत्या का केस दर्ज**

एएसपी विवेक कुमार ने बताया कि ताल पुलिस ने मुख्य आरोपी माखन सहित 3-4 लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

### बिना फेरे लौटीं तीनों बारातें

इस दर्दनाक घटना के बाद शादी समारोह पूरी तरह से रुक गया। तीनों बेटियों की बारातें बिना फेरे के ही लौट गईं। परिजनों के अनुसार विवाद केवल बसाड़ से आई बारात के डीजे पक्ष से जुड़ा था, जबकि अन्य दो बारातों का इस घटना से कोई संबंध नहीं था। बताया जा रहा है कि मृतक दिलीप की शादी भी डेढ़ माह पहले ही हुई थी। घटना के बाद सोमवार सुबह आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने ताल थाने पहुंचकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर उमड़ा जनसैलाबः फायर शो और गंगा आरती की तर्ज पर हुई महाआरती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलोट



सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव रविवार को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई,

रैली में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र भगवा साफा बांधे और हाथों में भगवान परशुराम का प्रतीक 'फरसा' लिए वाहनों पर सवार बालिकाएं रहीं। बालिकाओं के इस साहसी स्वरूप ने मार्ग में मौजूद हर नागरिक का ध्यान खींचा। युवा शक्ति के गगनभेदी जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।

फायर शो के साथ महाआरती का अद्भुत संगम

जूना बाजार से शुरू हुई यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कारगिल चौराहे पहुंची। काशी की गंगा आरती की तर्ज पर भगवान परशुराम जी की महाआरती उतारी गई। आरती के दौरान विशेष फायर शो (अग्नि प्रदर्शन) आयोजित किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, पुरुष और युवा उपस्थित रहे।

वाहन रैली का मार्ग में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया.

संचालन मोहक मेहता ने किया, वहीं कार्यक्रम के अंत में नितिन ठक्कर ने उपस्थित जनसमूह और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया। रैली के दौरान पुलिस प्रशासन और समाज के स्वयंसेवकों ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## जैन समाज की 100 से अधिक तपस्वियों का वार्षिक कब पूर्ण, बग्गियों में निकला वरघोड़ा

**नीमच ।** शहर सोमवार को पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया, जब सबसे अधिक वर्षीतप करने वाली तपसियों का शहर के प्रमुख मार्गो से वगोर्डा निकल गया। वही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन आगामी 21 व 22 अप्रैल को होगा। श्री आदिनाथ जिनालय एवं जिन कुशल सूरी खरतरगच्छ ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव ने शहर के धार्मिक माहौल को चरम पर पहुंचा दिया। इस विशेष अवसर पर 100 से अधिक वर्षीतप पूर्ण करने वाले तपस्वियों ने शोभायात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकली जिनके साथ परिजन व समाजजन ढोल नगाड़ों के साथ झूमती भाव विभव होकर अनुमोदना करते चल रहे थे द्य जो पुस्तक बाजार होकर जैन भवन पहुंचे द्य समाजजन व अतिथियों सहित आमंत्रितों का स्वामी वात्सल्य राठौर परिसर में संपन्न हुआ। इस तरह आज का दिन पारिवारिक परिस्थितियों में भी तपसियों सा आचरण कर शहर व क्षेत्र की 100 तपसियों ने धर्म का अनुसरण किया।

## जिला स्तरीय टेबल टेनिस स्पर्धा का समापन, वैभव जैन और हितांशी ग्रोवर ने जीते खिताब

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



मन्दसौर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ शानदार समापन हुआ।

इस प्रतियोगिता में वैभव जैन ने पुरुष वर्ग में और मनासा की हितांशी ग्रोवर ने बालिका सब-जूनियर वर्ग में अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला योजना समिति सदस्य अनिल कियावत और विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश सिसोदिया एवं भाजपा नेता विनय दुबेला उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अन्य परिणामों में बालिका वर्ग में काशिका वेद और बालक वर्ग में शुभ राज पाठक, धीर जैन एवं प्रखर मंडवारिया ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष डबल्स के कड़े मुकाबले में अनूप पोरवाल और मनीष पोरवाल की अनुभवी जोड़ी ने जीत दर्ज की। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक अनुशासन के लिए भी अनिवार्य है। एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कवीश्वर ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिले के वरिष्ठ खिलाड़ियों और रेफरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को खेल भावना को प्रोत्साहित करने हेतु सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया, 156 कि.ग्रा. डोडाचूरा जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



जिले के नारायणगढ़ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 156 किग्रा अवैध डोडाचूरा और एक लग्जरी कार बरामद की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी भारत भाबर के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मंदसौर-संजीत रोड स्थित काचरिया कदमाला चौपाटी के पास जय वीर हनुमान मंदिर के समीप पुलिस बल ने संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। चेकिंग के दौरान एक महिन्द्रा एक्सयूवी 300 कार क्र. एमपी 18 सीए 8642 को रोककर जब उसकी तलाशी ली गई, तो कार के भीतर 8 प्लास्टिक के कट्टों में छुपाकर रखा गया कुल 156.5 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से आरोपी कार चालक सुखदेव (29) पिता किशनाराम विश्नोई निवासी रामदेव नगर गुजरवास खुर्द, थाना बनाड, जिला जोधपुर (राजस्थान) को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी से उक्त कार, मोबाइल फोन और अन्य राज्यों की दो संदिग्ध नंबर प्लेटें भी जब्त की हैं। पुलिस को कार से महाराष्ट्र पासिंग की नंबर प्लेट नं. एमएच 12 वीजेड 3485 बरामद हुई है, जिससे अंदेशा है कि तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए फर्जी नंबरों का उपयोग कर रहा था।पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# अफीम तोल व मार्फिन जांच की जा रही है किसान भाई भ्रमित ना हो : सांसद गुप्ता

### सांसद ने किया अफीम तौल फैक्ट्री का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच/ मंदसोर

किसानों द्वारा लाई जाने वाली अफीम की तौल और जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता ने अफीम फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व नारकोटिक्स अधिकारियों के साथ फैक्ट्री में तौल परिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डिजिटल ट्रैकिंग और भंडारण क्षमता को सराहा

सांसद गुप्ता ने भंडारण क्षेत्र में व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अधिकारियों से रखरखाव की व्यवस्था जानी और सीधे कर्मचारियों व कंप्यूटर ऑपरेटरों के पास जाकर उनकी कार्यप्रणाली को देखा। उन्होंने कंप्यूटर स्क्रीन पर जांचा कि कैसे प्रत्येक कंटेनर का डेटा सिस्टम में दर्ज किया जा रहा है और पूरी प्रक्रिया को किस तरह से डिजिटल रूप से ट्रैक किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान सांसद गुप्ता ने उस नई पारदर्शी प्रणाली को भी परखा, जिसने जांच को पूरी तरह निष्पक्ष बना दिया है। इस व्यवस्था के तहत कंटेनर से किसान का नाम हटाकर सबसे पहले उस पर एक 'क्यूआर कोड' (त्तक्र ष्टशस्त्रद्ग) लगाया जाता है। इसके बाद लैब में भेजने से पूर्व उसे 'माइक्रो कोड' में बदल दिया जाता है, जिससे जांच करने वाले किसी भी विशेषज्ञ को यह भनक नहीं लगती कि वह किस किसान की अफीम का परीक्षण कर रहा है। साथ ही उनके पास ऐसा कोई भी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट नहीं है जिससे वो कोडिंग-डिकोडिंग कर सकें।

सांसद ने अफीम परीक्षण लैब का निरीक्षण कर पाया कि अब फैक्ट्री में मॉर्फिन के परीक्षण के लिए अत्याधुनिक और उन्नत तकनीक से लैस नई मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे जांच के परिणाम पूरी तरह शत प्रतिशत आ रहे हैं। इसी के साथ ही फैक्ट्री की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सांसद ने पाया कि संपूर्ण जांच प्रक्रिया कोटा डीएनसी (ष्ठहष्ट) और जीएम (त्र्रू) जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की कड़ी निगरानी में संचालित हो रही है। किसी भी तरह की अनियमितता रोकने के लिए परिसर में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय हैं और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई।

# बाजना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व मिले शव की गुत्थी नहीं सुलझी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



जिले के बाजना थाना क्षेत्र स्थित डाबर गांव में तीन दिन पूर्व मिले ३५ वर्षीय युवक के शव के गुत्थी अनसुलझी बनी हुई है। पुलिस ने टीम ने रविवार को भी घटनास्थल पर जाकर एक बार फिर मौकै मुआयना किया। एसपी अमित कुमार व एफएसएल टीम भी पहुंची। सारे तथ्यों को देखा।

मृतक की पहचान डाबर गांव निवासी तेजा (35) पिता नाकू डोडियार के रूप में हुई थी। उसका शव गांव के ही पहाड़ी और पथरीले इलाके में पड़ा मिला था। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक के चेहरे और कान के पास से काफी खून बहा हुआ था और शरीर पर चोटों के निशान भी मिले थे।

जिस तरह से शव मिला और चेहरे की स्थिति को देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी ने उस पर जानलेवा हमला किया होगा है। शव के पास ही मृतक की बाइक भी मिली थी। हालांकि पुलिस अभी सारे बिंदुओं की तह तक जाने में जुटी है।

रविवार को एसपी अमित कुमार, एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल घटना स्थल पर पहुंचे। एसपी ने जांच अधिकारियों से जानकारी ली। परिजनों से भी मृतक के बारे में जानकारी ली गई है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस जल्द घटनाक्रम का खुलासा कर सकती है।

बाजना थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया सारे एंगल को ध्यान में रख जांच की जा रही है। जल्द खुलासा करेंगे।

## न्यूज कालम



### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर चल समारोह निकला, प्रतिभाओं का सम्मान

**मन्दसौर।** अक्षय तृतीया के अवसर पर सकल ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में चल समारोह निकाला गया। राम टेकरी स्थित परशुराम वाटिका से महाआरती के पश्चात शुरू हुई इस शोभायात्रा में समाज के हर वर्ग की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं के गरबा नृत्य और ढोल-नगाड़ों की थाप ने पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। चल समारोह का मार्ग में विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा और जलपान के माध्यम से आत्मीय स्वागत किया गया। शोभायात्रा के समापन पर संजय उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागार में मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहाँ मुख्य वक्ता पं. दशरथ भाई शर्मा ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें करुणा और न्याय का प्रतीक बताया। इस अवसर पर समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं और वरिष्ठ शिक्षाविदों का सम्मान भी किया गया। पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के आचार्य विष्णु ज्ञानी को उनकी निस्वार्थ शैक्षणिक सेवाओं के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में नन्हे बच्चों और युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में रेलवे स्टेशन पर जल मंदिर का शुभारंभ



**आलोट।** भारत विकास परिषद द्वारा अक्षय तृतीया के उपलक्ष में रेलवे स्टेशन के सामने जल मंदिर का शुभारंभ किया गया जिसमें राहगीरों को ठंडे जल की व्यवस्था रहेगी प्याऊ का शुभारंभ आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय एवं नागेश्वर तीर्थ पीढ़ी के सचिव धर्मचंद जैन द्वारा किया गया विधायक मालवीय एवं जैन द्वारा शुभारंभ अवसर पर भारत विकास परिषद के उक्त कार्य की सहारना की एवं कहा की भारत विकास परिषद इसी तरीके के सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करते रहें । कार्यक्रम में भारत का परिषद के अध्यक्ष कमल गुप्ता सचिव मनीष फरक्या कोषाध्यक्ष आशीष काला अभिभाषक संघ के सहसचिव राजेश मंडवारिया सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र काला युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सोलंकी अजात शत्रु सिंह परिहार पूर्व नगर परिषद सीएमओ अशोक शर्मा पंकज चौधरी रवि सेठिया कार्यक्रम का संचालन परिषद के संरक्षक निलेश जांगलवा एवं आभार परिषद के कमल गुप्ता ने माना।

### राज्य स्तरीय यूसीमास प्रतियोगिता के लिए मन्दसौर के 15 बच्चों का चयन

**मन्दसौर।** मास्टर फ्रेंचाइजी यूसीमास मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित होने वाली 21वीं राज्य स्तरीय यूसीमास प्रतियोगिता में इस वर्ष मन्दसौर जिले का प्रतिनिधित्व 15 प्रतिभावान बच्चे करेंगे। यह प्रतियोगिता आगामी 2 मई 2026 को इंदौर के अभय खेल प्रशाल में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर से लगभग 6500 विद्यार्थी अपनी दिमागी गणना कौशल का प्रदर्शन करेंगे। कोर्स इंस्ट्रक्टर नरेंद्र कुमार ने बताया कि चयनित विद्यार्थी पिछले दो माह से इस स्पर्धा के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। मन्दसौर की टीम में दिविशा चंदवानी, साक्षी मेहता, वियाना मारू, एहमद रजा, छवि वागड़िया, देवेश माली, गर्वितसिंह जादौन, इशान वागड़िया, मितांश पाटीदार, वैदिकसिंह ठाकुर, रूद्रा दुबे, निर्पेश शर्मा, कुसुमेश चौहान, महिमा बाबानी और नेहान इस्लाम शामिल हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को 3 मई को इंदौर के रवींद्र नाट्य गृह में पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### सत्येंद्र सक्सेना बने म प्र फार्मासिस्ट एसोसिएशन नीमच के जिलाध्यक्ष



**नीमच।** फार्मासिस्ट के अधिकारों के लिए कार्यरत प्रदेश और राष्ट्र स्तर पर सरोकार के साथ वर्षों से फार्मासिस्ट हितों के लिए फार्मा क्षेत्र में दूरदृष्टी और ईमानदार उद्देश्यों के साथ कार्य करने वाली संस्था मध्य प्रदेश फार्मासिस्ट एसोसिएशन के नीमच जिला अध्यक्ष पद पर फार्मासिस्ट सत्येंद्र कुमार सक्सेना को एमपीपीए प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश त्रिपाठी, सचिव दीपक मिश्रा, नीमच जिला प्रभारी एमपीपीए मंदसौर जिला अध्यक्ष मिथुन वाप्ता की अनुशंसा पर निर्विरोध नियुक्त किया है । इस नियुक्ति पर फार्मासिट रोहित शर्मा, विहान पटवा, अभी नेमा, शैलेंद्र पाटीदार, मोहसिन मंसूरी, प्रतीक व्यास, आयुष बोडाना, आयुष नागर आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी । उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पंकज श्रीवास्तव ने दी ।

### आखातीज एवं परशुराम जयंती पर खंडेलवाल समाज ने की गौ सेवा

**नीमच।** आखातीज एवं भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर खंडेलवाल समाज द्वारा समाज के आराध्यदेव संत श्री सुंदरदास जी महाराज को माल्यार्पण कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात श्री सुंदरदास जी मार्ग स्थित गौशाला में गौसेवा का विशेष आयोजन किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के सदस्यों ने सामूहिक रूप से गौमाता की सेवा करते हुए उन्हें लापसी एवं हरे चारे का भोग अर्पित किया। इस दौरान उपस्थित समाजजनों में विशेष उत्साह एवं धार्मिक आस्था देखने को मिली। बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चों ने अपने परिवार सहित सह भागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।इस आयोजन में समाज महिला मंडल की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही। महिला मंडल की सदस्याओं ने पूरे कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लापसी तैयार करने, भोग की व्यवस्था करने तथा आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने में योगदान दिया।




## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने प्रांतीय स्तर के आंदोलन का किया समर्थन

**महिदपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के अव्हान पर भोपाल में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध तथा नियुक्ति दिनाँक से वरिष्ठता की मांग को लेकर महिदपुर ब्लॉक के जनगणना प्रशिक्षण में संलग्न अध्यापक शिक्षकों ने समर्थन किया तथा शासन से मांग की कि तत्काल पात्रता परीक्षा को निरस्त करें तथा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के आदेश जारी करें। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ म. प्र. की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व अध्यापक शिक्षक सयुंक्त मोर्चे की सदस्य सुश्री सुषमा खेमसरा के साथ महिदपुर ब्लॉक के सेकड़ो अध्यापक शिक्षक साथी, जो जनगणना प्रशिक्षण होने के कारण भोपाल नहीं पहुँच पाए, ब्लॉक स्तर पर रहते हुए प्रान्त स्तर का भोपाल में होने वाले आंदोलन को समर्थन दिया। इस अवसर पर रामलाल थावलिया, विजय पंड्या, जाकिर एहमद नागौरी ,बाबूलाल आसोडिया, सेवाराम वर्शी, शिखा वर्मा, सुरेश उत्तरार्धी, नारायण राव, मुकेश बगाना, राजेश व्यास, अब्दुल सत्तार नागौरी, प्रीति मकवाना, राखी उथरा, इरफान नागौरी, फरहाना खान, सुषमा मल्होत्रा, अशरफउद्दीन नागौरी, हेमलता व्यास, नासिर उद्दीन नागोरी, जया पाटनी, अंजना जैन, सोनाली बोबडे, प्रदीप राव, मुकेश सूर्यवंशी, दुर्गा सूर्यवंशी, ललित सोलंकी, ज्योति समाधियां, पूजा यादव, टीना चैधरी, दिलीपसिंह अटोलिया, सीमा सिसोदिया, दीपिका शर्मा, कालिंदी तिवारी, जेबा अब्बासी, गोकुलसिंह सोलंकी, मनोहर सेदीवाल के साथ ही सैंकड़ो अध्यापक साथी उपस्थित थे । उपरोक्त जानकारी अमनदीपसिंह दुआ ने दी।

## पीपल्याखेड़ी में चल रही भागवत कथा रुद्र यज्ञ एवं नि:शुल्क कन्या विवाह कार्यक्रम



**ब्यावरा।** समीपस्थ ग्राम पीपल्याखेड़ी में चल रही भागवत कथा रुद्र यज्ञ, निःशुल्क कन्या विवाह के छठे दिवस पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसंग में कहा परिवार में जमीन जायदाद का नही परिवार में समाज मे यदि किसी के जीवन मे दुःख आये तो उसको आपस मे बाट लेना चाहिये जैसे भगवान राम के जीवन मे दुःख आया उसको लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चारो भाइयो ने मिलकर बाट लिया कथा में रूखमणी मंगल का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि विवाह में ज्यादा दिखावा न हो संभव हो कम खर्च में विवाह हो, वैवाहिक आयोजन मायार्दा ओर संस्कारो में रहकर करे, अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर कथा प्रतिष्ठा एव निःशुल्क कन्या विवाह संपन्न होगा, आयोजन के मुख्य यजमान गोपाल सिंह चौहान एव परिवार के द्वारा अधिक से अधिक धर्मप्रेमी श्रद्धालु और क्षेत्रवासियों से सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया है।

## रेल्वे ट्रैक के पास पराली जलाने के दौरान हादसा होते- होते बचा, ट्रेन को रोका



**महिदपुर रोड।** मुंबई दिल्ली ब्रॉड गेज रेल्वे ट्रैक पर नागदा से महिदपुर रोड के बीच रेल्वे ट्रैक के किनारे स्थित कृषि भूमि पर खेतों में गेहूं की खड़ी पराली जलाने के दौरान आग ने विकराल रूप धारण कर लिया घटना रविवार दोपहर की बताई जाती है। रेल्वे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेल्वे के पोल नंबर 703 से 708 के बीच यह आग रेल्वे ट्रैक तक पहुंच गई रेल्वे जमादार राजेंद्र सिंह, की मेन बलवंत सिंह रेल्वे के एस एस ई मोहनसिंह तथा स्टेशन प्रबंधक रोहल खुर्द ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देते हुए नागदा शहर में स्थित नगर पालिका के फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी घटनास्थल पर सिंगल स्टाफ आर पीएफ पुलिस चौकी महिदपुर रोड का स्टाफ आदि आवश्यक मदद करने पहुंचे नागदा से आये फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई । इस दौरान डाउन ट्रैक से बांद्रा से हरिद्वार जा रही 19 019 डा. देहरादून एक्सप्रेस को भी बीच जंगल में 20 -25 मिनट तक सावधानी के बतौर रोका गया दिन में तथा विशेष रूप से शाम होते ही आसपास के किसान बे खौफ होकर खेतों में प राली जला रहे हैं जिसकी आग की तेज लपटे रेलवे ट्रैक तथा सड़क से गुजरने वाले वाहनों के लिये खतरे का कारण बन रही है।

## महिदपुर सिटी में कृत्रिम गभार्धान परीक्षण कार्यक्रम आयोजित

**महिदपुर।** शासकीय पशु चिकित्सालय, महिदपुर सिटी में क्षीर धारा योजना के अंतर्गत कृत्रिम गभार्धान से संबंधित परीक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पशुपालकों को उन्नत प्रजनन तकनीकों के प्रति जागरूक करना एवं पशुधन की गुणवत्ता में सुधार करना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. गोपाल गिरी गोस्वामी (पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी), डॉ. प्रवीण परिहार (मास्टर ट्रेनर एवं पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी, तराना), डॉ. अरविंद मेथनिया (पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी, महिदपुर), डॉ. उदयवीर सिंह माहौर (प्रभारी, पशु चिकित्सालय महिदपुर सिटी), तथा डॉ. अभय सिंह (प्रभारी, पशु चिकित्सालय खेड़ा खजुरिया) उपस्थित रहे। इसके साथ ही श्री हरि सिंह ठाकुर, सुश्री रश्मि दादोरिया, श्री कमलेश असके (पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, इन्दोख), श्री हुकमीचंद माली, श्री अनंत दावरे सहित क्षेत्र के समस्त मैत्री एवं गौसेवक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा कृत्रिम गभार्धान की प्रक्रिया, इसके लाभ तथा पशुपालन में इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित पशुपालकों ने कार्यक्रम में रुचि दिखाते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकला भव्य चल समारोह, जयकारों से गूंजा शहर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

ब्राह्मण समाज द्वारा आराध्य देव भगवान श्रीपरशुरामजी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। पूरे शहर में उत्सवी माहौल नजर आया और समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ब्राह्मण समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। चल समारोह की शुरूआत नगर के वैष्णोदेवी मंदिर से हुई, जहां सुबह से ही विप्र बंधुओं का जुटना प्रारंभ हो गया था। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उपस्थित सभी समाजजनों को भगवा साफा पहनाकर एकजुटता और धर्म के प्रति आस्था का संदेश दिया गया। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ सुसज्जित रथ में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने सभी का मन मोह लिया।

### जयकारों से गूंजा शहर

चल समारोह जैसे ही शहर के मुख्य मार्गों से गुजरा, भगवान परशुराम



की जय के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। युवा, बुजुर्ग और बच्चे पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए और अनुशासन के साथ यात्रा को आगे बढ़ाते रहे। मार्ग में श्रद्धालु जगह-जगह फूलों की वर्षा कर भगवान की झांकी का स्वागत करते नजर आए।

### कई स्थानों पर हुआ भव्य स्वागत

सुबह करीब 10 बजे प्रारंभ हुआ यह चल समारोह वैष्णो देवी मंदिर से निकलकर एबी रोड, सिटी थाना, चिंताहरण हनुमान मंदिर, पीपल चौराहा, मुख्य बाजार, नगर पालिका परिसर, एबी रोड, अहिंसा द्वार होते हुए इंदौर नाका से भगवान परशुराम धाम मंदिर पहुंचा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और आम नागरिकों द्वारा जगह-जगह स्वागत मंच लगाकर शोभायात्रा का भव्य अभिनंदन किया गया। कहीं शीतल पेय वितरित किए गए तो कहीं पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया गया।

### महाआरती के साथ हुआ समापन

भगवान परशुराम धाम मंदिर पहुंचने पर विधिवत महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के साथ ही पूरे आयोजन का धार्मिक वातावरण में समापन हुआ।

### दिए संस्कार और शिक्षा के संदेश

चल समारोह के पश्चात मंदिर परिसर में भव्य मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें समाज के पदाधिकारी, धर्मगुरु और गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित करने, उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक बनाने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सभी समाजों को साथ लेकर चलने की परंपरा निभाता आया है और यही भावना नई पीढ़ी में भी विकसित की जानी चाहिए। वक्ताओं ने यह भी कहा कि बच्चों को कर्मकांड, परंपराओं और संस्कृति का ज्ञान देना आवश्यक है, ताकि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें। साथ ही, आधुनिक शिक्षा के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को बुराइयों और कुरीतियों से दूर रखते हुए उन्हें सही मार्गदर्शन दें।

### सामाजिक एकता का दिखा संदेश:

पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, एकता और सामाजिक समरसता की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि समाज में एकजुटता और संस्कारों के महत्व का भी संदेश दिया।



## शहरी निकायों के विकास की गति को तेज करना है- विजयवर्गीय

**सारंगपुर।** शहरी निकायों के विकास की गति को तेज करना और उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम सभी को मिलकर सफल प्रयास करने होंगे। विकास कार्यों में राशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। यह आश्वासन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सारंगपुर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल को दिए। पालीवाल ने मंत्री विजयवर्गीय से इंदौर में मुलाकात करते हुए नगर विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने केबिनेट मंत्री को जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सारंगपुर आने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर पार्षद बाबूलाल अहिरवार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत सामुहिक विवाह सम्मेलन हुआ

**42 जोड़े दाम्पत्य जीवन में बंधे**



**बड़नगर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत जनपद पंचायत बड़नगर द्वारा कृषि उपज मण्डी परिसर बड़नगर में रविवार कोम 42 कन्याओं का सामुहिक विवाह सम्मेलन विधायक जितेन्द्र उदयसिह पण्ड्या के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, जनपद अध्यक्ष निर्मला उमरावसिह राठोर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिह देवड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोग्या थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोवर्धन मालवीय ने बताया कि कृषि उपज मण्डी बड़नगर में आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन में विधायक पण्ड्या द्वारा संपत्निक उपस्थित होकर चांदी की रिंग उपहार स्वरूप भेट की गई। उक्त विवाह को पं. ओमप्रकाश शर्मा द्वारा वेदिक विधि से सम्पन्न कराया गया । समस्त अतिथियों ने ल नव दंपतियों के उज्जवल भविष्य तथा सुखमय वैवाहिक जीवन का शुभाशीष प्रदान किया । उक्त अवसर पर प्रतिक स्वरूप कन्याओं को शासन द्वारा स्वीकृत राशि रुपए 49000/-के स्वीकृती पत्र अतिथियों द्वारा द्वारा प्रदान किया गया। यह राशि कन्याओं के बैंक खाते में निर्गमित होगी । इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य रामप्रसाद पण्ड्या, मण्डल के अध्यक्ष विजयराजसिंह, मुकेश व्यास, महेश हारोड, गोपाल आंजना, नवीन राठौर, जनपद सदस्यगण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धीरेन्द्र पाराशर, तहसीलदार रूपाली जैन, विभिन्न विभागों के अधिकारी / कर्मचारियों सहित क्षेत्र के ग्रामीणजन भारी संख्या में उपस्थित रहें। उक्त विवाह सम्मेलन में वर-वधुओं के साथ आए आगंतुको के लिये सहभोज भी आयोजित किया गया ।

**भैंस चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश**

# पुलिस द्वारा 6 आरोपी गिरफ्तार 3 भैंस और एक पिकअप वाहन जप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी कुरावर निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई के नेतृत्व में पुलिस ने भैंस चोरी करने वाले गिरोह के 6 आरोपियो को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 भैंस और एक पिकअप वाहन जप्त किया। आरोपियों ने जिला रायसेन से भी भैंस चोरी करना स्वीकार किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी दिलीप सिंह पिता भवर सिंह राजपूत 60 वर्ष निवासी गिलाखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके बाड़े से 2 भैंस अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर ली गई। इसी प्रकार फरियादी मुंशीलाल पिता कालूराम निवासी सेमलखेड़ी ने भी भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उक्त रिपोर्टों पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 106/2026 एवं 115/2026 धारा




303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दो विशेष टीमों का गठन किया गया। एक टीम ने आरोपियों की तलाश एवं दूसरी टीम ने सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से परीक्षण किया। साथ ही साइबर सेल की सहायता से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर संदेहियों की पहचान की गई। पुलिस ने दबिश देकर 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। आरोपियों के पास से 3 भैंस बोलेरो पिकअप वाहन एमपी 04 जीए 7812 जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रु. और नकदी 16 हजार रु., कुल 5,16,000/- रु का माल जप्त कर आरोपी करीम पिता मोहम्मद खान 46 वर्ष निवासी काछीखेड़ी थाना सारंगपुर, शोएब उर्फ भैय्यू पिता मजीद खान 22 वर्ष निवासी दोराहा, गुफरान पिता बदरुद्दीन खान 22 वर्ष निवासी शिवपुरा, खुर्शीद उर्फ मुन्ना पिता आशिक खान 21 वर्ष निवासी शिवपुरा, सिद्धिक खा पिता हकीम खा,उम्र 28 वर्ष,निवासी शिवपुरा, गोलू उर्फ फतिम पिता रईस खान 20 वर्ष निवासी शिवपुरा को गिरफ्तार किया।

**सारंगपुर में गर्मी का प्रकोप, सड़कें सूनी:**

## तापमान 41 डिग्री पहुंचा, लोग घरों में रहने को मजबूर

**सारंगपुर।** सारंगपुर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। दोपहर 12 बजे के बाद स्थिति ऐसी हो गई कि लोग आवश्यक कार्यों के अलावा घरों से बाहर निकलने से बचते रहे। बाजारों और सडकों पर दोपहर के समय सन्नााटा पसरा रहा। तेज धूप और लू के कारण दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी का सामना करना पड रहा है। बाहर निकलने वाले लोग धूप से बचाव के लिए गमछा, चश्मा और टोपी का उपयोग कर रहे हैं। कई लोग तो पूरे शरीर को ढककर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, रात का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार को आसमान में हल्के बादल छा सकते हैं, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है। हालांकि, इसके बाद गर्मी फिर बढने के आसार हैं और अप्रैल के अंत तक तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

### दिन में काम करना मुश्किल

स्थानीय निवासी आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि गर्मी इतनी अधिक है कि बाहर निकलते ही पसीना आने लगता है और काम करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि लोग केवल जरूरी काम होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं, अन्यथा दोपहर के समय घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं।

## एंबुलेंस और बाइक भिड़ंत में एक घायल

**शाजापुर।** मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम टिगरिया के पास रविवार दोपहर एक पशु चिकित्सा एंबुलेंस और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। हादसे की सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में घायल युवक की पहचान सरसोदिया निवासी मुकेश के रूप में हुई है।

# भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव पर भव्य धार्मिक आयोजन

**श्रीराम मंदिर धर्मशाला में गूंजे जयकारे महाआरती व प्रसादी वितरण**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव के पावन अवसर पर नगर के श्रीराम मंदिर धर्मशाला परिसर में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियों का क्रम प्रारंभ हो गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा और जय श्री परशुराम के जयकारों से परिसर गूंजता रहा।कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। कपिल पंचोली द्वारा विशेष पूजन कर समाज की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई। पूजा का संपूर्ण विधि-विधान पंडित गोविंद शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया।



इसके पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक भाग लिया और भगवान की आराधना की।

महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन में ब्राह्मण समाज के लोगों की विशेष उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के जीवन आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज में धर्म, सत्य एवं न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। आयोजन को सफल बनाने में सकल ब्राह्मण समाज, सुसनेर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पंडित घनश्याम शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, पार्षद प्रतिनिधि युगल किशोर परमार, राहुल सिसोदिया सहित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य गोवर्धन शुक्ला, मुकेश हरदेनिया, युगल किशोर शर्मा, ईश्वर शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रामबाबू त्रिवेदी, मांगीलाल शर्मा, मनोज शर्मा, जयराज शर्मा, मनु शर्मा, गौरव शर्मा, कार्तिक शर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एक साथ सजे 108 मंगल चौके, श्रावकों ने नवधा भक्ति से मुनिराजों को कराया आहार दान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रविवार को जैन समाज ने भक्ति और समर्पण का एक अनूठा उदाहरण पेश किया। धर्म के प्रथम तीर्थंकर, देवाधिदेव भगवान आदिनाथ के प्रथम पारणा दिवस की स्मृति में रविवार को सकल दिगंबर जैन समाज सुसनेर के द्वारा एक अलौकिक आयोजन किया गया। भक्ति की ऐसी अविरल धारा बही कि पूरा नगर 'आदिनाथ प्रभु' और 'गुरु भक्ति' के रंग में सराबोर नजर आया। आयोजन का मुख्य आकर्षण 108 भव्य चौके रहे, जिसमें मुनिश्री 108 श्रवण सागर जी महाराज तथा मुनिश्री 108 ओकार सागर जी महाराज की सामूहिक पडगाहन के बाद आहारचर्या संपन्न हुई।

### केसरिया उत्साह और भक्ति का संगम

आयोजन के दौरान प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था। नगर के मुख्य मार्ग शुक्रवारिया बाजार,मउडी दरवाजा क्षेत्र को मनमोहक रंगोलियों से सजाया गया था। 108 परिवारों ने अपने-



अपने निर्धारित चौकों (आहार स्थलों) को पूरी शुद्धता और मांगलिकता के साथ तैयार किया था। शुद्ध श्वेत और केसरिया वस्त्रों में सजे सैकडों श्रावक-श्राविकाएं हाथों में मंगल कलश और पूजन की थाली लिए मुनिराजों की प्रतीक्षा में खड़े थे।

### 108 चौकों में नवधा भक्ति का दृश्य

जैसे ही दिगंबर मुनि संघ का मंगल प्रवेश आयोजन स्थल शुक्रवारिया बाजार एवं मउडी दरवाजा पर हुआ, गुरुवर के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। एक-एक कर मुनिराजों का 'पड़गाहन' किया गया। बाद में मुनिश्री 108 श्रवण सागर जी महाराज महेश कुमार जैन मिचीर्वाला परिवार के घर तथा मुनिश्री 108 ओकार सागर जी महाराज नीलेश कुमार लवीश कुंमार जैन के घर पहुंचे तो परिवारजनों ने उत्साह से भोजन की शुद्धता का उद्घोष के रूप में नमोस्तु महाराज, मन शुद्धि, वचन शुद्धि, काय शुद्धि, आहार जल शुद्ध है, भोजनशाला में प्रवेश कीजिए श्रावकों ने पूरी विनम्रता के साथ मुनिराज के पाद प्रक्षालन किए, अष्टद्रव्य से पूजन कर 'उच्चासन' प्रदान किया। आहारचर्या का दृश्य देखने के लिए बडी संख्या में आसपास के शहरों से समाजजन पहुंचे थें।

### गन्ने का रस से याद आया युग का प्रारंभ

जैन पुराणों के अनुसार, आज अक्षय तृतीया के दिन युगदृष्टा भगवान ऋषभदेव (आदिनाथ) ने 13 महीने और 13 दिन की कठिन तपस्या के बाद राजा श्रेयांस के हाथों 'इक्षु रस' (गन्ने का रस) का आहार ग्रहण कर दान तीर्थ की स्थापना की थी। इसी परंपरा को जीवंत करते हुए आज श्रावकों ने मुनिराजों को विशेष रूप से गन्ने का रस और पूर्णतः सात्विक प्रासुक भोजन भेंट किया। मुनिराजों ने भी आहार ग्रहण कर भक्तों को अक्षय पुण्य का आशीर्वाद दिया।

### मुनिश्री ने दिए धर्मोपदेश

जो लोग धनी होते है वे लोग हमेंशा जरूरत के पास जाते है। तथा जो लोग भगवान की भक्ति में हमेंशा लगे होते है उनको जरूरत के पास जाना नहीं पडता है। दुनिया में 4 तरह के लोग है। एक वे जिनके पास माल तो है किंतु माला नहीं है। दूसरे वे लोग है जिनके पास माला भी है ओर माल भी है। तीसरे वे लोग है माला तो नहीं है किंतु माल नही है तथा चौथे वे लोग है जिनके पास माला है और ना ही माल है। उक्त बात अक्षय तृतीया के अवसर पर दिगंबर जैन बडा मंदिर में मुनिश्री श्रवण सागर जी महाराज ने धर्मोपदेश के दौरान कही।उन्होने कहां कि माला के अर्थ है भगवान की भक्ति व माल का अर्थ है धन है। इस अवसर पर मुनिश्री ओकार सागर जी महाराज ने अक्षय तृतीया का जैन धर्म में महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके पूर्व आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज की पूजन पंडित मुकेश जैन ने करवाई। मंगलाचरण भूपेद्र जैन ने प्रस्तुत किया। दीप प्रज्वलन एवं मुनिश्री को शास्त्र भेट अन्य शहरों गंजबासोदा, नलखेडा, भवानीमंडी,धरोला,मोडी के समाजजजनों के द्वारा किया गया।

# क्या डायबिटीज के कारण पीरियड्स रुक सकते हैं? जानें दोनों के बीच का कनेक्शन



डायबिटीज होने पर मरीज को अपने खान-पान को लेकर काफी सतर्क रहने की जरूरत होती है। अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं और अपनी ब्लड शुगर का ध्यान नहीं रख रहे हैं तो इससे आपको अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। डायबिटीज में कई महिलाएं पीरियड्स से जुड़ी समस्या की भी शिकायत करती हैं। कुछ महिलाओं के मन में यह सवाल रहता है कि डायबिटीज के कारण पीरियड्स रुक सकते हैं। अगर आप भी ऐसा सोचती हैं तो इस लेख को जरूर पढ़ें।

## क्या डायबिटीज के कारण पीरियड्स रुक सकते हैं?

डॉक्टर की मानें तो डायबिटीज के दौरान शरीर में हार्मोन्स में बदलाव होते हैं, जोकि डायबिटीज में दिखने वाला एक आम लक्षण है। हार्मोन्स बदलने पर आपके इंसुलिन बढ़ने के साथ ही इंसुलिन रेजिस्टेंस हो सकता है, जिसके चलते आपके पीरियड्स कई बार रुक सकते हैं। हालांकि, यह डायबिटीज से पीड़ित सभी महिलाओं के साथ नहीं होता है, लेकिन कुछ महिलाएं इसका शिकार जरूर हो सकता है। डायबिटीज बढ़ने पर ओवेल्यूशन भी असंतुलित हो सकता है, जिससे पीरियड्स असंतुलित हो सकता है।

## डायबिटीज में पीरियड्स पर क्या प्रभाव पड़ता है?

डॉक्टर के मुताबिक डायबिटीज के दौरान पीरियड्स पर प्रभाव पड़ सकता है। ब्लड शुगर लेवल बढ़ने पर महिलाओं के मासिक धर्म कई बार लंबा या कम हो सकता है। टाइप 1 और टाइप 2 दोनों तरह की डायबिटीज में ही आपके पीरियड्स प्रभावित हो सकते हैं। डायबिटीज होने पर कई बार पीरियड्स सामान्य से ज्यादा हेवी तो कुछ मामलों में लाइट पीरियड्स भी आ सकते हैं।

## पीरियड्स रुकने के अन्य कारण

अगर आपके पीरियड्स रुक रहे हैं या उनमें कोई अनियमितता है तो इसके पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं।

प्रेग्नेंसी को पीरियड्स के रुकने के पीछे का आम कारण माना जाता है।

मासिक धर्म अचानक बंद होने के पीछे हार्मोनल इंबैलेंस भी एक बड़ा कारण माना जाता है।

कुछ मामलों में थायरॉइड से जुड़ी समस्या भी पीरियड्स में होने वाली देरी का लक्षण हो सकता है।

अगर आप जरूरत से ज्यादा दवाएं ले रहे हैं तो इससे भी पीरियड्स अचानक रुक सकते हैं।

## ध्यान रखनी चाहिए ये बातें

अगर आप डायबिटीज की मरीज हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए।

अगर आप डायबिटीज से पीड़ित हैं तो ऐसे में फाइबर से भरपूर डाइट लें और कैफीन और चाय पीने से बचें।

इसके लिए आपको अपनी नींद को पूरी करने के साथ ही जंक और ऑयली फूड्स खाने से परहेज करना चाहिए।

इसके लिए आप लोगों को शराब और स्मोकिंग करने से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए।

ऐसे में आपको छोटे मील्स लेने के साथ ही ज्यादा कार्ब्स नहीं लेना है।

**बच्चों को बीमारियों से बचाने और इम्यून सिस्टम को स्ट्रांग बनाने में सहजन के पत्ते काफी फायदेमंद होते हैं। सहजन के पत्तों में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी, ए, फाइबर और ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं।**

# सहजन के पत्ते खिलाने से बच्चों को मिलते हैं जबरदस्त फायदे



आजकल के जंक और प्रोसेस्ड फूड जमाने में बच्चों को बीमारियों से मुक्त रखना काफी मुश्किल काम है। इस प्रकार के खाने के कारण बच्चों में कुपोषण, कमजोर इम्यून सिस्टम, बार-बार बीमार होना और विटामिन की कमी आम समस्याएं बन गई हैं। बच्चों को होने वाली इन परेशानियों से राहत दिलाने के लिए कई बार पेरेंट्स दवाएं, एंटीबायोटिक्स और कई प्रकार के सप्लीमेंट देते हैं।

लेकिन इस तरह के सप्लीमेंट एक समय के बाद बच्चों के स्वास्थ को नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चों को बीमारियों से बचाने और इम्यून सिस्टम को स्ट्रांग बनाने में सहजन के पत्ते काफी फायदेमंद होते हैं। सहजन के पत्तों में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी, ए, फाइबर और ढेर सारे एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। बच्चों की डाइट में सहजन के पत्तों को शामिल करने से उनका शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से होता है। आइए जानते हैं बच्चों को सहजन के पत्ते खिलाने के फायदों के बारे में।

## हड्डियों को बनाए मजबूत

सहजन के पत्तों में भरपूर मात्रा में कैल्शियम और फॉस्फोरस होता है, जो बच्चों की हड्डियों और दांतों के विकास के लिए जरूरी हैं। बढ़ते बच्चों को सहजन के पत्ते खिलाने से हड्डियां मजबूत बनती हैं।

## इम्यूनिटी को बनाए स्ट्रांग

बच्चों को सहजन की पत्तियां खिलाने से उनकी इम्यूनिटी स्ट्रांग बनाती है। सहजन के पत्तों में पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी , ए और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। ये पत्ते बच्चों को खिलाने से सर्दी, बुखार और खांसी की परेशानियां कम होती है। सहजन के पत्ते बच्चों को खिलाने से संक्रामक और मौसमी बीमारियों का खतरा कम करने में मदद मिलती है।

## दिमागी विकास को बनाए बेहतर

डाइटिशियन के अनुसार, सहजन में पाए जाने वाले ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, विटामिन अ और आयरन बच्चों के दिमाग के विकास को बेहतर बनाता है। सहजन के पत्ते बच्चों को खिलाने से उनका ध्यान केंद्रित करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है।

## एनीमिया को करता है दूर

भारतीय बच्चों में खून की कमी यानि की एनीमिया की परेशानी बहुत ही आम है। सहजन के पत्तों में प्रचुर मात्रा में आयरन पाया जाता है। बच्चों की डाइट में इसे शामिल करने से ये हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाता है। जिससे एनीमिया की बीमारी दूर होती है।

## पाचन क्रिया को करता दुरुस्त

सहजन के पत्तों में मौजूद फाइबर बच्चों की पाचन क्रिया को बेहतर बनाते हैं। बच्चों की डाइट में सहजन के पत्ते शामिल करने से ये मल को मुलायम बनाकर मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाते हैं। नियमित तौर पर सहजन के पत्ते खाने से पेट में दर्द, कब्ज और गैस की परेशानी दूर होती है।

## बच्चों को सहजन के पत्ते कैसे खिलाएं


डाइटिशियन का कहना है कि बच्चों को सहजन के पत्ते खिलाना एक मुश्किल काम होता है। इसे आप साग, दाल या सूप में मिलाकर बच्चों को खिला सकते हैं। इसके अलावा सहजन के पत्तों को परांठे, इडली और उपमा में डालकर खिला सकते हैं।




**पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हरा दिया। रविवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में सात विकेट पर 254 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट पर सिर्फ 200 रन ही बना सकी।**

# पंजाब की लगातार पांचवीं जीत, अंक तालिका में दबदबा बरकरार ; तीन मैच गंवा चुकी है लखनऊ की टीम

**चंडीगढ़।** प्रियांश आर्या (93) और कूपर कोनोली (87) की रिकॉर्ड 182 रनों की साझेदारी के बाद मार्को यानसेन की घातक गेंदबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हरा दिया। रविवार को न्यू चंडीगढ़ के महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में सात विकेट पर 254 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम निर्धारित ओवरों में पांच विकेट पर सिर्फ 200 रन ही बना सकी।



### पंजाब ने बनाया सीजन का सर्वोच्च स्कोर

इससे पहले, प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली की तूफानी पारियों की मदद से पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में पंजाब ने 254/7 का स्कोर बनाया। यह इस सीजन में किसी भी टीम के द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले आरसीबी ने तीन विकेट पर 250 बनाए थे।

## पंजाब का दबदबा

पंजाब ने की इस सीजन की लगातार पांचवीं जीत है। 11 अंक और +1.420 के नेट रन रेट के साथ टीम अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। वहीं, लखनऊ की टीम लगातार तीसरी हार के साथ आठवें स्थान पर है।

## 200 रन ही बना सकी लखनऊ की टीम

255 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जाएंट्स की शुरूआत शानदार रही। आयुष बदोनी और मिचेल मार्श ने मिलकर पहले विकेट के लिए 5.6 ओवर में 61 रन जोड़े। मार्श 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बदोनी ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में पांच चौकै और एक छक्का लगाया। कप्तान ऋषभ पंत अच्छी लय में दिखाई दिए और उन्होंने महज 23 गेंदों का सामना करते हुए 43 रनों की दमदार पारी खेली। पंत ने अपनी इस पारी में एक चौका और चार छक्के लगाए।

निकोलस पूरन की खराब फॉर्म इस मुकाबले में भी जारी रही और वह नौ रन बनाकर आउट हुए। एडेन मार्करम और मुकेश चौधरी ने पांचवें विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। दोनों ने मिलकर 33 गेंदों में 60 रनों की साझेदारी निभाई, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। मार्करम ने 22 गेंदों में 42 रन बनाए, तो मुकुल 17 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहे। गेंदबाजी में मार्को यानसेन ने 37 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक और चहल ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

## प्रियांश और कोनोली के बीच पंजाब के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी

इस मैच में पंजाब की शुरूआत झटके से साथ हुई। प्रभसिमरन सिंह खाता भी नहीं खोल सके। उन्हें मोहम्मद शमी ने पवेलियन भेजा। इसके बाद मोर्चा कूपर कोनोली और प्रियांश आर्या ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 गेंदों में 182 रनों की विशाल साझेदारी हुई। यह पंजाब के लिए आईपीएल में तीसरी बड़ी साझेदारी है। इससे पहले केएल राहुल और मयंक अग्रवाल के बीच 2020 में 183 रनों की साझेदारी हुई थी। वहीं, 2011 में आरसीबी के खिलाफ एडम गिलक्रिस्ट और शॉन मार्श ने 206 रन बनाए थे।

इस दौरान प्रियांश ने महज 37 गेंदों का सामना करते हुए 93 रनों की दमदार पारी खेली। प्रियांश ने अपनी इस पारी में चार चौके और नौ गगनचुंबी छक्के लगाए। वहीं, कोनोली ने 46 गेंदों का सामना करते हुए 87 रनों की बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 189 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए आठ चौके और सात छक्के लगाए। हालांकि, कप्तान श्रेयस अय्यर बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और छह गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 5 रन बनाकर मोहसिन खान का शिकार बने। नेहल वढ़ेरा भी 7 गेंदों में 13 रन बनाने के बाद एम सिद्धार्थ का शिकार बने। इसके बाद छठे विकेट के लिए मार्कस स्टोइनिस और शशांक ने मिलकर सिर्फ 17 गेंदों में 44 रनों की अहम साझेदारी निभाई।

# एक साथ दो टी20 टीम उतारेगा भारत!: बीसीसीआई बना रहा 30-35 खिलाड़ियों का बड़ा पूल

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अब टी20 क्रिकेट के लिए नई रणनीति पर काम कर रहा है। बढ़ते इंटरनेशनल शेड्यूल और खिलाड़ियों की भरमार को देखते हुए बोर्ड 30-35 खिलाड़ियों का एक बड़ा पूल तैयार करने की योजना बना रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर एक साथ दो टी20 टीम उतारी जा सके। अगर दो टी20 टीम बनती है तो श्रेयस अय्यर भी कमान संभालने की दौड़ में आ सकते हैं।

इस फैसले के पीछे सबसे बड़ी वजह आने वाले समय में शेड्यूल का टकराव है। एशियन गेम्स और भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज एक ही समय पर होने की संभावना है। ऐसे में चयनकताओं को दो अलग-अलग टीमें मैदान में उतारने पर विचार करना पड़ रहा है। एक बीसीसीआई अधिकारी ने एनडीटीवी से कहा, 'एशियन गेम्स और वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज एक ही समय पर होने वाली हैं। इसलिए हमें दो टी20 टीमों के बारे में सोचना होगा। अब यह जरूरी हो गया है कि हमारे पास 30-35 खिलाड़ियों का ऐसा पूल हो, जिन्हें किसी भी समय इंटरनेशनल मैच के लिए चुना जा सके।'

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें 9977140280

**न्यूज कॉलम**

## इंदौर के हीरानगर हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** हीरानगर क्षेत्र में रविवार को सुरेन्द्र साहू की हत्या के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय रहवासियों ने सोमवार को गौरी नगर चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारी हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी, नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि हीरानगर के जाम नगर में सुरेन्द्र साहू की उसके 8 साल के बेटे के सामने ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज हत्याकांड में विवेक और उसके अन्य साथियों के नाम सामने आए हैं। पुलिस ने रविवार देर रात तक कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार, अधिकांश आरोपी नशे के आदी बताए जा रहे हैं। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गौरी नगर चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप था कि क्षेत्र में नशा करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचीं एसीपी रूबीना मिजवानी ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए और चक्काजाम समाप्त किया गया। पुलिस प्रशासन ने मामले में सख्त कार्रवाई और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

## इंदौर में दृष्टिहीन महिला के नाम से फर्जी रजिस्ट्री

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में करीब डेढ़ करोड़ रुपए के भूखंड पर कब्जा करने की सुनियोजित साजिश का खुलासा हुआ है। इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड खुद को वकील बताने वाला एक युवक निकला, जिसने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक ऑटो चालक को प्लॉट का मालिक बना दिया। पुलिस जांच आगे बढ़ी तो मामले में और चौंकाने वाले खुलासे हुए।

ऋषि नगर निवासी सौरभ राठौर के मुताबिक, उक्त भूखंड पर पिछले 25 वर्षों से उनके तीन मकान बने थे, जिनसे उन्हें किराया मिलता था। हाल ही में उन्होंने एक बिल्डर के साथ मिलकर निर्माण कार्य शुरू कराया। इसी दौरान राजेंद्र राठौर नाम का व्यक्ति फर्जी दस्तावेज लेकर पहुंचा और खुद को प्लॉट का मालिक बताने लगा। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राजेंद्र ने प्रेम प्रजापत, तब्बू उर्फ तबरेज और शहनवाज बी के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। इन दस्तावेजों के आधार पर निर्माण कार्य रुकवाया गया और सौरभ से लाखों रुपए की मांग की गई। इतना ही नहीं, झूठे केस में गंभीर धाराओं में फंसाने की धमकी भी दी गई। द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले में राजेंद्र राठौर और प्रेम प्रजापत के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। प्रेम खुद को वकील बताता था, जबकि वह केवल 10वीं तक पढ़ा है और वकीलों की वेशभूषा में लोगों से मिलता-जुलता था। राजेंद्र ई-रिक्शा चालक है, जिसे प्लॉट का फर्जी मालिक बनाया गया। प्रेम के पक्ष मे बयान देने वाले सरबजीत के मामले मे भी द्वारकापुरी जांच कर रही है।

जांच में सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब पुलिस शहनवाज बी तक पहुंची। वह दृष्टिहीन महिला है, जो बेहद खराब हालात में जीवन गुजार रही है। उसके बेटे ने बताया कि तबरेज नाम का युवक 20 हजार रुपए देकर कागजों पर हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान ले गया था। महिला को यह तक पता नहीं था कि उसके नाम से प्लॉट के दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं। पुलिस ने उसे सरकारी गवाह बनाया है।

## पुलिस हिरासत में मौत :भागीरथपुरा चौकी प्रभारी और सिपाही सस्पेंड

इंदौर की भागीरथपुरा पुलिस चौकी में बाइक चोरी के आरोप में पकड़े गए 45 वर्षीय रामजी की रविवार दोपहर पुलिस हिरासत में मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान रामजी ने बाथरूम में जाकर फिनाइल पी लिया।

आनन-फानन में पुलिसकर्मी उसे 7.1 किमी दूर जिला अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी ने चौकी प्रभारी और एक सिपाही को सस्पेंड कर न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं।

बाणगंगा टीआई सियाराम गुर्जर के अनुसार, मृतक रामजी (45) पिता रामचंद्र झा शीतल नगर का रहने वाला था। शनिवार को उसे चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया था। वह अपने कब्जे से मिली चोरी की बाइक के बारे में कुछ नहीं बता रहा था। इसलिए रविवार को पुलिसकर्मी उसे पूछताछ के लिए उसके घर भी ले गए थे। वहां से वापस लाकर उसे चौकी पर बैठाया गया। दोपहर में उसने प्यास लगने की बात कही। पुलिस के मुताबिक, वह पानी पीने के बहाने बाथरूम में गया और वहां रखा फिनाइल पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर पुलिस उसे शाम करीब 6:30 बजे जिला अस्पताल लाई, जहां उसे एमवायएच रैफर किया गया। एमवाय में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

टीआई ने बताया कि मृतक पर पहले से 3 केस दर्ज थे। उसका परिवार से विवाद रहता था और वह उन्हें धमकियां भी देता था। परिजन का सवाल- 7.1 किमी दूर क्यों ले गए? घटना के बाद मृतक के परिजनों और लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि चौकी से जिला अस्पताल की दूरी 7.1 किमी है, जबकि चौकी के पास कई निजी अस्पताल मौजूद थे। पुलिस उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाने के बजाय इतनी दूर क्यों ले गई? समय पर इलाज मिलता तो शायद जान बच सकती थी। पूरे मामले की न्यायिक जांच के लिए पत्र लिख दिया गया है। फिलहाल भागीरथपुरा चौकी प्रभारी एसआई संजय धुर्वे और सिपाही योगेंद्र कौरव को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच में यदि अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका सामने आती है, तो उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इंदौर में कारोबारी बोला-पुलिस घर में चोरों की तरह घुसी

# कैमरे बंद किए...मास्टर चाबी से लॉक खोला, 22 तोला सोना गायब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूडिया में एसआई सहित 5 पुलिसकर्मियों को डीसीपी ने सस्पेंड किया है। झगड़े की वजह रिटायर्ड एसीपी के प्रॉपर्टी विवाद में वारंट तामील के बाद व्यवसायी को परेशान करना बताई जा रही है। कारोबारी पिछले एक साल से एसीपी मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत कर रहा था। लसूडिया पुलिस पर उसे धमकाने के आरोप हैं, लेकिन अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया।

व्यवसायी ने आरोप लगाया कि वारंट तामील के दौरान पुलिस घर में चोरों की तरह घुसी, कैमरे बंद किए और मास्टर चाबी से



गौरव जैन, व्यवसायी

लॉक खोला। उसके घर से 22 तोला सोना गायब है। लसूडिया थाने के एसआई संजय विश्नोई, रणवीर कुशवाह, प्रणीत भदौरिया, दिनेश गुर्जर और दीपेंद्र मिश्रा पर गौरव जैन ने आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को पुलिसकर्मी उसके घर में घुसे। पहले देर तक टोह लेते रहे, फिर कैमरे बंद किए और मास्टर चाबी से ताला खोलकर अंदर घुसे। घर की तलाशी ली और उसे साथ ले गए। इस दौरान घर से 22 तोला से अधिक सोना गायब होने का आरोप है। गौरव के अनुसार, 1 अप्रैल की रात से 2 अप्रैल तक उसे लसूडिया थाने में रखा गया। इसके बाद निजी कार से ग्वालियर ले जाया गया। 3 अप्रैल की सुबह उसे थाने के बजाय निजी गेस्ट हाउस में रखा गया, जहां रिटायर्ड एसीपी के लोगों ने मारपीट की। बाद में कोर्ट से जमानत मिलने पर वह इंदौर लौट आया।

### 27 हजार रुपए लेने का भी आरोप

गौरव ने बताया कि राकेश शर्मा नाम के पुलिसकर्मी ने उससे 27 हजार रुपए लिए। इसमें 10 हजार रुपए लसूडिया थाने के सामने होटल में क्यूआर कोड से और 17 हजार रुपए बेटे तुषार के खाते में डलवाए गए।

रिकॉर्डिंग के साथ शिकायत दी, फिर हुई कार्रवाई

गौरव ने 16 अप्रैल को सीपी संतोष सिंह और डीसीपी कुमार प्रतीक को रिकॉर्डिंग के साथ शिकायत दी। टीआई तारेश सोनी पर भरोसा न होने पर जांच एसीपी पराग सैनी को सौंपी गई। जांच में साक्ष्य मिलने के बाद पांचों पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई। व्यवसायी का कहना है कि केवल सस्पेंशन कर पुलिसकर्मियों को बचाया जा रहा है। एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो वह डीजीपी और मुख्यमंत्री तक शिकायत करेंगे।

# इंदौर में अगरबत्ती फैक्ट्री में लगी आग

**75 हजार लीटर पानी से बुझी आग, कच्चा माल और मशीनें जली**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के हम्माल कॉलोनी इलाके में सोमवार सुबह एक अगरबत्ती कारखाने और गोदाम में भीषण आग लग गई। सुबह करीब 5 बजे लगी आग तेजी से फैलकर टीन शेड तक पहुंच गई। दमकल की टीम ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

फायर ब्रिगेड को सुबह करीब 5 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके



बाद तीन दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और ऊंची लपटें व घना धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। घने धुएं के कारण आसपास के रहवासी क्षेत्रों में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। दमकल टीम ने करीब 75 हजार लीटर पानी का उपयोग कर आग पर काबू पाया। शुरूआती जानकारी के अनुसार कारखाने में रखा कच्चा माल, तैयार अगरबत्ती, मशीनें, केमिकल और फ्यूम पूरी तरह जल गए।

## इंदौर में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के आजाद नगर थाना क्षेत्र की 19 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। युवती ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने दोस्ती कर शादी का झांसा दिया और करीब तीन महीने तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान वह उसे उज्जैन और खाटू श्याम जी मंदिर भी लेकर गया, जहां होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया।

आजाद नगर पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर बाला प्रसाद पुत्र कैलाश प्रसाद निवासी इंदिरा एकता नगर मूसाखेड़ी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी मूल रूप से गुना का रहने वाला है और इंदौर में युवती के घर के पास किराए से रहता था, जिससे दोनों के बीच पहचान हुई। युवती ने बताया कि कुछ समय पहले दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और उन्होंने एक-दूसरे के मोबाइल नंबर ले लिए। 12 जनवरी की अलसुबह आरोपी ने उसे कॉल कर घर मिलने पहुंचा, जहां उसने शादी का वादा कर उसके साथ संबंध बनाए। इसके बाद भी वह लगातार शादी का आश्वासन देता रहा, लेकिन बात टालता रहा।

# रेडीमेड कॉम्प्लेक्स के पास हादसा, महिला की मौत

**पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू की**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के रेडीमेड कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में रविवार रात एक दंपति सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया। अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हीरानगर पुलिस के अनुसार, मृतका रेखा जैन (45) और उनके पति राजेश जैन निवासी सुखलिया एक्टिवा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर बेहोश हो गए। राहगीरों ने राजेश जैन को संभाला और दोनों को अस्पताल पहुंचाया।

घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले



जाया गया, जहां से उन्हें एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। वहां डॉक्टरों ने रेखा जैन को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, दंपति बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे थे। परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। उनके परिचित के यहां 27 अप्रैल को शादी थी, जिसके लिए वे कपड़े लेने गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### इंदौर में युवक ने फांसी लगाई, मौत, पत्नी के संबंधों को लेकर हो रहा था विवाद

इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में युवक ने रविवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब उसकी बेटी ने उसे फंदे पर लटका देखा। लसूडिया पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कृष्णा भालेराव (36) पुत्र बलिराम भालेराव, निवासी बापू गांधी नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, मृतक की पत्नी रीना की दोस्ती खरगोन के खामखेड़ा निवासी रविंद्र मानकर से थी। इस बात को लेकर दंपति के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।

## पीथमपुर में धरने पर बैठे दवा कंपनी के मजदूर

**इंदौर।** औद्योगिक नगर पीथमपुर के सेक्टर एक स्थित दवा निमार्ता कंपनी 'सिन्काम फामूर्लेशन' के सैकड़ों मजदूर अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। श्रमिकों ने प्रबंधन पर न्यूनतम मजदूरी न देने, भविष्य निधि जमा न करने और महिला श्रमिकों के शोषण का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com